फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 111 प्रभात जयपुर, मंगलवार 22 नवम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Hokum! Nakhi Koni** — So I rolled rotis with the heavy fill of sugar and ghee to douse my tongue and stomach fire and left the table.

**Highly Processed Food Are Addictive**

**Genetically Engineered Houseplant** — The future of air filtration is going green – literally.



*टैक्सस की तेज गर्मी वाइट टेल्ड डियर में ऐंटलर्स (सींग) के विकास को प्रभावित कर रही है। इस राज्य में सूखे के हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। वर्तमान में राज्य का 43 प्रतिशत भाग सूखा ग्रस्त है और 17 प्रतिशत भाग में तो बहुत ज्यादा हालत खराब है। पेड़ पौधे प्रभावित हो रहे हैं और समुचित रुप से विकसित नहीं हो रहे, जिसका सीधा असर शाकाहारी जानवरों पर पड़ रहा है, उन्हें पोषण नहीं मिल रहा। इन परिस्थितियों में वाइट टेल्ड डियर का विकास और प्रजनन दर प्रभावित हो रही है। ये हिरण डेज़ी का फूल, क्लोवर्स और अन्य हर्बेशियस, ब्लूमिंग प्लांट्स खाते हैं। इनसे नर डियर को ऐंटलर्स उगाने में मदद मिलती है। नर डियर की डाइट का 70 प्रतिशत भाग ये जड़ी बूटियां हैं, पर बसंत और गर्मी में सूखे की वजह से डियर को यह भोजन पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है, इसलिए ऐंटलर्स का विकास प्रभावित हो रहा है। ऐंटलर्स नर हिरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। दूसरे नर के साथ लड़ाई में, प्रजनन के लिए मादा को रिझाने में ऐंटलर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और ऐंटलर्स के अधिकतम विकास के लिए इन्हें पर्याप्त पोषण और भारी मात्रा में पानी की जरुरत होती है। हर वर्ष बसंत के अंत में नर के वार्षिक ऐंटलर्स उगना शुरु होते हैं। इस समय इनमें पानी का तत्व अधिक होता तथा शुष्क पदार्थ कम होता है। अगस्त के अंत में ऐंटलर्स ठोस होना शुरु होते हैं और जब ये पूर्ण विकसित हो जाते हैं तो इनमें रक्त आपूर्ति रुक जाती है। बसंत के आरंभ में ऐंटलर्स गिर जाते हैं और नए ऐंटलर्स आने लगते हैं। मिसिसिपी स्टेट युनिवर्सिटी के प्रोफेसर ब्रॉनसन स्ट्रिकलैंड ने कहा, ''हमने देखा है कि हिरण के ऐंटलर्स के साइज़ में हर वर्ष उतार-चढ़ाव होता है, जिसका संबंध सूखे व गर्मी से होता है।'' गर्भावस्था के समय मादा जिन पर्यावरणीय कारकों का सामना करती है उसका प्रभाव एक या दो वर्ष बाद उसके शावक के ऐंटलर्स के विकास पर पड़ता है। टैक्सस में हिरणों की आबादी 54 लाख है पर सूखे और जन्म दर में कमी की वजह से आबादी घटने की संभावना जताई जा रही है।*

# 'मेरा फोकस अभी गुजरात पर है, गुजरात के बाद राजस्थान के बारे में निर्णय लूंगा'

## खड़गे के इस कथन से यह स्थापित हुआ कि, गुजरात के चुनाव के बाद राजस्थान में व्याप्त अनिश्चितता का माहौल समाप्त होगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। राजस्थान के मुख्यमंत्री पद से अशोक गहलोत को हटाने में विलम्ब को लेकर कांग्रेसजनों तथा महिलाओं में हैरानी एवं अधीरता बढ़ती जा रही है। इसके अलावा राजस्थान कांग्रेस में अनिश्चितता एवं अस्थिरता के माहौल के समाधान में देरी को लेकर भी पार्टीजन बहुत व्यग्र हैं।

जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछा गया कि राजस्थान-समस्या का समाधान जल्दी से जल्दी कब हो जायेगा, तो उनका उत्तर था : "गुजरात के चुनावों की समाप्ति तक मेरा पूरा ध्यान केवल गुजरात पर है। मैं गुजरात-चुनाव के बाद ही, राजस्थान पर निर्णय लूँगा।

मीडिया तथा राजनैतिक हल्कों में उनके इस जवाब का अर्थ यह लिया जा रहा है कि राजस्थान के मामले में निर्णय गुजरात चुनाव के बाद लिया जायेगा क्योंकि गहलोत गुजरात चुनाव के मुख्य पर्यवेक्षक तथा, जैसा कि माना जा रहा है, गुजरात चुनाव के लिये फंडिंग की

- **राजनीति की दृष्टि से यह उचित भी लगता है, क्योंकि, गहलोत को गुजरात चुनाव का मुख्य फायनैंसर माना जाता है। हालांकि, यह अलग बात है कि, काफी समय से गहलोत ने गुजरात के चुनाव अभियान के लिये कुछ पैसा नहीं भेजा है।**
- **बहरहाल, गहलोत अभी भी काफी प्रयासरत हैं कि, उनके भविष्य के बारे में निर्णय अभी टल जाये। पर, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, जिसके दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में राजस्थान पहुंचने की संभावना है, इसलिए बेहतर होगा कि उससे पहले ही राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के समक्ष प्रस्तुत, नेतृत्व की समस्या का हल हो जाये, अन्यथा आशंका है कि राहुल गांधी स्वयं गहलोत विरोधी व समर्थकों के बीच चल रहे राजनीतिक द्वंद के ''क्रास फायर'' में न फंस जायें।**
- **वयोवृद्ध नेता हेमाराम चौधरी के बाद दो युवा विधायक दिव्या मदेरणा व इंदिरा मीणा भी खुल्लम-खुल्ला मांग कर रहीं हैं कि, पायलट को मु.मंत्री बना दिया जाये, क्योंकि राजस्थान में कांग्रेस के विधायकों को जिता के लाने में उन्होंने भारी मेहनत की थी।**

व्यवस्था करने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं।

लेकिन उन्होंने कितने पैसों की व्यवस्था की है, इस बारे में केवल अटकलें ही लगाई जा सकती हैं क्योंकि कुछ समय से तो उन्होंने इस चुनावाधीन राज्य में पैसा भेजा ही नहीं है।

गहलोत, हताशा की स्थिति के चलते, अपने मुख्यमंत्री पद के बारे में किसी भी निर्णय में देरी होने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा दिसम्बर के शुरू में राजस्थान पहुँचने पर, ऐसी आशंका है कि राहुल गांधी कहीं राज्य सरकार के गहलोत-समर्थकों तथा गहलोत-विरोधियों के बीच की टकराहट में न उलझ जाए।

गहलोत सरकार में शामिल पायलट-समर्थक हेमाराम चौधरी ने खुली माँग की है कि पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिये क्योंकि उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिये कड़ी मेहनत की थी।

दिव्या मदेरणा तथा इंदिरा मीणा ने आज खड़गे से भेंट की तथा उनसे राजस्थान के संकट का समाधान करने के लिये कहा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रूस अब ''एनर्जी टैररिज़्म'' पर उतरा यूक्रेन के खिलाफ

## यूक्रेन के बिजली घरों, ट्रांसमिशन लाइन्स व अब अन्य बिजली वितरण चेन्स को टारगैट कर रहा है रूस, अपनी मिसाइलों से

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। यूक्रेन के विरूद्ध सैन्य रूप से पिछड़ने के बाद रूस यूक्रेन की जनता को सर्दियों में परेशान करने की योजना बना रहा है ताकि यूक्रेन की सेना का प्रतिरोध न कर सके और उसके आगे घुटने टेक दे।

यूक्रेन का एनर्जी एण्ड हीटींग इन्फ्रास्ट्रक्चर रूस का निशाना बना हुआ है और उस पर बार-बार हमले किए गए हैं। इसके कारण यूक्रेन के बड़े शहरों में नियमित और लम्बे समय तक बिजली कटौती होती रही है।

नैशनल पब्लिक रेडियों की एक रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेन्यस शमहाल ने यूरोपीय कमीशन के साथ शुक्रवार को हुई एक मीटिंग में कहा कि पिछले हफ्ते रूस की मिसाइलों के हुए व्यापक हमलों के बाद देश का करीब आधा एनर्जी सिस्टम ठप्प हो गया

- **इन ''मिसाइल एटैक्स'' के कारण यूक्रेन की विद्युत व्यवस्था के 40 प्रतिशत स्रोत नष्ट हो चुके हैं। नब्बे प्रतिशत विण्ड एनर्जी उत्पादन संयंत्र, 40 प्रतिशत से ज्यादा सोलर एनर्जी के संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गये हैं।**
- **प्रारंभ से यूक्रेन ने अपने बड़े-बड़े थर्मल प्लान्ट्स को बचाने की रणनीति अपनायी थी। पर छोटे-छोटे बिजली घरों व ट्रांसफॉर्मरों, जो भारी संख्या में हैं, के लिये एन्टी मिसाइल सिस्टम उपलब्ध कराना संभव नहीं, अब रूस इन संयंत्रों को टारगेट कर रहा है।**
- **सर्दी बढ़ने से गर्म रहने के लिए यूक्रेन वासी पुराने लकड़ी के स्टोव, मोटे गर्म कपड़ों व गैस से चलने वाले हीटरों पर निर्भर हो गये हैं।**
- **गैस हीटर व लकड़ी को जलाने वाले स्टोवों की कीमत आसमान छूने लगी है।**
- **एक जटिल समस्या यह भी है कि, सहायता के रूप में प्राप्त गर्म कपड़ों व कम्बलों को दूर-दराज इलाकों में कैसे पहुंचाया जाये।**
- **युद्ध में मिल रही पराजय से काफी तिलमिला गया है रूस और इस अमानवीय ''एनर्जी टैररिज़्म'' पर उतर आया है।**

है। उन्होंने आगे कहा कि रूस युद्ध क्षेत्र में हुए नुकसान की भरपाई महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाओं पर मिसाइल हमलों से कर रहा है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने हाल ही हुए हमलों से पूर्व कहा था कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '80 लाख रू. में पार्षद का टिकट'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वे दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए आप पार्टी के पार्षद के टिकट 80 लाख रू. में बेच रहे हैं। उन्होंने प्रैस कान्फ्रेस में आप पार्टी की सदस्य बिंदु श्रीराम को पेश किया जिसने स्टिंग ऑपरेशन संइस कांड का

- **दिल्ली में एक स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर भाजपा ने दावा किया कि, आप पार्टी 80 लाख रू. में पार्षद का टिकट बेच रही है।**

पर्दाफाश किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सम्बित यात्रा और दिल्ली भाजपा के विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने दावा किया कि स्टिंग ऑपरेशन के दिखाया गया है कि किस प्रकार बिंदु श्रीराम से दिल्ली नगर की 52 नम्बर रोहिणी सीट से टिकट देने के लिए 80 लाख रू मांगे गए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उत्तर भारत को और अधिक महत्व देना चाहते हैं खड़गे

## इस समय उनके अलावा, मन्निकम टैगोर, ए.के. एन्टनी, चिदंबरम, के.सी. वेणुगोपाल, जयराम रमेश व श्रीनिवास बी.वी. जैसे, दक्षिण भारत के नेताओं की भारी संख्या है, ए.आई.सी.सी. के पदाधिकारियों में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। नव निर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कोशिश है कि सन्तुलन की स्थिति बनाये रखने के लिये, पार्टी में हिन्दी भाषी क्षेत्र के नेताओं को बराबर का महत्व दिया जाये क्योंकि इस समय पार्टी में शीर्ष नेताओं के रूप में, दक्षिणी राज्यों के नेताओं की बहुतायत है।

- **खड़गे उत्तर भारत के नेताओं, जैसे तारिक अनवर, हरीश रावत, अजय माकन, सुरजेवाला, दीपेन्द्र हूडा, को और भारी जिम्मेवारी देकर, उत्तर भारत के पक्ष में संतुलन ठीक करना चाहते हैं।**
- **फरवरी में भारत जोड़ो यात्रा के बाद, कांग्रेस अधिवेशन आहूत कर खड़गे, वर्किंग कमेटी के चुनाव भी पूरा करना चाहते हैं।**

खड़गे स्वयं तो दक्षिण से हैं ही, उनके अलावा पार्टी में उच्च पदों पर आसीन अन्य नेता भी ज्यादातर दक्षिण से ही हैं। ऐसे प्रमुख नेता हैं-मणिक्कम टेगोर (स्टीअरिंग कमेटी के सदस्य तथा राहुल गांधी नजदीकी तथा विश्वसनीय नेता), पूर्व रक्षामंत्री ए.के.एन्टनी (अध्यक्ष, अनुशासन कमेटी), पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी.चिदम्बरम, जो खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बन जाने के बाद, राज्यसभा में विपक्ष के नेता बनने वाले हैं, ए.आई. सी.सी. महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल, ए.आई. सी. सी. महासचिव तथा प्रचार-प्रसार प्रभारी जयराम रमेश तथा इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी.।

हिन्दी बैल्ट से आने वाले एक ए.आई.सी.सी. महासचिव ने कहा कि खड़गे एक ऐसा फॉर्मूला ला रहे हैं। जिसके तहत पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर हिन्दी-बैल्ट के नेता लाये जाये। ऐसे नेताओं में शामिल हैं-तारिक अनवर, हरीश रावत, अजय माकन, रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा दीपेन्द्र हूडा। उन्होंने कहा कि खड़गे का जोर नये चेहरों, नये विचारों, नवीनतम तकनीक तथा नये तौर-तरीकों पर रहेगा।

खड़गे इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि फरवरी में, भारत जोड़ो यात्रा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'महिला सम्मन क्यों नहीं ले सकती?'

-जाल खंबाता -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार को नोटिस दिया जिसमें कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर के भाग 64 को चुनौती दी गई है और महिलाओं के प्रति पक्षपाती

- **सुप्रीम कोर्ट ने अपराध संहिता के सैक्शन 64 को महिला के साथ पक्षपाती करार देने वाली याचिका पर केन्द्र सरकार से जवाब मांगा।**

बताया गया है क्योंकि इसमें उन्हें परिवार के सदस्य की तरफ से सम्मन स्वीकार करने की अनुमति नहीं दी गई है।

चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली की बैंच ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या तमिल ''कल्चर'' चाबी है भाजपा का दक्षिण भारत में प्रवेश का दरवाजा खोलने के लिये?

## ''हिन्दी विरोधी'' भावना, जो दक्षिण भारत की पार्टियां समय-समय पर उठाती हैं, राजनीतिक लाभ लेने के लिये, के जवाब में प्र.मंत्री मोदी ने महीने भर चलने वाले काशी-तमिल संगम प्रोग्राम का उद्घाटन किया बनारस में

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। दक्षिण भारत की 130 लोकसभा सीटों का लक्ष्य साधने वाली भाजपा की "दक्षिण योजना" इस क्षेत्र में हिन्दी-विरोधी भावनाओं को नरम किये जाने पर निर्भर है। हिन्दी-विरोधी भावनाएं विशेष रूप से तमिलनाडु में ज्यादा प्रबल हैं जिसके फलस्वरूप पार्टी के प्रति लोगों का व्यवहार बड़ा रुखा रहता है क्योंकि वे भाजपा को "हिन्दी-पार्टी" कहकर खारिज कर देते हैं।

यह विचार उस समय खुलकर सामने आ गया, जब प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़े पखवाड़े में दक्षिण भारत के अपने दौरे में, तमिलनाडु में अंग्रेजी में

- **''तमिल कल्चर'' को इतना भारी महत्व देने की नीति से तमिलनाडू की क्षेत्रीय पार्टियां काफी विचलित हैं।**
- **इस प्रोग्राम के तहत, आई.आई.टी. मद्रास व बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में तमिलनाडू के 2500 स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थियों को काशी लाया गया है। भगवान शिव की स्तुति व रूद्रम् के श्लोकों पर आधारित गायन को तमिलनाडू में सभी चैनलों पर दिखाया गया है।**
- **जैसा कि विदित ही है, भाजपा हर राज्य व क्षेत्र के लिये अलग रणनीति अख्तियार कर रही हैः यू.पी. में बुलडोज़र राजनीति, महाराष्ट्र, दिल्ली व बंगाल में ई.डी. पर आधारित राजनीति। झारखण्ड व तेलंगाना में वहां के मु.मंत्री को व्यक्तिगत रूप से टारगेट करने की राजनीति, अब तमिलनाडू व दक्षिण भारत की 130 सीटों के लिये कल्चर आधारित राजनीति तैयार की गयी है।**

बोलना जरूरी समझा, जबकि अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों में उनका जोर हिन्दी पर ही रहा। भाजपा नेता जितना ज्यादा हिन्दी बोलते हैं, तमिलनाडु के लोगों को भाजपा को गले लगाने में उतना ही ज्यादा जोर आता है, भले ही उसकी अन्य नीतियाँ कितनी भी अच्छी क्यों न हों।

भाषा प्रायः एक भावनात्मक मुद्दा बन जाती है तथा डी.एम.के. (द्रमुक) के बड़े पैमाने पर तथा ए.आई.ए.डी.एम.के. (अन्ना द्रमुक) भी कुछ हद तक राजनैतिक काम के लिये, राज्य में अक्सर भाषा का राग अलापती रहती हैं, जबकि भाषा का मुद्दा कब का मर चुका है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हिन्दी के विषय में हाल ही में की गई घोषणा के तमिलनाडु तक पहुँचने पर भाजपा को कोई लाभ नहीं हुआ तथा कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों से ऐसी रिपोर्ट मिली हैं कि विपक्ष इसका जबरन आरोपण कर रहा है। यही कारण है कि हिन्दी विरोधी मुहिम का हल्का होना भाजपा की "दक्षिण-योजना" का आधार बन गया है तथा इसी के एक हिस्से के रूप में, भाजपा ने वाराणसी में एक महीने का "काशी-तमिल संगमम" समारोह आयोजित किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में इस समारोह का उद्घाटन किया ताकि तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत के उपयोग के जरिये, भाजपा को तमिलनाडु में प्रवेश करने में मदद मिल सके तथा तमिल भाषा एवं संस्कृति की झंडाबरदार द्रविड पार्टियों के लिये मुश्किल पैदा की जा सके। अगर भाजपा तमिलनाडु के लोगों के मन में किसी तरह यह बात बैठाने में सफल हो गई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेप व हत्या के आरोपियों की रिहाई को चुनौती देगी दिल्ली सरकार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के. सक्सेना दिल्ली

- **वर्ष 2012 के छावला गैंगरेप व हत्याकाण्ड के तीन आरोपियों को सैशन कोर्ट व दिल्ली हाई कोर्ट ने मौत की सजा दी थी, पर सुप्रीम कोर्ट ने तीनों को बरी कर दिया। अब दिल्ली सरकार इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दायर करेगी।**

सरकार को स्वीकृति दे दी है कि वह 2012 के छावला गैंगरेप-मर्डर केस में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जिसने निश्चय कर लिया, उसके लिए बस करना बाकी रह जाता है। –इटैलियन कहावत**

# बढ़ते अपराध और बेरोज़गारी

गत कुछ समय से शायद ही कोई दिन ऐसा निकलता होगा, जब समाचार पत्र राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं अन्य शहरों में विभिन्न प्रकार के अपराधों के समाचारों से रंगे नहीं रहते हों। इन अपराधों में हत्या, आत्महत्या, डकैती, धोखाधडी, बैंक से धोखा करके पैसा निकालना आदि आदि प्रमुख हैं। ऐसेअनेक प्रकार के अपराध हैं जो शहर में प्रतिदिन हो रहे हैं। पहले तो इस प्रकार के अपराधों से लोग चिंतित होते थे और ऐसी एक भी घटना चर्चा में रहती थी। लेकिन अब तो इसे एक प्रकार से लोगों ने अपनी नियति ही मान लिया है।

मेरे घनिष्ठ मित्र की पत्नी, बापूनगर जैसे पॉश इलाके में शाम के समय घूमने के लिए गई थी। लगभग 6:00 बजे के आसपास दो मोटरसाइकिल सवार तेजी से पीछे से आकर उनके कंधे पर लटका पर्स जोर से खींचकर निकाल कर ले गए और इस छीना-झपटी में वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह चोटिल हो गई। पर्स में मोबाइल और कुछ पैसे थे। इस घटना के बाद जब प्रत्यक्षदर्शियों में से एक ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराना चाहा उसे यह कह दिया गया कि जिस व्यक्ति के चोट लगी है वह आकर रिपोर्ट दर्ज करे। कितनी विचित्र बात है कि जो महिला गंभीर रूप से घायल होकर गिर गई थी, उससे कहा जा रहा था कि वह थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाए।

जिस तेजी से इस प्रकार के अपराध बढ़ रहे हैं, यह केवल कानून व्यवस्था का प्रश्न नहीं है अपितु इसके मूल में युवाओं की भयंकर बेरोजगारी, विशेषकर शिक्षित युवाओं की है। हाल में 'कौन बनेगा करोड़पति' में एक प्रतिभागी भीलवाड़ा का था जिसने परिवार की स्थिति खराब होने के बावजूद एम.ए. किया था किंतु बहुत प्रयास करने पर भी कोई नौकरी नहीं मिलने के कारण मंडी में अनाज की बोरियां ढोने का काम करने के लिए बाध्य था। प्रतिदिन 300 बोरियां उठाकर वह जैसे-तैसे 300 रुपये रोज़ के कमा लेता है। अनेक बार पढ़ने में आता है कि M.A , B Ed करने के बाद युवाओं को 5-6000 रुपये की नौकरी भी मुश्किल से मिलती है। एक चपरासी के पद के लिए हजारों लोग आवेदन करते हैं। राजस्थान में शिक्षक भर्ती तो मज़ाक बन कर रह गई है। सालों के बाद परिक्षा होती भी है, तो पेपर लीक होने के कारण परीक्षा निरस्त कर दी जाती है। जो पढे-लिखे बेरोजगार कर्जा लेकर महीनों तक कोचिंग लेकर तैयारी करने के बाद, बड़ी आशा के साथ परीक्षा देते हैं, परीक्षा रद्द होने पर उनकी मानसिक स्थिति क्या होती है, इसकी केवल कल्पना ही की जा सकती है। इनमें से कई मानसिक अवसाद में आत्महत्या कर लेते हैं।

बढ़ते अपराधों की मूल में भी यही बेरोजगारी है। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति न होना, नौकरी न मिलना या कोई काम-धंधा भी ना होना, युवाओं को एक प्रकार से मजबूर कर रहा है कि वह अपराध की घटना में लिप्त हों। इनमें से कभी कोई पकडे भी जाएंगे और उन्हें जेल में भेज दिया जाएगा, लेकिन इससे समस्या का हल नहीं होगा। समस्या का हल तब होगा जब देश के युवाओं को गरिमा पूर्ण जीवन जीने लायक आय अर्जन करने का अवसर मिलेगा। सरकार की कई नीतियों के परिणाम स्वरूप, कुछ समय पहले तक छोटे-मोटे काम धंधा करके, लघु एवं मध्यम वर्ग के व्यवसाई अपना घर चला लेते थे। साथ ही कुछ लोगों को काम पर भी रख लेते थे। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जाल फैलने के बाद इनके लिए स्थिति और विकट हो गई है।

जीएसटी का छोटे दुकानदारों, छोटे काम करने वालों पर बहुत बुरा प्रभाव हुआ है। हाल ही, एक 40 वर्षीय युवा व्यवसाई ने आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण आत्महत्या कर ली, क्योंकि बैंक लगातार कर्जा वसूल करने के लिए दबाव डाल रहे थे जिसके कारण परेशान हो कर उसने स्वयं की जीवन लीला ही समाप्त कर ली।

परिवार के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से आत्महत्या की घटनाएं भी कई हुई हैं। हाल ही में एक दंपत्ति ने अपनी पुत्रियों के साथ आत्महत्या कर ली। इन सब का एक मात्र कारण यह था कि परिवार का मुखिया इतना भी पैसा नहीं कमा पा रहा है कि वह अपने छोटे परिवार का लालन पोषण कर सके।

विडम्बना यह है कि एक ओर जहां आय अत्यंत कम हो गई है, रोजगार के अवसर समाप्त से हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर महंगाई नित्य प्रति दिन बढ़ रही है। इसके फलस्वरूप आम नागरिक पर दोहरी मार पड़ रही है, विशेषकर उन युवाओं पर जो पढ़-लिख तो गए किंतु नौकरी की तलाश में दिन-रात जूते घिसने के पश्चात भी सफल नहीं हो पा रहे हैं। सरकारी नौकरियों की तो हालत यह है कि एक-एक पद के लिए हजारों लोग प्रार्थना पत्र देते हैं। कुछ कोचिंग माफिया भी इनसे मोटी रकम वसूल करते हैं। इस सबके बाद भी वर्षों तक कोई भर्ती पूरी नहीं हो पाती या कभी कोई होती भी है, तो न्यायालय में जाकर अटक जाती है। कल्पना कीजिए उस बेरोजगार युवा की जो तीन-चार वर्ष तक किसी सरकारी भर्ती के लिए कोचिंग भी करता है, समय भी लगाता है और उसके बाद भर्ती नहीं हो पाती। वैसे भी कुल मिलाकर 1 प्रतिशत लोग भी इनमे सफल नहीं होते। आज का युवा ऐसे दुष्चक्र में फंस गया है कि उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वह किस दिशा में जाए और क्या करे?

> **समाज के प्रबुद्ध वर्ग को चिंतन करने की आवश्यकता है कि हम किस प्रकार के समाज की ओर बढ़ रहे हैं एवं किस प्रकार हम युवाओं की समस्याओं से बेखबर होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल चाहे वह सत्ता में हो, चाहे विपक्ष में, उन्हें युवाओं के सपनों के साथ एवं उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना बंद करना होगा, अन्यथा इसकी कीमत इतनी अधिक होगी कि उसे चुका पाना संभव नहीं होगा।**

युवा भारत का गुणगान प्रधानमंत्री जी प्रत्येक मंच पर बड़े गर्व के साथ करते हैं। उनकी स्थिति पर कभी धरातल पर उतर कर सोचने का प्रयास करें तो शायद उनकी स्थिति बेहतर हो सकती है। साइबर फ्रॉड के मामले भी इसी का परिणाम है। एक और जहां युवाओं के लिए काम के कोई साधन नहीं है, वहीं दूसरी ओर मोबाइल के माध्यम से वह ऐसे धनाढ्य लोगों की जीवन शैली को भी देखते हैं, जो अकूत संपत्ति के कारण, अपने शौक पूरा करने के लिए पैसा पानी की तरह पैसा बहाते हैं। युवाओं की बेरोजगारी उस समय बड़ा विकराल रूप ले लेती है जब युवा उच्च और तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी इस लायक नहीं बन पाते कि वह अपना स्वयं का एवं परिवार का गुजारा चला सके। फिर, यदि वह अपराध की राह पर चला जाता है, तो दोष उस व्यक्ति का नहीं, बल्कि व्यवस्था का एवं सरकार का है, जो उसके लिए उचित रोजगार की व्यवस्था नहीं कर पाती है। कहने को प्रधानमंत्री जी एवं अन्य नेतागण यह कहते हैं कि सरकारी नौकरी सबको नहीं दी जा सकती एवं उन्हें स्वरोजगार करना चाहिए। यह सही है, किन्तु क्या कभी किसी ने इस बात को देखा कि स्वरोजगार से कितनी आमदनी कौन कर सकता है? क्या बैंक से पैसा लेकर व्यवसाय करना आसान है?अच्छा होगा यदि बड़े-बड़े नेता गण या प्रधानमंत्री, धरातल की वास्तविकता से रूबरू हों और देखें कि किसी भी साधारण व्यक्ति को, किसी बैंक से लोन लेने में अथवा किसी प्रकार का काम प्रारंभ करने में कितनी परेशानी होती है?

गत दो-तीन वर्षों में कोविड के कारण स्थिति और भी विकट हो गई है। बेरोजगारी अपने चरम सीमा पर है किन्तु दुर्भाग्यवश सरकार इसे स्वीकारने तक को तैयार नहीं है। सरकार द्वारा 28 माह तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांटना ही इस बात का प्रमाण है कि भारत की 60 प्रतिशत जनसंख्या के पास खाना, खाने लायक भी आय नहीं है। धर्म की अफीम देकर हम कितने समय तक युवाओं को भ्रमित कर सकते हैं? ऐसा करके सत्ताधारी दल अपनी सत्ता कुछ समय के लिए अवश्य सुनिश्चित कर लें, किंतु समाज में बढ़ते अपराधों पर लगाम नहीं लगा पाएंगे।

बैंक फ्रॉड की घटनाएं भी बहुत बढ़ी हैं। इनके पीछे भी वही कारण हैं, उपयुक्त रोजगार की अनुपलब्धता, बढ़ती महँगाई और तेजी से अमीर बनने की उत्कंठा। पहले जब डिजिटलीकरण नहीं था, कोई फर्जी दस्तखत करता या अंगूठा लगाता था तो उसकी जांच संभव थी। अब ऑनलाइन और डिजिटाइजेशन के युग में, उसको न हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है ना उसको अंगूठा लगाने की। केवल ओ टी पी (पासवर्ड) से उसके खाते से पैसा एक सेकंड में निकाला जा सकता है। ऐसी स्थिति में कई लोग अगर अपनी तकनीक का प्रयोग करके धोखाधड़ी कर लें तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार तो अच्छे खासे शिक्षित लोग भी हो रहे हैं, जिनमें कुछ आई ए ए स तक शामिल हैं। इस प्रकार की जानकारी प्रिंट, सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्राप्त होती रहती है।

सरकार ने नई शिक्षा नीति घोषित की और इसे आदर्श नीति के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। ऐसे समय में जब अधिकांश सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों में आधे से अधिक पद रिक्त हैं, किस प्रकार की शिक्षा और कैसी शिक्षा संभव है? सरकार ने हाल ही में नियमित भर्ती के अभाव में संविदा पर 94000 शिक्षकों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में रखने का की योजना बनाई थी। भर्ती की सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद एन वक़्त पर उसे स्थगित कर दिया गया। इससे कितने बेरोजगार युवाओं के सपने टूट कर चूर-चूर हो गए, इसकी कोई तकलीफ किसी भी जनप्रतिनिधि को नहीं हुई। कभी-कभी लगता है कि शासन में बैठे हुए लोग, युवाओं को केवल सत्ता में आने के लिए हथियार बनाकर, उन्हें मूर्ख बनाने का काम कर रहे हैं, अथवा अपने हित के लिए उन्हें अपराध जगत में धकेल रहे हैं। यह स्थिति कभी भी विस्फोटक रूप ले सकती है।

यदि बेरोजगारी की गंभीरता पर ध्यान नहीं दिया गया एवं युवाओं के लिए उचित रोजगार की व्यवस्था नहीं की गई तो नक्सलवाद और आतंकवाद में भर्ती करना सरल हो जाता है। आतंकवाद और नक्सल वाद की समस्या होती है तो हम सारा दोष पढ़े-लिखे युवाओं पर मढ देते हैं। कभी यह सोचने का प्रयास नहीं करते कि कोई भी व्यक्ति इस ओर आकृष्ट तब होता है जब वह ईमानदारी से अपने जीवन यापन करने में भी समर्थ न हो। जब कोई व्यक्ति सदैव शोषण का ही शिकार होता रहे,चाहे वह आर्थिक, भौतिक या शारीरिक हो, तो फिर उससे अधिक समय तक इसे सहन करने की अपेक्षा करना शायद सही नहीं होगा। किसी भी रूप से आतंकवाद या नक्सलवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता, किंतु शासन, युवाओं की समस्याओं को बिल्कुल नजरअंदाज नहीं कर सकता। उसे यह समझना होगा कि भारत के युवा की प्रमुख समस्या उनकी बेरोजगारी है। उनकी ऊर्जा को सही रूप से उपयोग में लाना शासन की जिम्मेदारी है। उसे इस प्रकार की शिक्षा प्रदान करनी होगी कि वह उसके आधार पर एक गरिमा पूर्ण जीवन यापन करने लायक बन सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर समाज में जिस प्रकार की घटनाएं आज हो रही है वह निरंतर बढ़ती ही रहेंगी और भविष्य में समृद्ध परिवार के लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाएगा।

समाज के प्रबुद्ध वर्ग को चिंतन करने की आवश्यकता है कि हम किस प्रकार के समाज की ओर बढ़ रहे हैं एवं किस प्रकार हम युवाओं की समस्याओं से बेखबर होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल चाहे वह सत्ता में हो, चाहे विपक्ष में, उन्हें युवाओं के सपनों के साथ एवं उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना बंद करना होगा, अन्यथा इसकी कीमत इतनी अधिक होगी कि उसे चुका पाना संभव नहीं होगा। जब अराजकता की ओर अगर देश बढ़ेगा तो उसका अंत कहां होगा इस बारे में कोई कुछ नहीं कह सकता। अगर ऐसी ही स्थिति बनी रही तो देश की एकता और अखंडता पर भी खतरा मंडरा सकता है, क्योंकि किसी भी बेरोजगार पढ़े-लिखे युवा को दिशा भ्रमित करना एवं गलत कार्य की ओर प्रेरित करना किसी के लिए बहुत ही सरल कार्य हो सकता है।

आइए हम सब इस पर विचार करें और बेरोजगारी की समस्या की गंभीरता को सबसे पहले स्वीकार करें, तथा इसे दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। इसके लिए सरकार,समाज, उद्योगपतियों, संस्थाओं एवं सभी को साथ आना होगा। तभी हम समरसता पूर्ण, समतामूलक समाज की स्थापना करने में अपना योगदान दे पाएंगे और देश को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाने में भी सफल हो पाएंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# कृषकों को समता मिलेगी तभी उद्यमी बन सकेंगे!



सुचित्रा आर्य

गांव का मुख्य धंधा खेती है और उसकी आज यह दुर्दशा है कि बड़े मध्यम और छोटे सभी किसान खेती में दिलचस्पी खोते जा रहे हैं सामान्य खेती में कृषि संसाधनों और मजदूरी की दरें बढ़ जाने के कारण मुनाफे की कोई गुंजाइश नहीं रही है। थोड़े बहुत जो अभी अपनी हैसियत बनाए हुए हैं उन्होंने सामान्य खेती छोड़कर फल, साग-सब्जी, दूध इत्यादि के उत्पादन पर अपना ध्यान केंद्रित किया है और जिनके लिए उनके पास पर्याप्त जानकारी और पूंजी है परंतु ऐसे किसानों की संख्या नगण्य है। अधिकांश किसानों के पास है न तो जानकारी है न ही पूंजी है और न ही पूंजी लगाकर प्रतिफल के लिए लंबे अरसे तक प्रतीक्षा करने की क्षमता है। छोटे किसान कृषि मात्र के भरोसे हैं आजीविका चलाने की आशा छोड़ चुके हैं।

बेरोजगारी का एकमात्र तत्कालिक निदान कृषि का आधुनिकरण है, आधुनिकरण से तात्पर्य बड़े पैमाने की खेती से नहीं है जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका या सोवियत यूनियन। यहां आधुनिकरण से तात्पर्य कृषि भूमि से नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक उत्पादन लेने से है, खेत का छोटा आकार कृषि के आधुनिकरण में बाधक नहीं है ! जब तक ऐसी परिस्थितियां नहीं बनाई जाती की खेती एक लाभप्रद धंधा बन सके तब तक खेती के उन्नतिशील होने की कल्पना नहीं की जा सकती है।

राहुल गांधी कृषकों को उद्यिमता से जोड़ने खेतों के नजदीक कृषि प्रसंस्करण इकाइयां और फूड पार्क विकसित करके किसानों की अतिरिक्त आमदनी में इजाफा करने की आवश्यक्ता को जरूरी मानकर चल रहें हैं जो खेती किसानी के प्रति उनकी गम्भीरता को दर्शाता है। इसी परिपेक्ष में उन्हीं के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 लाई गई है लेकिन नीति में कुछ बाध्यताएं हैं जो राहुल गांधी की मूल भावना को अवतरित नहीं होने दे रही है। इसी नीति के तहत 21 जनवरी 2021 को राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डवल्पमेंट बोर्ड का गठन किया गया था जिसका उद्देश्य किसानों की अतिरिक्त आय में इजाफ़ा करने के लिए कृषकों एवं कृषि व्यवसायियों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनकर बेहतर सुझाव संकलित करके सरकार को परामर्श स्वरूप दें ताकि कृषि उद्यिमता को बढावा देकर प्रदेश में कृषि उधोग विकसित किये जा सकें तथा कृषि उत्पादों के निर्यात को बढावा मिल सके।

राहुल गांधी की सोच को पूर्णरूप से यदि लागु करना है तो इस नीति की बुनियादी सरंचना में संशोधन की आवश्यक्ता अनिवार्य रूप से पड़ेगी, क्योंकि नवीन नीति के तहत पूंजीगत लागत पर किसानों को अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान राशी (अधिकतम 1 करोड़) एवं अन्य व्यवसायी/फर्म को 25 प्रतिशत अनुदान राशी सरकार की तरफ से देय है। नीति के तहत बैंक से ऋण लेने की अनिवार्यता रखी गई है, व्यक्ति/किसान जो अपना उद्योग या प्रसंस्करण इकाई शुरू करना चाहता उसे पहले अपने प्रोजेक्ट की पूंजीगत लागत को बैंक से ऋण के रूप स्वीकृत करवाना होगा उसके बाद बैंक जो भी ऋण राशि स्वीकृत करेगा उसका 50 प्रतिशत भुगतान प्रदेश सरकार अनुदान राशि के रूप में सीधा किसान के खाते में स्थानांतरण की बजाय सबंधित बैंक को भुगतान करेगी ! सरकार अनुदान दे रही है यहां तक तो ठीक है लेकिन किसान के लिए सबसे बड़ी मूल परेशानी बैंको से ऋण स्वीकृत कराने की है।

ऋण लेने पूर्व जो किसान/व्यक्ति सुरक्षा गारंटी डिपॉजिट करवाने तथा अन्य बैंकिग शर्त पूर्ण करने में सक्षम नहीं है तो बैंक ऋण स्वीकृत नहीं करेगा उस स्थिति में वह स्वत: ही अनुदान के लिए अपात्र माना जाएगा। नीती और नीयती की विडंबना देखिए यदि कोई व्यक्ति/किसान अपनी नकदी लगाकर या अपने स्तर पर प्रोजेक्ट शुरू करता है तथा सरकार से अनुदान की अपेक्षा रखता है तो भी बैंकिंग ऋण की अनिवार्यता के चलते इस नीति से सरकारी अनुदान से वचिंत ही रहेगा। बैंक ऋण की अनिवार्यता लागु करके बड़ी चतुराई से किसानों को अलग कर दिया गया है जबकि व्यवसायियों, कारोबारीयों को बैंक ऋण देने में प्राथमिकता देगा जिसका सीधा लाभ किसानों की बजाय व्यापारिक व्यक्तियों को होगा।

किसानों के प्रति जकड़न की नीति है तथा व्यवसायियों के प्रति उदारता की नीति, यह दौहरे मापदंड एक साथ नहीं चल सकते। कृषक महज स्लोगन या नारों से उद्यमी नहीं बनेगा बल्कि उसे समतायुक्त माहौल देना होगा, 2019 की कृषि नीति में संशोधन करके किसानों की खुशहाली का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

राजनीतिक शक्ति का स्त्रोत आम आदमी है और जब तक आम आदमी को उदारतावादी नीतियों में अपनी खुशहाली नजर नहीं आएगी तब तक वह उसमें दिलचस्पी नहीं लेगा। यदि किसान को वास्तविक रूप से लाभान्वित करना है तो बैंकिंग ऋण अनिवार्यता को समाप्त करना होगा अन्यथा किसानों को बैंकों से ऋण दिलाने की व्यवस्था सरकार को करनी होगी। अब तक तो यह नीति औद्योगिक और वाणिज्य क्षेत्र से जुड़े लोगो तक ही सीमित है जिनके फलस्वरूप संपन्न वर्ग ही लाभान्वित हो रहा है साधारण किसानों को किसी भी प्रकार की सरकारी रियायतें नहीं मिल पा रही है।

**-सुचित्रा आर्य,**
**उपाध्यक्षः राजस्थान कृषि उद्योग विकास बोर्ड, जयपुर।**

# क्या गैस्ट फैकल्टी अब राज्य के स्कूलों में भी?



प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह

राजस्थान प्रदेश में उच्च शिक्षा के उपरान्त अब गेस्ट फैकल्टी स्कूलों में भी लगाकर विषय पढ़वाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उच्च शिक्षा की रेड़ मारने के उपरांत सरकार को एक अवसर की तलाश थी और वह मिल गया अर्थात स्कूल जहाँ अध्यापकों के अनेक पद रिक्त चल रहे हैं। ऐसे स्कूलों में भी सरकार जब नियुक्तियाँ करने में विफल हो गई, तो अपना मुहं छिपाने के लिए अथवा अन्य कोई उद्देश्य की पूर्ती हेतु गेस्ट फैकल्टी के माध्यम से उन विषयों की पढ़ाई कराने का साफूगा छोड़ दिया जिनमे अध्यापक नहीं हैं और सरकार नयी नियुक्तियां करने में बिफल हो चुकी है।

सबसे मुख्य प्रश्न ये है कि जब पद खाली होते हैं, उनको तत्काल बिना समय गवाए क्यों नहीं भरा जा सकता क्या मजबूरी होती है सरकार की? क्या वर्ष में राजस्थान लोक सेवा आयोग अधिकांश समय बंद अथवा निष्क्रिय हो जाता है? रिक्त पदों को भरने के लिए क्या किसी पंडित अथवा ज्योतिषी से महूर्त निकलवाना पड़ता है? मेरे विचार से पंडितों और ज्योतिषिओं के लिए यह कार्य कुछ मिनिटों का ही होता है।

हाँ, नियुक्ति से पहले जो गुना भाग करने होते हैं या कुछ वांछित समीकरण बनाने पड़ते हैं, तो बात अलग है, उसके बारे में मुझे कुछ नहीं कहना क्योंकि सब जग जाहिर है।

उस क्रिया के समीकरण बिठाने में समय लगता है। इसलिए वांछित सहायकों को मसला सौंपने में कुछ बिलम्ब हो ही जाता है। परन्तु अमुक शिक्षा मंत्री को ऐसी सभी तैयारियां पूर्व में ही क्यों नहीं करके रखनी चाहिए, ताकि चयन प्रक्रिया में अनावश्यक बिलम्ब न हो? इस सन्दर्भ में मैं इस से अधिक और कुछ लिखने के पक्ष में नहीं हूँ।

मैं ऐसा मानता हूँ कि शिक्षा विभाग में बैठे कतिपय शिक्षा विशेषज्ञ गेस्ट फैकल्टी का अर्थ तो अवश्य जानते होंगे। मैं स्वयं भी सेवा निवृति के पश्चात् सरकार की ऐसी शतरंजी योजनाओं को जानकर भ्रमित हो जाता हूँ।

अभी तक विश्वविद्यालयों में कोंट्राक्टुअल अथवा ठेके पर पढ़ाई का सुना था, वो तरीका भी वास्तव में ठेका विधि न होकर कालांश आधारित मज़दूरी पैटर्न था। अभी भी वह पैटर्न सुचारु रूप से चल रहा है। अब उसमे भले ही बुराइयां अथवा अच्छाइयां हों, जब तक पढ़ने वाले छात्रों को अनुकूल है और उनके अभिवावकों को भी अन्धकार में रख उनके छात्रों को निर्विघ्न पढ़ा कर, परीक्षा करा कर और अंत में डिग्री दिलवा दी जाती है। तो फिर भले ही उन छात्रों को किसी कमी के कारण कोई नौकरी न दे तो शिक्षण संसथान का उसमे क्या दोष हो सकता है? सबका भाग्य तो विधाता लिखता है।

विदेशों के संस्थानों में एक अन्य विधि और अपनाई जाती है जिसे विजिटिंग फैकल्टी/प्रोफेसर कहते हैं। वहां यहाँ जैसी कालांश प्रथा और परिवर्तित ठेका प्रथा का शिक्षा में कोई स्थान नहीं है। विजिटिंग फैकल्टी/प्रोफेसर एक निश्चित समयावधि के लिए अन्य संसथान में शिफ्ट कर जाता है जहाँ वह अपनीएक्सपेर्टीस/विशेषग्यता से वहां के टीचर और विद्यार्थिओं को लाभान्वित करता है। भारत में उत्पादित व् विकसित शिक्षा पध्यति एक अनूठी विधि ही सदैव रही है। राजस्थान राज्य की स्कूली शिक्षा की विशालता एवं व्यापकता की तरफ दृष्टिपात करने पर हम पाते हैं कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा मोटे तौर पर तीन भागों में बांटी जा सकती है (1) बेसिक प्राइमरी, (2) सेकेंडरी और (3) सीनियर सेकेंडरी। कक्षाओं के अनुरूप यह वर्गीकरण 1 से 5 कक्षा तक प्राइमरी, 6 से 10 कक्षा तक सेकेंडरी और 11 से कक्षा 12 तक सीनियर सेकेंडरी। पूर्व में सेकेंडरी में एक वर्ग और होता था कक्षा 6 से 8 तक जिसे मिडिल कहते थे। अभी भी अनेक मिडिल स्कूल संचालित अवस्था में मिल जायेंगे।

एक आंकलन के अनुसार राज्य में वर्तमान में 71309 स्कूल संचालित हैं जिनमे 9337490 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और इन स्कूलों में विभिन्न 20 से अधिक विषय पढ़ाने के लिए 427836 कई श्रेणिओं के अध्यापक व् अन्य सहायक कार्यरत हैं अथवा होने चाहिए।

विगत कुछ समय पूर्व लोक सेवा आयोग राजस्थान ने लगभग 6000 नियुक्तिओं के लिए अधिसूचना जारी की थी, जिसमे 1668 इंग्लिश, 106 उर्दू, 1565 साइंस और 1640 सोशल साइंस में नियुक्तियाँ करनी थी। यह पता नहीं चल पाया कि आयोग ये नियुक्तिआं कर पाया अथवा नहीं?

एक अपुष्ट आंकलन के अनुसार राजकीय स्कूलों में शिक्षकों के लगभग 32000 पद रिक्त हैं। जिनमे लगभग 21 विभिन्न विषयों के पद हैं। यह रिक्तियां एक से अधिक बार जारी की गई लेकिन उन पर सरकार कोई नियुक्ति नहीं करवा सकी। और अब प्राथमिकता सरकार की गेस्ट फैकल्टी से काम चलने की प्रतीत हो रही है। जिसके परिणाम तो एक दो वर्ष पश्चात् ही मिल सकेंगे? तब तक नियुक्ति की आशा संजोने वाले अभ्यर्थी प्रतीक्षा ही करें।

तदुपरांत अखवार के माध्यम से कुछ ख़बरें आईं कि अब रिक्त पद गेस्ट फैकल्टी से भरे जायेंगे। माथा चकरा गया गेस्ट फैकल्टी का सुनकर। सरकार में सम्बंधित अफसर संभवत: गेस्ट फैकल्टी का अभिप्राय ही नहीं जानते। अंठोजी का शब्द बोलना ऐसे लोग तथाकतिथ शिक्षा प्रबंधन में अपनी योग्यता को दर्शाते दिखते हैं। अच्छा रहे कि शिक्षा विभाग अपने सम्बंधित अफसर और सहायकों का समुचित ओरिएंटेशन कराएं फिर उनको विभाग में कार्य निष्पादित करने का दायुत्व सौंपे। फिर भी सरकार के लिए गेस्ट फैकल्टी को परिभाषित करना जरूरी है।

गेस्ट फैकल्टी विषयवार लगेगी क्या और उस फैकल्टी को उस विषय के कितने कालांश प्रति सप्ताह पढ़ाने होंगे? अथवा पूरा विषय वर्षभर गेस्ट अध्यापक को पढ़ना होगा? अथवा क्या गेस्ट फैकल्टी अपना विषय दो तीन माह में पढ़ा कर उस विद्यालय से मुक्त हो जावेगी? और क्या गेस्ट फैकल्टी को दिए गए पारिश्रमिक से वह संतोष कर लेगा? अथवा एक गेस्ट अध्यापक से एक से अधिक विषय पढवाये जायेंगे? इस प्रकार के अनेक प्रश्न स्कूली शिक्षा में उपज सकते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण पक्ष तो यह है कि गेस्ट अध्यापक की क्या जवाबदेही होगी? यदि उस विषय का फाइनल परीक्षा परिणाम असंतोषजनक पाया जाये? क्योंकि वह तो पढ़ा कर अपना पारश्रमिक लेकर स्कूल से चला जायेगा। एक और बात जो सोचने की है वह कि क्या सोशल साइंस का व्यक्ति कोई अन्य विषय यथा साइंस, इंग्लिश, गणित आदि पढ़ा सकेगा?

इसी प्रकार साइंस का वयक्ति क्या भूगोल इंग्लिश अथवा हिंदी पढ़ा सकेगा? इसलिए राज्य के शिक्षा विभाग को इन सभी पक्षों पर व्यवस्थित तरीके से विचार कर ही गेस्ट फैकल्टी पद्धति अपनाने का निर्णय करना उचित होगा। स्नातक स्तर की कक्षाओं में गेस्ट फैकल्टी से कोई विशेष विषय ही पढ़वाया जाता है।

ऐसे में एक से अधिक विषय पढ़वाने के लिए क्या वांछित विषयों के गेस्ट टीचर स्कूलों में लगाने होंगे? वक्तव्य देना बहुत सुगम है परन्तु जब उसे यथार्थ में लागू करना पड़े तो पसीने छूट जायेंगे। फिर भी मेरी यह अनुशंसा है कि सरकार स्थाई नियुक्तियां बिना समय गवाए शीघ्रता से कर दे जिससे नियुक्ति के इंतज़ार में बैठे हज़ारों बीएड अभ्यर्थी नियुक्त होकर शिक्षण का कार्य संभाल सकें और उत्तरोत्तर अपनी विधा में एक उत्तम टीचर के सभी गुण विकसित कर सकें।

**–प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं डेरी विज्ञ,**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,**
**उदयपुर, राजस्थान।**

# असिस्टैंट डायरेक्टर पात्रता जांच के लिए विचारित सूची जारी

- **अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी**
- **अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन एवं दस्तावेज सत्यापन के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गृह (ग्रुप-1) विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर (डीएनए डिवीजन) पदों के लिए संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता की जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई है। साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सचिव एचएल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा इन पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए संवीक्षा परीक्षा का आयोजन 10 जून को किया गया था। परीक्षा के फलस्वरूप 12 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच के लिए विचारित सूची में अस्थाई रूप से शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि जारी की गई विचारित सूची साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है।

अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी। पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से ही साक्षात्कार के लिए परिणाम जारी किया जाएगा। विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन एवं दस्तावेज सत्यापन के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।


# सहायक आचार्य-ईएएफएम साक्षात्कार तिथि जारी

- **1 दिसंबर से 9 दिसंबर तक साक्षात्कार किया जाएगा**
- **अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति साथ लाये**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सोमवार को सहायक आचार्य- ईएएफएम (कॉलेज शिक्षा विभाग) 2020 के पदों की साक्षात्कार दिनांक जारी की गई। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 1 दिसंबर से 9 दिसंबर तक साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

आयोग सचिव एचएल अटल ने कहा कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। विस्तृत आवेदन-पत्र को आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने समस्त मूल-प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति अवश्य साथ लाएं। इनके अभाव में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पालना भी करनी होगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 22 नवम्बर, 2022**

मार्गशीष मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, स्वाती नक्षत्र रात्रि 11:12 तक, सौभाग्य योग सांय 6:37 तक, वणिज करण प्रातः 8:50 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-तुला, मंगल-वृष, बुध-वृश्चिक, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रातः 8:50 से सांय 7:52 तक रहेगी। सायन सूर्य धनु में दिन 1:51 पर प्रवेश करेगा। आज चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है। आज मास शिवरात्रि है, आज से राष्ट्रीय मार्गशीर्ष मास आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:34 से 10:53 तक, लाभ-अमृत 10:53 से 1:32 तक, शुभ 2:51 से 4:11 तक।


**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:55, सूर्यास्त 5:30

### मेष




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष




मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

### कर्क




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### सिंह




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कन्या




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला




व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक



धार्मिक-मांगलिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### धनु




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### मकर



व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

### कुंभ



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी और व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



म्युचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें।


# 'पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाया तो पार्टी का बंटाधार हो जाएगा'

## वन मंत्री हेमाराम चौधरी के बाद अब सुचित्रा आर्य ने उठाई मांग

- स्टेट एग्रीकल्चर बोर्ड की उपाध्यक्ष सुचित्रा आर्य ने कहा, ''पायलट आज जहां भी जाते हैं, लाखों आदमी इकट्ठा होते हैं, अगर उन्हें सी.एम. बनाया गया तो सरकार दोबारा बन जाएगी''
- आर्य ने कहा, '' 25 सितंबर को टेंट, बसें और इस्तीफों पर जबरन दस्तखत साफ बता रहे थे, अनुशासनहीनता के साथ पार्टी के विरुद्ध षड्यंत्र हुआ है''

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान की कांग्रेस सरकार में बदलाव को लेकर बयानबाजी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा, मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के बाद पहले वन मंत्री हेमाराम चौधरी ने राजस्थान में जीत के लिए सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाए जाने की आवश्यकता बताई, वहीं अब स्टेट एग्रीकल्चर इंडस्ट्री बोर्ड की उपाध्यक्ष सुत्रित्रा आर्य ने कहा कि सचिन पायलट को अब मुख्यमंत्री बना देना चाहिए, अति हो गई है। पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाया तो पार्टी का बंटाधार हो जाएगा।

मीडिया से बात करते हुए सुचित्रा आर्य ने कहा कि प्रदेश में असमंजस की स्थिति को जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए। असमंजस के हालात को जल्द दूर नहीं किया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। वैसे भी हेमाराम चौधरी का बयान आने के बाद कुछ कहना बाकी नहीं रह गया है। कांग्रेस में सचिन पायलट बड़ा चेहरा हैं। पायलट आज जहां भी जाते हैं, लाखों आदमी उनका भाषण सुनने इकट्ठा होते हैं। अब अति हो गई है। सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बना देना चाहिए। पंजाब वाली स्थिति राजस्थान में नहीं है। सचिन पायलट को सीएम बना दिया जाता है तो सरकार दोबारा बन जाएगी। पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाया तो फिर पार्टी का बंटाधार होगा। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि राहुल गांधी के राजस्थान में घुसने की देर है। पूरा राजस्थान राहुल के पीछे खड़ा है। राजस्थान में यात्रा को लेकर भारी उत्साह है। इसी के साथ सुचित्रा आर्य ने 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करने वाले तीनों नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए लिखा था कि 25 सितंबर को टेंट, बसें और इस्तीफों पर जबरन दस्तखत साफ बता रहे थे, अनुशासनहीनता के साथ पार्टी के विरुद्ध षड्यंत्र हुआ। सरकार में प्रमुख ओहदे पर रहते हुए पार्टी हाईकमान की अवहेलना करके अनुशासन तोड़कर दूषित परम्परा कायम करना चाहते थे। उस घटना से संगठन के नेता, कार्यकर्ता तो आहत हैं ही, पार्टी विचारधारा से सहमति रखने वाला आम वोटर भी आहत है। पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाले अनैतिक काम को कतई स्वीकार नहीं करना चाहिए, पार्टी हित में कठोर कार्रवाई जरूरी है।

इससे पहले सचिन पायलट समर्थक वन मंत्री हेमाराम चौधरी ने सियासी बवाल के जिम्मेदार तीनों नेताओं पर जल्द कार्रवाई करने और पायलट को जिम्मेदारी देने की मांग उठाते हुए कहा था कि 25 सितंबर को हुए घटनाक्रम के बाद राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ता व जनता में अनिश्चितता का वातावरण है। सरकार अनिश्चितता से गुजर रही है। हाईकमान को 25 सितंबर की घटना के जिम्मेदार तीनों नेताओं के खिलाफ जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। सचिन पायलट ने विपक्ष में रहते हुए पार्टी को फिर से जीवित किया। उनकी वजह से ही पार्टी सत्ता में आई। पायलट ने मेहनत की, उस मेहनत को देखते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। अगर एक तरफा चलेंगे तो पार्टी को नुकसान होगा।

## राज्य में दो दिन बाद करोना से फिर एक और संक्रमित की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में दो दिन बाद सोमवार को करोना से फिर एक और मरीज की मौत हुई है। वहीं इस दौरान 20 नए संक्रमित मिले हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में नए संक्रमितों के बराबर रिकवरी होने से एक्टिव केस 209 पर ही बने हुए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में झुंझुनूं में करोना से एक मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9652 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में सोमवार को 8 जिलों में 20 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 19 रोगी पाए गए थे। इधर आज राज्य में सबसे ज्यादा 5 नए संक्रमित राजसमंद में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर व सिरोही में 4-4, नागौर में 3 तथा डूंगरपुर, जयपुर, झुंझुनूं और उदयपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला। इस बीच राज्य में केवल 942 जांचे की गई है।

प्रदेश में सोमवार को 20 संक्रमित ठीक हुए हैं। वहीं फिलहाल 209 एक्टिव केस मौजूद है। इनमें राजधानी जयपुर में 72 मरीजों का इलाज चल रहा है। जयपुर में आज केवल मालवीय नगर में 1 नया संक्रमित मिला है।

# खेल अफसरों का तनाव दूर करने में मददगार साबित होंगे : डीजीपी



**पुलिस महानिदेश उमेश मिश्रा ने सोमवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित अष्ठम राजस्थान राज्य सचिव सेवा सी एस चैलेन्जर कप टेनिस प्रतियोगिता 2022-23 के समापन पर विजेता अधिकारियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि खेल मानसिक दक्षता संवर्धन के लिए जरूरी है, इसलिये इस तरह के प्रतियोगिता से अधिकारियों के मध्य सामनजस्य बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आज प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में खेल काफी हद तक अधिकारियों के तनाव को दूर करने में मददगार साबित होंगे।

मिश्रा सोमवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित अष्ठम राजस्थान राज्य सचिव सेवा सी एस चैलेन्जर कप टेनिस प्रतियोगिता 2022-23 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर विजेता अधिकारियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस मौके पर युवा और खेल मामलात विभाग के शासन सचिव नरेश कुमार ठकराल ने भी संबोधित किया। जयपुर संभागीय आयुक्त अन्तर सिंह नेहरा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह में जयपुर कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने स्वागत संबोधन दिया और प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सभी जानकारियां साझा की।

19 नवंबर से 21 नवंबर तक आयोजित हुई प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष नवीन महाजन की अगुवाई में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में भारतीय पुलिस सेवा की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए टेनिस प्रतियोगिता में खिताब अपने नाम कर लिया। सोमवार को एसएमएस स्टेडियम में खेले गए वेर्टन्स डबल्स खिताबी मुकाबले में नवीन महाजन और शरद मेहरा की जोड़ी ने आईपीएस सौरभ श्रीवास्तव और डॉ. रवि की जोड़ी को 9-3 से हराया तो वहीं, ओपन डबल्स में नवीन महाजन और रवि जैन की जोड़ी ने आईपीएस सुधीर चौधरी और जय यादव की जोड़ी को 9-0 से मात दी।

## कर्मचारियों का आंदोलन जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। शहर की निचली अदालत में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के न्यायिक अधिकारी के घर आत्मदाह से जुड़े मामले में अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों ने सोमवार को भी सामूहिक अवकाश जारी रखा। वहीं घटना की सीबीआई जांच और न्यायिक अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच की मांग के साथ-साथ कर्मचारियों ने मृतक कर्मचारी के आश्रितों को पचास लाख रुपए का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग भी जोड़ दी है। वहीं कर्मचारियों ने आंदोलन को तेज करते हुए क्रमिक अनशन शुरु कर दिया है।

# मंत्री मीणा ने माइक पर कलेक्टर से कहा, ''आप यहां से जाइए''

- भाषण के दौरान कलेक्टर फोन पर बात करते दिखे तो बोले मंत्री, ''हमारी बात क्यों नहीं सुन रहे, क्या सरकार पर ब्यूरोक्रेट इतने हावी हो गए हैं?''
- इधर जयपुर में डोटासरा बोले बिना तैयारी के आईएएस आते हैं बैठक में

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस सरकार के मंत्री- विधायकों की अधिकारियों के प्रति नाराजगी आए दिन सामने आती रहती है। इसी नाराजगी के चलते मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की एसीआर भरने की मांग के साथ अधिकारियों की ओर से जनप्रतिनिधियों को तवज्जो नहीं दिए जाने पर नाराजगी सामने आई है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर में एजी अधिकारियों के कार्यक्रम में आईएएस अधिकारियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि एजी अधिकारी जहां अपडेट रहते हैं, वहीं आईएएस अधिकारी बिना तैयारी के बैठकों में आ जाते हैं। इसी क्रम में पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा ने बीकानेर में एक कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल के व्यवहार से नाराज होकर उन्हें हॉल से बाहर निकाल दिया।

पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा बीकानेर के रविंद्र रंग मंच पर राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर रहे थे। उस वक्त कलेक्टर भगवती प्रसाद मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। यह देखकर मंत्री मीणा नाराज हो गए। माइक पर ही उन्होंने कलेक्टर से कहा कि आप यहां से जाइये। तब कलेक्टर बाहर चले गए। बाद में लोगों के बुलाने पर वापस आ गए। यह वाकया तब हुआ, जब कार्यक्रम के दौरान मीणा सरकार की योजनाओं के बारे में बोल रहे थे। इस दौरान मीणा ने पीछे मुड़कर देखा तो कलेक्टर कलाल मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे।

इससे नाराज मीणा ने कहा कि हम सरकार की योजनाओं पर बात कर रहे हैं। आप हमारी बात क्यों नहीं सुन रहे हैं। क्या इस सरकार पर ब्यूरोक्रेट इतने हावी हो गए हैं। इस पर कलेक्टर उठकर जाने लगे। मंत्री ने भी कह दिया कि आप यहां से जाइये। इसके बाद कुछ अन्य लोगों ने कॉल किया और कलेक्टर को वापस बुलाया।

कार्यक्रम के बाद में मीणा ने कहा कि कलेक्टर के कामकाज की समीक्षा तो मीटिंग में होगी। हम अच्छा या बुरा तो नहीं जानते, लेकिन कैसा काम किया, ये मीटिंग में पता चलेगा। मैं पहली बार इन कलेक्टर से मिला हूं। अभी तो फोन का इश्यू था, जिस पर उनको कहना पड़ा।

# काम-काज को प्रभावी बनाने का माध्यम भी बने लेखा परीक्षा : राज्यपाल



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को स्टेच्यू सर्किल स्थित महालेखाकार कार्यालय में लेखापरीक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव उषा शर्मा और नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।**

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने लेखा परीक्षा के कार्य को और बेहतर बनाने एवं इसमें अधिकाधिक पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर बल दिया है।

राज्यपाल मिश्र सोमवार को स्टेच्यू सर्किल स्थित महालेखाकार कार्यालय में लेखापरीक्षा सप्ताह के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों पर व्यय होने वाले धन की निगरानी का दायित्व नियंत्रक और महालेखा परीक्षक अधिकारियों पर ही होता है। लेखा परीक्षा का उद्देश्य सार्वजनिक धन का प्रभावपूर्ण एवं कुशलता से संग्रहण एवं उपयोग सुनिश्चित करते हुए सुशासन को प्रोत्साहन देना और देश के विकास में अधिकाधिक योगदान देना है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए महालेखाकार कार्यालय द्वारा लेखापरीक्षा के दौरान सरकार की कमियों को रेखांकित करने के साथ ही काम-काज को और अधिक प्रभावी बनाने एवं गुणवत्ता में सुधार करने हेतु सुझाव भी दिये जाएं।

राज्यपाल ने कहा कि लेखा परीक्षक राजकीय धन के समुचित उपयोग की निगरानी से जुड़े लोकतंत्र के पहरूए हैं।

## देवगढ़ की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली : राठौड़

**जयपुर**। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में राजस्थान जंगलराज का परिचायक बन चुका है। राजसमंद के देवगढ़ में पुजारी दंपती को जिंदा जला देने की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। बदमाशों द्वारा घटना को अंजाम देकर फरार हो जाना प्रदेश के लचर कानून व्यवस्था का जीता-जागता प्रमाण है।

राठौड़ ने कहा कि बदमाशों के बुलंद हौसलों व प्रशासन की संवेदनहीनता के कारण ही भरतपुर, जयपुर, अजमेर और अब राजसमंद में ऐसी घटनाएं हो रही हैं। अपराधियों का गढ़ बना चुके प्रदेश में ना महिलाएं सुरक्षित हैं, ना व्यापारी और ना ही पुजारी। राठौड़ ने कहा कि आज प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और पुलिस के खत्म होते इकबाल के कारण ही मरूधरा अशांत प्रदेश में तब्दील होता जा रहा है। कुख्यात गैंगस्टरों की ऐशगाह बन चुके प्रदेश में हर दिन बढ़ती अपराधों की घटनाओं के चलते हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। इन घटनाओं के कारण अपराध के मामलों में प्रदेश एक नया कीर्तिमान रच रहा है, जो हम सबके लिए चिंता का विषय है।

# 'श्रद्धा हत्याकांड पर सीएम का बयान गैर जिम्मेदाराना'

- भाजपा प्रदेशाध्क्ष सतीश पूनिया ने कहा कि इतनी वीभत्स घटना को एक सामान्य घटना करार देकर जो तर्क दिए जाएं उसको तर्क नहीं कुतर्क कहा जा सकता है

**जयपुर**। दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड मामले को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि, मुझे अफसोस हुआ कि तुष्टीकरण की राजनीति की इतनी पराकाष्ठा क्या हो सकती है कि इतनी वीभत्स घटना को एक सामान्य घटना करार दिया जाए और उसके बाद जो तर्क दिए जाएं उसको तर्क नहीं कुतर्क कहा जा सकता है। क्योंकि यह जो लड़ाई है यह जो घटना है, एक मानसिकता की लड़ाई है, यह विचार की लड़ाई है कि किस तरीके से सुनियोजित षड्यंत्र कर लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्मांतरण और इससे सबसे ज्यादा कोई प्रभावित है तो वह राजस्थान है। पूनिया ने कहा कि यह लड़ाई किसी कम्युनिटी की नहीं है, यह मानसिकता की लड़ाई है, आतंकवाद, अराजकता जैसी घटनाएं और प्रदेश में भीलवाड़ा से लेकर करौली, जोधपुर और उदयपुर तक सीक्वेंस में घटनाएं हुई हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सूरत में मीडिया से बात करते हुए श्रद्धा केस से जुड़े सवालों पर बीजेपी को निशाने पर लिया था। गहलोत ने कहा कि, ''एक घटना है। घटना दुर्घटना है। ये तो नाम दे दिए गए हैं, जुमले गढ़ दिए गए हैं। आप इसे किसी रूप में ले लीजिए। नई बात नहीं है, सदियों से इंटर कास्ट, इंटर धर्म के नाम पर शादियां होती रही हैं, नई बात नहीं है। आपने (बीजेपी ने) टारगेट बना लिया एक कौम को एक धर्म को, उसके आधार पर आपकी राजनीति चल रही है देश के अंदर।


**तीये की बैठक**



श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी दिलीप कुमार (सीएलआई) माताजी राहुल, रजत, दीपाली, बाँदीकुई वाले का असामयिक निधन 20.11.2022 को हो गया है। तीये की बैठक मंगलवार 22.11.2022 को सांय 3.00 से 4.00 श्रीराम शिव दुर्गा मन्दिर लेन 5 गंगासागर बी, वैशाली नगर, जयपुर पर रखी गई है।
**शोकाकुल**- समस्त अलोरिया जोशी परिवार। मो. 9001195428

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# रामनगरिया पुलिस ने गैंगस्टर रमजान को अस्पताल से किया गिरफ्तार

- पंजाब पुलिस के एन्काउंटर में रविवार को घायल हुआ था आरोपी, देर रात ऑपरेशन के बाद सोमवार को उसे एसएमएस अस्पताल से छुट्टी मिली
- पंजाब के फरीदकोट में डेरा प्रेमी प्रदीप सिंह की हत्या के बाद जयपुर में किराये पर कमरा लेकर फरारी काट रहा था आरोपी
- गैंगस्टर को शरण देने वाले नोहर निवासी छात्र को भी पुलिस ने दबोचा, उसके भाई को बालसुधार गृह भेजा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी के रामनगरिया क्षेत्र में पंजाब पुलिस के एन्काउंटर में घायल हुए हरियाणा के गैंगस्टर राज हुड्डा उर्फ रमजान खान को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल से सोमवार को छुट्टी मिल गई। रविवार देर रात डॉक्टर्स ने उसके घुटने का ऑपरेशन करके गोली निकाल दी। सोमवार को रामनगरिया थाना पुलिस ने अस्पताल से आरोपी को गिरफ्तार किया, अब पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके बाद आरोपी को जयपुर पुलिस अदालत में पेश किया जायेगा, तत्पश्चात उसे प्रोडक्शन वारंट पर पंजाब पुलिस को सौंपा जायेगा। उधर रामनगरिया थाना पुलिस ने वांटेड राज हुड्डा को शरण देने के मामले में श्रीगंगानगर के नोहर निवासी छात्र हैप्पी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके छोटे भाई को निरूद्ध कर बालसुधार गृह भिजवाया है।

डीसीपी करन शर्मा ने बताया कि पंजाब पुलिस का मोस्ट वांटेड गैंगस्टर रमजान खान उर्फ राज हुड्डा जगतपुरा के ज्ञान विहार कॉलोनी में किराए का कमरा ले कर रहा था। पुलिस की ओर से घेरे जाने के बाद उसे आवाज दी गई तो वह पिस्तौल लेकर भागने लगा। खुद को चारों तरफ से घिरा देखकर रमजान खान ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में रमजान खान के घुटने पर गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे धर-दबोचा था। रमजान खान उर्फ राज हुड्डा को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के बाद सोमवार को उसे छुट्टी दे दी गई।

ट्रोमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ.अनुराग धाकड़ ने बताया कि गैंगस्टर राज हुड्डा की हालत अब खतरे से बाहर है और पुलिस सुरक्षा के बीच चिकित्सक लगातार नजर बनाए हुए है। गैंगस्टर के पैर में लगी गोली आर-पार निकल गई थी। इसलिए पैर में गोली तो मौजूद नहीं थी लेकिन उसके कुछ पार्ट फंसे हुए थे। जिससे इंफेक्शन का खतरा बना हुआ था। अब जल्द ही गैंगस्टर की हालत देखकर पुलिस को अस्पताल की ओर से रिपोर्ट दी जाएगी। जिसके बाद आगे का फैसला पुलिस की टीम लेगी। अस्पताल प्रशासन ने अपना काम कर दिया हैं।

गौरतलब है कि पंजाब के फरीदकोट में डेरा प्रेमी प्रदीप सिंह की हत्या के मामले में जयपुर में फरारी काट रहे पंजाब के गैंगस्टर राज हुड्डा उर्फ रमजान की रविवार को रामनगरिया थाना इलाके में पुलिस से मुठभेड हो गई थी। जिसके बाद पुलिस की ओर से हुई फायरिंग में एक गोली बदमाश के पैर में लगी थी। पुलिस ने गैंगस्टर को गिरफ्तार कर पहले निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। जिसके बाद रविवार देर रात उसे एसएमएस अस्पताल में लाया गया। यहां पर चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन कर इलाज किया।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री रमेश गुवालानी पुत्र स्व.श्री जेऊमल गुवालानी पता-277, सिंधी कॉलोनी, राजापार्क, जयपुर का पुत्र हरीश गुवालानी मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा मेरे साथ निवास भी नहीं करता है जिसके कारण मेरे अभिभाष्य के पुत्र हरीश गुवालानी के साथ कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का लेन-देन का सम्बन्ध रखेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
श्रवण शर्मा, एडवोकेट, मो-7891312141

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक सम्पति प्लॉट नम्बर ए-619, मंगलम ग्राण्ड सिटी, ग्राम महापुरा, तहसील सांगानेर, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान में स्थित है, जिस पर मेरी अभिभाष्या राजलक्ष्मी चौधरी के पति संतोष चौधरी ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त सम्पति के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे है। यह कि राजलक्ष्मी चौधरी के पति संतोष चौधरी का दिनांक 03.02.2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त सम्पति के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मेरी अभिभाष्या उक्त मकान/प्लॉट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती है तथा उक्त सम्पति के मूल दस्तावेज मेरी अभिभाष्या अर्थात उनकी पत्नि राजलक्ष्मी चौधरी को दिए जाते है। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में मेरे कार्यालय में सम्पर्क करें। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
B.C.Shankla, Advocate, Mob.: 9829063273

**सम्पत्ति-क्रय-विक्रय**
इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/इण्ड्स्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

**आम सूचना** मेरी अभिभाष्या डॉ.चन्द्रकला अग्रवाल की ओर से हर खासो-आम को सूचित किया जाता है कि उनके पति डॉ.नीरज कुमार माथुर का पिछले कई वर्षो से मेरी अभिभाष्या के साथ आचरण विपरीत रहा है, एवं उनके पुत्र डॉ. अर्पित कुमार माथुर एवं पुत्र वधु डॉ. विशाखा माथुर भी शादी के पश्चात उनके कहने में नहीं है, और उनका आचरण भी मेरी अभिभाष्या के विपरीत रहा है। इस स्थिति में यदि कोई भी मेरी अभिभाष्या के पति, पुत्र, पुत्रवधु से लेन-देन सहित किसी भी प्रकार का सव्यवहार करेगा तो वह स्वयं अपनी जिम्मेदारी पर करेगा। मेरी अभिभाष्या ने अपने पति, पुत्र, पुत्रवधु को अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति एवं नोमिनी आदि के अधिकार से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है और अब मेरी अभिभाष्या का अपने पति, पुत्र, पुत्रवधु से किसी भी प्रकार का कोई रिश्ता वास्ता शेष नहीं रहा है। सूचित रहे।
निशा शर्मा, एडवोकेट, मो.8209324936

**खोया पाया**
मेरे मकान 12/709 प्रथम मंजिल मालवीय नगर जयपुर का मूल मुखत्यारनामा आम दिनांक 05.09.1989 सोहन लाल गाँधी पुत्र मुन्नी लाल गाँधी ने जगत सिंह पुत्र खजान सिंह के नाम से किया था मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करे- 9414040739

**NAME CHANGE**
I, Archana w/o Om Nath R/o V.PO. Rudauli, Teh.- Musafirkhana, Dist.- Amethi (U.P.) declare that my husband service record my name & D.O.B. wrongly written as Archana Upadhyay & 01.07.1987 but the correct name & D.O.B. is Archana & 01.12.1986 concerned note.

I Have Changed My Name From Ankita Sarraf To Ankkita Tambi W/O Aditya Tambi R/O 18- 4E Arya Nagar Murlipura, Jaipur.

एलआईसी पॉलिसी के बचत खाते में मेरा नाम गलती से नन्छी देवी लिखा हुआ है जबकि आधार कार्ड,पैन कार्ड, राशन कार्ड,बैंक खाते में मेरा नाम मेवा देवी पत्नी बद्री प्रसाद यादव दर्ज है। अब मै एलआईसी बचत खाते में मेरा नाम मेवा देवी निवासी ग्राम कोलवा, पंचायत सीमारला जागीर (श्रीमाधोपुर) करवाना चाहती हूं, इस बाबत किसी के द्वारा कोई आपत्ति या एतराज किया जाए तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं मेवा देवी की होगी।

**महिला वेलफेयर फैडरेशन बठिण्डा (पंजाब) द्वारा आयोजित**
**हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं सेल** (20 नवम्बर 2022 से 29 नवम्बर 2022 तक) 10 दिन
**स्थानः अर्बन हार्ट,** जल महल के सामने, जयपुर (राज.)
हस्तशिल्पों द्वारा हस्त निर्मित सामान की बिक्री एवं प्रदर्शनी।
जिसमे बाजार भाव से कम दामों पर सामान उपलब्ध होगा।
- एम्ब्रॉइडरी सूट
- आर्टिफिशिल ज्वैलरी
- फुलकारी सूट
- एम्ब्रॉइडरी दुपट्टा
- लकडी का सामान
- टेडीबियर
- क्रोशिये का सामान
- अन्य हस्त निर्मित सामान
- पंजा दरी
- पंजाबी जूती

रविवार खुला रहेगा प्रवेश निःशुल्क
**प्रायोजकः** कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से

# भारतीय थल और वायु सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शत्रुनाश'

## जमीनी और हवाई दस्तों का इस्तेमाल करते हुए एकजुटता दिखाई

**बीकानेर,** (का.सं.)। राजस्थान के थार मरुस्थल में स्थित भारतीय सेना की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के अंतर्गत सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान ने दुर्गम संयुक्त फायर पावर का परिचय देते हुए सोमवार को अभ्यास 'शत्रुनाश' को अंजाम दिया। इस एकीकृत सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना के साथ-साथ वायुसेना भी शामिल थी, जिसमें जमीनी और हवाई दस्तों का इस्तेमाल करते हुए एकजुट तरीके से विभिन्न फायरिंग प्लेटफॉर्म्स का उपयोग किया गया।

आज के आधुनिक समय में मौजूद नवीन तकनीकों को मद्देनजर रखकर व्यापक और उभरते खतरों को दूर करने के लिए सेना द्वारा इस अभ्यास में अलग-अलग गतिविधियों को दर्शाया गया, जिसमें दुश्मन के इलाके में स्पेशल फोर्स गुप्त रूप से घुसकर आक्रामक जमीनी कार्यवाही करता है तथा लड़ाई के हालत और युद्ध की गतिविधियों को सभी दस्तों के साथ साझा करने का अभ्यास भी किया गया।

इस सैन्य अभ्यास के दौरान संयुक्त दस्तों और उपकरणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें भीष्मा (ऊ-90टैंक), अजेया (ऊ-72टैंक), ख९ वज्र और शरंग



राजस्थान के थार मरूस्थल में स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के अंतर्गत सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान ने दुर्गम संयुक्त फायर पावर का परिचय दिया।

आर्टीगन स्पेशल फोर्स भारतीय वायुसेना के आधुनिक फाइटरजेट्स और आर्मी एविएशन के एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (रुद्रा) भी शामिल हुए। सैनिकों के आला दर्जे के प्रशिक्षण और तालमेल की सराहना करते हुए जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, सप्त शक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल ए एस भिंडर ने विभिन्न कॉम्बैट और कॉम्बैटस पोर्ट दस्तों को शाबाशी दी। उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' या 'मेक इन इंडिया' के तहत शामिल की गई स्वदेशी प्लेटफॉर्म्स एवं उपकरणों की भी सराहना की।

इसके अलावा जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ने भविष्य में बदलते हुए हालात को मद्देनजर रखते युद्ध को सुचारू रूप से लड़ने के लिए खुद की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ संयुक्त युद्ध अभ्यास में महारत हासिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ने सभी प्रतिभागियों को उच्च स्तर का प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी और बेहतर ऑपरेशनल तैयारियों की दिशा में प्रयास करने का आवाहन किया।

# बदमानी के डर से प्रेमी युगल की हत्या, आरोपी पुजारी गिरफ्तार

## दोनों के परिवार पुजारी के संपर्क में थे, तांत्रिक से प्रेमी नाराज थे

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले में गोगुन्दा कस्बे के केलावाडी के जंगल में मिले प्रेमी युगल के शव की हत्या का पुलिस ने 72 घंटे में पटाक्षेप करते हुए मामले में पुजारी को गिरफ्तार किया। प्रेम संबधों को उजागर करने से दोनों ने पुजारी को धमकाया था। इसी के चलते पुजारी ने दोनों की हत्या कर दी।

प्रकरण के अनुसार 18 नवबर को गोगुन्दा के केलावाडी जंगल में युवक व युवती का शव पडा मिला था। दोनों अर्धनग्नावस्था में थे एवं उनके शरीर पर चोट के निशान थे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतकों की शनाख्त पलोदड़ा फला पदमावत हॉल राजकीय प्रा. वि. खाना खेड़ी के अध्यापक राहुल पुत्र चतरसिंह मीणा के रूप में तथा युवती की शिनाख्त मदार निवासी सोनू कुंवर पुत्री भूरसिंह के रूप में कर मृतकों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप कर अंतिम संस्कार करवाया।



उदयपुर जिले में गोगुन्दा कस्बे के केलावाडी के जंगल में मिले प्रेमी युगल के शव की हत्या का पुलिस ने 72 घंटे में पटाक्षेप करते हुए पुजारी को गिरफ्तार किया।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देशन में गोगुन्दा थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास के नेतृत्व में गठित दल ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं परिजनों से मिली जानकारी अनुसार प्रेमी युगल की हत्या करते हुए आरोपी पादरड़ी बडी सागवाड़ा डूंगरपुर हॉल यूनिवरसिटी रोड़ एवं इच्छापूर्ण शेषनाग बावजी मंदिर भदवीगुडा के पुजारी भालेश कुमार पुत्र गणेशलाल जोशी को गिरफ्तार किया। मामले का खुलासा करने में कांस्टेबल नन्दकिशोर की विशेष भूमिका रही। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सात आठ वर्ष से इच्छापूर्ण शेषनाग बावजी मंदिर भादवी गुडा में पुजारी हूं तथा वहां आने वाले, दुखी जनता के कष्टों के निवारण के लिए ताबीज व मणकों की माला उन्हें देता हूं। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि 7-8 साल से इच्छापूर्ण शेष नाग बावजी मन्दिर, भादवी गुडा में पुजारी के रूप में जनता के दुख कष्ट निवारण हेतु ताबीज व मणको की माला अपने अनुयायीयों को देता है। सोनू कुंवर के परिजन अपनी समस्याओ के चलते मेरे संपर्क में आये तथा उसकी वैवाहिक जीवन की समस्या बताई तथा मैने उनके निराकणर के लिए ताबीज बनाकर उन्हे दिए। राहुल के परिजन भी परिचित थे एवं हर रविवार को बावजी के दर्शन के लिये आते रहते थे। मंदिर में दर्शन के दौरान सोनू व राहुल में संपर्क हुआ। कुछ समय बाद पत्नी से झगडा ओर परेशानी होने राहुल के परिजनों ने संपर्क कर मुझसे इसका उपाय व समझाईश करने का कहा। मैनें इनकी हरकतो का पता कर उनके परिजनों को बताया था। जिससे दोनों मुझसे नाराज हो गए। गत चार पांच माह से मुझे बदनाम करने व कहीं का नहीं छोडने की धमकी देना शुरू कर दिया। जिससे मेरी प्रतिष्ठा खराब होने का भय सताने लगा तथा मैने दोनों को रास्ते से हटाने का प्लान बना हत्या कर दी।

आरोपी ने योजनानुसार दुकानों से फैवीक्वीक खरीद कर मंदिर में रख ली। दोनों को अंतिम बार मिलने के लिए राजी कर 15 नवंबर को शास्त्री सर्किल बुलाया। जहां से उबेश्वरजी की तरफ ले जाने के बाद दोनों ने संबंध बनाने की गुजारिश की। जहां घटनास्थल पर सबंध बनाने के दौरान फेविक्विक की बोतल उपर डालकर चाकु और पत्थर से दोनों की हत्या कर वहां से निकल गया और सामान्य व्यवहार करता हुआ अगले दिन बूंदी जिले की तरफ किसी भक्त के यहां निकल गया।

## जांच कमेटी ने देखे गाजर मंडी के हालात

**श्रीगंगानगर,** (निसं.)। शहर के निकट गांव साधुवाली में लगने वाली गाजर मंडी में गाजर की धुलाई नहीं करने के सिंचाई विभाग के आदेश के बाद सोमवार को जांच के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम मनोज कुमार मीणा और सिंचाई विभाग के एसई धीरज चावला ने मंडी के हालात देखे। उन्होंने किसानों से मंडी के बारे में जानकारी ली और एलएनपी नहर से कालूवाला तक नहर के हालात देखे। इस संबंध में जल्द ही एडीएम उम्मेदसिंह रतनू को रिपोर्ट दी जाएगी।

नहर पर गाजर मंडी करीब एक सप्ताह पहले शुरू की गई है। पिछले करीब साठ साल से किसान नहर किनारे खेतों में पकी गाजर धो रहे हैं। खेतों में पकी गाजर मिट्टी से सनी रहती है। धुलाई के बाद रंग और चमक दिखने लगते हैं। सिंचाई विभाग ने इस पर आपत्ति जताई। गंगनहर के एसई धीरज चावला ने श्रीगंगानगर सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष अमरसिंह को पत्र भेजकर मंडी का काम रोकने का आदेश दिया था। आदेश में कहा गया था कि नहर किनारे गाजर धुलाई से नहर में सिल्ट जमा होती है और इससे टेल के किसानों तक पानी नहीं पहुंच पाता है।

श्रीगंगानगर सब्जी उत्पादक संघ के जिलाध्यक्ष अमरसिंह का कहना है कि मौके पर जांच के लिए आए एसडीएम मनोज मीणा और गंगनहर एसई धीरज चावला को किसानों ने मंडी को चलते रहने देने का आग्रह किया है। अमरसिंह ने बताया कि उन्होंने यहां मंडी संचालन की एवज में कुछ शुल्क जमा करवाने का भी विश्वास दिलाया है।

# बेकाबू निजी बस ने कांस्टेबल का सिर कुचला

## निजी बसों की अनियंत्रित रफ्तार बन रही है दुर्घटनाओं का कारण

**लालसोट,** (निसं)। दौसा जिले में मंडावरी थाना क्षेत्र के सुरतपुरा ग्राम के पास बेपलावत की ढाणी के सामने निजी बस कैला देवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र मीणा की मौत हो गई। निजी बस ने एक अन्य मोटरसाइकिल चालक को भी चपेट में लिया, जिसका पांव बुरी तरह कुचल गया।

सड़क दुर्घटना में मृतक पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र मीणा लालसोट उपखंड के झापदा थाने में कार्यरत था। सोमवार की सुबह मृतक कांस्टेबल राजेंद्र कुमार मीणा किसी जरूरी कार्य को निपटा कर थाने की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बेकाबू कैला देवी एक्सप्रेस निजी बस द्वारा आमने-सामने चपेट में लेते हुए मोटरसाइकिल सवार पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र मीणा को सड़क पर ही कुचल दिया। कांस्टेबल जमीन पर गिरा एवं निजी बस का सिर के ऊपर होकर गुजर गया। इस भीषण सड़क दुर्घटना के बाद आसपास से गुजर रहे लोगों द्वारा घटना की जानकारी मंडावरी थाना पुलिस एवं 108 एंबुलेंस को दी गई। इसके बाद 108 एंबुलेंस द्वारा घायल मोटरसाइकिल सवार एवं मृतक कांस्टेबल राजेंद्र कुमार मीणा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावरी पहुंचाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल द्वारा घटनास्थल का जायजा



दौसा पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल ने सड़क दुर्घटना में पुलिस कांस्टेबल की मौत के बाद घटना से जुड़ी जानकारी ली।

- **दौसा जिले में मंडावरी थाना क्षेत्र के बेपलावत की ढाणी के सामने सड़क हादसा**
- **लोगों ने आरोप लगाया कि निजी बसों का संचालन ज्यादातर अवैध**

लिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर थाना प्रभारी रामपाल मीणा से जानकारी ला। इस निजी बस की बेकाबू रफ्तार एवं अनियंत्रित परिवहन के कारण कांस्टेबल की जान जाने के बाद एवं एक अन्य मोटरसाइकिल सवार के गंभीर घायल होने के समाचार प्राप्त हुए लोगों में भारी रोष व्याप्त हो गया।

घायल एक मोटरसाइकिल सवार की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण मंडावरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। वहीं मृतक पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र कुमार का शव परिजनों के आने के बाद पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। सड़क दुर्घटना को अंजाम देने वाली निजी परिवहन बस कैलादेवी एक्सप्रेस को पुलिस द्वारा जप्त कर थाने में खड़ा किया गया है। दुर्घटना को लेकर थाने में मामला दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

लोगों का कहना है कि यह कैलादेवी एक्सप्रेस व अन्य नाम से संचालित निजी बसें परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित गति से दोगुनी से भी ज्यादा रफ्तार में घनी आबादी वाली जगह से गुजरती है एवं अब तक इन बेकाबू निजी बसों की रफ्तार की कहर की चपेट में आने से कई मौतें हुई है एवं कई लोग गंभीर घायल हुए हैं।

लोगों ने तो आरोप लगाया कि यह निजी बसों का संचालन ज्यादातर अवैध रूप से हो रहा है, इनका परमिट कहीं जगह होकर मिला है तो संचालन कहीं दूसरी जगह से हो रहा है।

## पुलिस निगरानी में बंटी खाद

**वैर,** (निस)। भरतपुर जिले के वैर में किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जहां सोमवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति पर खाद आने की सूचना मिली तो किसानों की भीड़ खाद लेने के लिए उमड़ पड़ा। पुलिस की मौजूदगी में 600 खाद के कट्टों का वितरण किया गया।

इसके अलावा धाकड़ खाद बीज भंडार पर 250 खाद के कट्टे वितरण किए। सहायक कृषि अधिकारी मुनीम सिंह गुर्जर ने बताया कि सोमवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति पर 600 खाद के बैग तथा धाकड़ खाद बीज की दुकान पर 250 खाद के बैग किसानों के लिए वितरण किए गए। एसडीएम मुनिदेव यादव के निर्देशन में खाद का उचित दर पर वितरण किया। सहायक कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि किसान आवश्यकता अनुसार यूरिया खाद खरीदें, अनावश्यक भंडारण नहीं करें। राज्य सरकार यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

## युवक ने फांसी लगा आत्महत्या की

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। किशनगढ सिटी थाना अन्तर्गत नया शहर में युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। आत्महत्या किस कारण से की है फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया। पुलिस के अनुसार नया शहर निवासी दीपक रेगर (21) ने घर में फांसी लगाकर इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# राजस्व अधिकारियों की कार्यशाला 23 से

- **राजस्व मंडल के अधीनस्थ पीठासीन अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय निर्णय लेखन कार्यशाला 23 नवम्बर से**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्व मंडल की ओर से तीन दिवसीय निर्णय लेखन कार्यशाला का आयोजन 23 से 25 नवंबर तक अजमेर के राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में होगा। कार्यशाला में संपूर्ण राजस्थान के अधीनस्थ न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे।

राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह की नवाचारी पहल के तहत राज्य में राजस्व न्यायालयों के लिए यह दूसरी निर्णय लेखन कार्यशाला आयोजित की जा रही है। राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ सत्र 23 नवंबर की सुबह 10:30 स होगा जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह करेंगे।

शुभारंभ सत्र के बाद मंडल सदस्य खजान सिंह राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत कानून एवं अधिनियम पर व्याख्यान देंगे। वहीं दोपहर पश्चात मंडल सदस्य सत्तार खान श्रेष्ठ निर्णय के लिए महत्वपूर्ण सामग्री, शाम 4 बजे मंडल सदस्य रामनिवास जाट राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 एवं राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के अनुच्छेद 88 पर चर्चा करेंगे।

इसी प्रकार 24 नवंबर को प्रात:कालीन सत्र में राजस्व मंडल के अधिवक्ता अशोक अठावाल कानूनी विषयों पर चर्चा करेंगे। मध्याह्न सत्र में आरआरटीआई के प्रशिक्षण सलाहकार एचएसयू असनानी प्रॉपर इंप्लीमेंटेशन ऑफ प्रोसीजरल लॉज एंड रूल्स विषय पर व्याख्यान देंगे। मध्यान्ह पश्चात समस्या समाधान सत्र आयोजित होगा। दोपहर 2:30 बजे सेवानिवृत्त आरएएस अनिल कुमार वार्ष्णेय निर्णय लेखन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करेंगे।

शाम 4 बजे से सेवानिवृत्त आरएएस एनएस चौहान राजस्व न्यायालयों में नामांतरण प्रक्रिया पर विचार रखेंगे। कार्यशाला के अंतिम दिन 25 नवंबर को सुबह 10:30 से राजस्व मंडल के अधिवक्ता घनश्यामसिंह लखावत राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।

मध्यान्ह में आरआरटीआई के प्रशिक्षण सलाहकार एचएसयू असनानी निर्णय गुणवत्ता सुधार पर सुझाव देंगे अपराह्न सत्र में राजस्व मंडल के सदस्य सुरेंद्र कुमार पुरोहित निर्णय लेखन एवं विभिन्न विधिक प्रावधानों पर चर्चा करेंगे।

शाम 4 बजे समापन अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पूर्व में आयोजित निबंध लेखन एवं निर्णय लेखन प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित करेंगे। संयोजन आरआरटीआई निदेशक चेतन कुमार त्रिपाठी करेंगे।

# चार बच्चों व पत्नी की हत्या कर खुद फंदे पर लटका

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के गोगुन्दा कस्बे के झाड़ोल गांव में सोमवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व चार बच्चों की गला दबाकर हत्या कर खुद फांसी पर लटक आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। प्रारंभिक अनुसंधान में आर्थिक तंगी के चलते युवक द्वारा घटना को अंजाम देना सामने आया है।

गोगुन्दा कस्बे के झड़ोल गांव निवासी प्रकाश पुत्र सोहनलाल गमेती ने अपनी पत्नी दुर्गा, पुत्र गणेश, पुष्कर, रोशन तथा चार माह का दुधमुंहे बच्चे गंगाराम की हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली। परिवार के सभी लोगों के घर के अंदर मृत मिलने और खुदकुशी करने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। घटनास्थल के अनुसार प्रकाश ने पहले पत्नी, चार बच्चों का गला घोंट हत्या की और इसके बाद खुद फांसी पर लटक गया।

प्रकाश के घर के आंगन में सुबह चहल-पहल नहीं दिखाई देने पर पड़ौसियों ने घर के अंदर देखा तो प्रकाश और दो बच्चों के शव फांसी के फंदे पर लटके हुए थे वहीं दुर्गा व दो बच्चों के शव जमीन पर पड़े थे। प्रकाश खाना बनाने का काम करता था तथा बीते पांच माह से मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने के साथ बीमार व परेशान चल रहा था।

सूचना पर गोगुन्दा थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास मय जापत ने मौके पर

- **गोगुन्दा कस्बे के झड़ोली गांव में एक ही परिवार के छह जनों की मौत**
- **अनुसंधान में आर्थिक तंगी के चलते घटना को अंजाम देना आया सामने**
- **घटना से गांव में फैली सनसनी, पुलिस ने जुटाए साक्ष्य**

पहुंच उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कुवंरिया, प्रशिक्षु आईपीएस अभिषेक शिवहरे ने मौके पर पहुंच कर डाग स्क्वायड, एफएसएल टीम को बुलवा कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा मृतकों के शवकों को गोगुन्दा चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। वहीं मृतका दुर्गा के पीहर तिरोल गांव की रोही डाल की भागल सूचना दी। पीहर पक्ष के आने पर पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

**धौलपुर,** (नि.सं.)। करीब 3 वर्ष पुराने धौलपुर जिले के बहुचर्चित हत्याकांड में एससी एसटी कोर्ट धौलपुर के जज नरेंद्र मीणा ने फैसला सुनाया है। जिसमें भाजपा धौलपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष बांकेलाल लोधा और उनके बेटे पूर्व सरपंच आशीष लोधा सहित 4 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अभियोजक माहिर हसन रिजवी व परिवादी पक्ष के वकील सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं मुकेश भट्ट ने बताया कि 23 नवंबर 2019 को बाबूलाल लोधा निवासी तगावली धौलपुर की गांव के पास ही खेत में जमीन के विवाद में तगावली गांव के ही निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बांके लाल लोधा पुत्र श्यामलाल एवं उनके बेटे तत्त्कालीन सरपंच आशीष लोधा एवं बांकेलाल के भाई महेंद्र लोधा तथा इनके यहां कार्य करने वाले लोकमन सहित अन्य ने लाठी-डंडों से पीट पीट कर खेत में बाबूलाल की हत्या कर दी थी। इसके बाद मौके पर मामले को हत्या की जगह दुर्घटना का रूप देने के लिए ट्रैक्टर को पलटा गया था। घटनाक्रम को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से कोतवाली थाना धौलपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया। जिसमें बांकेलाल लोधा, आशीष लोधा, महेंद्र लोधा व लोकमन सहित 10 आरोपियों को नामजद हत्या का आरोपी बताया गया था। लेकिन पुलिस ने जांच में बांकेलाल, आशीष, महेंद्र और लोकमन को ही हत्या का आरोपी माना तथा कोर्ट में 4 आरोपियों के खिलाफ चालाना पेश कर दिया।

# हाकिम बैंसला, कैप्टन जगराम ने विजय बैंसला को अध्यक्ष नहीं माना

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का विरोध नहीं करने की बात कही

**करौली,** (नि.स.)। करौली में राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति (मूल) ने एक प्रेस वार्ता कर गुर्जर आरक्षण समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला को अपना अध्यक्ष मानने से इनकार कर दिया है।

हाल ही में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रणेता स्व. कर्नल किरोडी सिंह बैंसला के पुत्र विजय बैंसला द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का विरोध करने की चेतावनी जारी की। जिसका राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति (मूल) के प्रवक्ता हाकिम सिंह बैंसला और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन जगराम सिंह ने सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि गुर्जर समाज राहुल गांधी की राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा का विरोध नहीं करेगा, हमारी मांगें राजस्थान सरकार से है, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से है।

श्री महावीरजी में आगामी 24 नवंबर को मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा है, अगर तीन दिवस में सरकार हमारी मांगों को पूरा करती है तो स्वागत है, मांगे नहीं मानती है तो श्री महावीरजी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा।

सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित हाकिम सिंह गुर्जर के निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान गुर्जर आरक्षण समिति के प्रवक्ता हाकिम सिंह गुर्जर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन जगराम सिंह ने संघर्ष समिति का नाम भी बदलते हुए राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति (मूल) रख दिया है। जिसे गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला कि बताते हुए कहा कि विजय बैंसला को पुरानी और मूल आरक्षण समिति अपना अध्यक्ष नहीं मानती है। उन्होंने कहा कि कर्नल बैंसला ने अपने आवास पर विजय बैंसला को राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की कमान सौंपी, लेकिन उनसे कहा कि 10 लोगों की कमेटी से पूछ कर काम करना। उन्होंने पुष्कर में जो घटना को अंजाम दिया, राजनीतिकरण किया। जिस सरकार ने गुर्जर आरक्षण आंदोलन को कुचला हो आंदोलनकारियों को मारा हो उन लोगों को पुष्कर में बुलाया गया। उसी दिन गुर्जर समाज ने तय कर लिया कि विजय बैंसला गुर्जर आरक्षण समिति का अध्यक्ष नहीं है, वह समाज को तोड़ने का काम कर रहे ह, राजनीति कर रहे हैं, इसलिए गुर्जर समाज विजय बैंसला को अध्यक्ष नहीं मानता।



राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति ( मूल ) के प्रवक्ता हाकिम सिंह बैंसला और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन जगराम सिंह ने प्रेसवार्ता की।

- **प्रेस वार्ता कर गुर्जर आरक्षण समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला को अध्यक्ष मानने से इनकार किया**

प्रेस वार्ता के बाद गुर्जर आरक्षण समिति संघर्ष (मूल) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगराम सिंह के नेतृत्व में जितेन्द्र सिंह बैसला, राजवीर सिंह गुर्जर,पार्षद दशरथ गुर्जर आदि ने कलेक्टर अंकित सिंह को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रस्तावित दौरे से पहले हमारी 12 सूत्रीय मांगों को पूरा किया जाए, अन्यथा गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति व गुर्जर समाज मुख्यमंत्री का काले झंडे दिखाएगा।

# महिला ने अपने पति और भाई से करवाई थी प्रेमी युवक की हत्या

## आरोपियों ने जगतपुरा से युवक का अपहरण करके अधमरी हालत में करौली में फेंका था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के जगतपुरा क्षेत्र से 3 महीने पहले अपहृत युवक की हत्या करके करौली में शव फैंकने की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मृतक प्रेमिका ने ही अपने पति और भाई के साथ प्लानिंग बनाकर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया था। जवाहर सर्किल पुलिस ने हत्या के आरोपी महिला छोटी देवी (30) और उसके पति भीम सिंह मीणा को खोहनागोरियान क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इस वारदात को अंजाम देने वाले शेष बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

डीसीपी करण शर्मा ने बताया कि युवक के मर्डर में आरोपी प्रेमिका छोटी देवी (30) और उसके पति भीम सिंह मीणा (32) निवासी वजीरपुर सवाई माधोपुर को अरेस्ट किया है। सवाई माधोपुर के बजीरपुर निवासी दीपराम मीना (30) ने 28 अगस्त को अपने भाई रामप्रताप उर्फ लाली (19) की हत्या का मामला दर्ज करवाया था। पीड़िता का कहना था कि रामप्रताप सवाई माधोपुर के बजीरपुर में ही रहकर ट्रैक्टर चलता था। ढाणी में रहने वाली भीम सिंह की पत्नी छोटी मीना (32) से उसको प्यार हो गया। गत 6 जुलाई को रामप्रताप ने घर से गहने और नकदी चोरी की और गहनों को बेचकर रामप्रताप और उसकी प्रेमिका छोटी मीना दोनों भागकर



**जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने युवक की हत्या के आरोप में प्रेमिका छोटी देवी और उसके पति भीम सिंह को गिरफ्तार किया।**

जयपुर आ गए। वे दोनों जगतपुरा में किराए से रहकर एक होटल में काम करने लगे।

पुलिस ने बताया कि जयपुर में रहने के दौरान प्रेमिका छोटी देवी ने प्रेमी रामप्रताप की हत्या का प्लान बनाया। प्लानिंग के तहत अपने पति भीम सिंह और भाई पुखराज को जयपुर में रहने का पता बताया। गत 21 अगस्त को छोटी मीना का भाई पुखराज, जगमोहन, रवि, सुरज्ञान और पति भीम ढूंढते हुए जयपुर आ गए। रात करीब 8 बजे कार लेकर पांचों लोग उनके कमरे पर पहुंचे। कार में छोटी देवी के साथ प्रेमी रामप्रताप को भी डाल लिया। आस-पास के लोगों के पूछने पर बोले कि दोनों भागकर आए थे और उन्हें अपने साथ घर ले जा रहे है।

पुलिस के मुताबिक प्रेमिका छोटी देवी के परिजनों ने रामप्रताप के साथ जमकर मारपीट की। गत 22 अगस्त को अधमरी हालत में रामप्रताप को करौली के टोडाभीम में फेंक दिया। दोपहर करीब 2 बजे परिजनों को करौली हॉस्पिटल से रामप्रताप के गंभीर हालत में होने का पता चला। जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने रामप्रताप का शव लिया तो

- **मृतक रामप्रताप के परिजनों ने जयपुर-करौली के बीच कई चक्कर काटे, जगतपुरा में किराये के मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो वारदात सामने आई**

उसके शरीर पर जगह-जगह मारपीट के निशान मिले। पुलिस ने अगले दिन पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

रामप्रताप की मौत के बाद उसके भाई व अन्य परिजनों ने जयपुर-करौली के कई चक्कर लगाए। भाई के रहने वाले जगह के पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। तब छोटी देवी के परिजन उसके भाई को जबरन किडनैप कर कार में डालकर ले जाते दिखाई दिए। इसके बाद आरोपी अगले दिन छोटी देवी के साथ दुबारा कमरे पर आए औश्र सारा सामान कार की डिग्गी में रखकर कमरा खाली कर दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर परिजनों को पता चला कि रामप्रताप का अपहरण छोटीदेवी के परिजनों ने किया था। किडनैप कर उसके साथ मारपीट कर अधमरी हालत में करौली में फैंका गया था, जिससे उसकी मौत हो गई।

## छात्रा से गैंगरेप करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट इलाके में स्कूली छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। बहला-फुसलाकर परिचित बाइक पर बैठाकर उसका किडनैप कर ले गया और एक फैक्ट्री में ले जाकर दो दोस्तों के साथ मिलकर गैंगरेप किया। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फरार किशोर की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि गैंगरेप के मामले में आरोपी सन्नी (19) पुत्र हनुमान सहाय निवासी विक्रमादित्या नगर मदरामपुरा मुहाना और किशन कश्यप (19) पुत्र भोलेनाथ निवासी फरुखाबाद उत्तर प्रदेश हाल इन्द्रपुरी कॉलोनी सांगानेर को गिरफ्तार किया है। गैंगरेप में शामिल फरार किशोर की तलाश की जा रही है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को रविवार रात दबिश देकर पकड़ा है। मालपुरा निवासी 16 साल की लड़की से तीनों ने गैंगरेप किया था। पीड़िता स्कूल में पढ़ाई करती है, गत 16 नवम्बर को वह स्कूल जा रही थी। तब स्कूल छोड़ने के बहाने आरोपी परिचित उसको बाइक पर बैठाकर ले गया। बहला-फुसलाकर उसे सांगानेर स्थित एक फैक्ट्री में ले गया। जहां उसे बंधक बनाकर आरोपी ने अपने दोनों दोस्तों के साथ मिलकर गैंगरेप किया। जिसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर लौटकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। गुस्साएं परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप और पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर तुरंत उन्हें गिरफ्तार किया।

## कला का उद्देश्य मात्र मनोरंजन नहीं : अरोड़ा



**जयपुर**। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के डिपार्टमेंट ऑफ आर्ट्स , स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज द्वारा आज भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में रस सिद्धांत पर एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् द्वारा पोषित इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि आईसीपीआर के सदस्य सचिव डॉ.सच्चिदानंद मिश्रा थे। केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ.राधावल्लभ त्रिपाठी समारोह के विशिष्ठ अथिति थे। समारोह की अध्यक्षता मणिपाल यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.नीतू भटनागर ने की।

अथितियों का स्वागत करते हुए स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज की डायरेक्टर डॉ. ऋचा अरोडा ने कहा कि इस कार्यशाला का आयोजन करने के पीछे हमारा उद्देश्य छात्रों में कला के प्रति चेतना उत्पन्न करना था। डिपार्टमेंट ऑफ आर्ट्स की अध्यक्ष डॉ. मणि सचदेव ने कहा भारत में कला का उद्देश्य मनोरंजन मात्र नहीं अपितु परम सत्ता के साथ एकाकार स्थापित करना है।

डॉ.राधावल्लभ त्रिपाठी ने कहा कि आनंद की प्राप्ति रस के माध्यम से ही होती है। डॉ.सच्चिदानंद मिश्रा ने कहा कि मानव संरचना बहुत ही जटिल है अत: उसे इन सभी रसों की आवश्यकता होती है। जब एक व्यक्ति कविता लिखता है तो उसे इससे आनंद प्राप्त होता है यही आनंद उस कविता को पढ़ने वाले को भी मिलता है। सहृदय की अवधारणा भी यही है।

# ‘भट्टा बस्ती में लगे महेश जोशी मुर्दाबाद के नारे’

## स्थानीय मुस्लिम नेता पप्पू कुरैशी का आरोप है कि मंत्री का विरोध करने पर भट्टा बस्ती इंचार्ज ने उन्हें थाने में बंद करने की धमकी दी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनने के 4 वर्ष बाद भट्टा बस्ती कब्रिस्तान के विकास कार्य का सोमवार को उद्घाटन करने पहुंचे जलदाय मंत्री महेश जोशी को स्थानीय लोगों का भारी विरोध झेलना पड़ा। इस दौरान लोगों ने मंत्री महेश जोशी मुर्दाबाद के नारे तक लगा दिये, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए। यह जानकारी स्थानीय निवासी एवं मुस्लिम नेता पप्पू कुरैशी ने दी।

पप्पू कुरैशी ने आरोप लगाया कि मंत्री महेश जोशी का विरोध करने पर भट्टा बस्ती थानाधिकारी हुकम सिंह ने उन्हें थाने में बंद करने की धमकी दी और उनकी गिरेबान पर हाथ डालकर ऐसे दिखाया जैसे पुलिस कानून की नहीं, बल्कि महेश जोशी की निजी गार्ड हो। जबकि पूरा विरोध

- **भट्टा बस्ती कब्रिस्तान में कुत्तों और सुअरों के द्वारा कब्र खोदकर की जा रही बेअदबी से नाराज थे लोग**

प्रदर्शन संविधानिक तरीके से किया जा रहा था। कुरैशी ने बताया कि स्थानीय लोगों की नाराजगी यह थी कि बीते 4 वर्ष में विधायक और उनके कार्यकर्ताओं को कई बार लिखित और मिलकर कब्रिस्तान की समस्याओं से अवगत कराया था। कब्रिस्तान में कुत्ते और सुअर कब्र खोदकर उनकी बेअदबी कर रहे हैं, इसके बावजूद पिछले 4 साल में कोई ध्यान नहीं दिया गया और अब जब चुनाव नज़दीक है तो क़ब्रिस्तान की दीवार के नाम पर लीपापोती की जा रही है।

## रैंप पर शोकेस हुए राजस्थानी परिधान

**जयपुर**। फैशन, ग्लैमर के बीच अवॉर्ड्स से सजी शाम जयपुराइट्स के लिए यादगार रही, कुछ ऐसा ही नजारा था टोंक रोड स्थित जी सुपर क्लब में सोमवार शाम आयोजित हुए राजस्थान फैशन अवॉर्ड्स-सीजन 6 का। कार्यक्रम में चार चांद जोडते हुए हाउसफुल 2 और दिल तो बच्चा है जी मूवी फेम बॉलीवुड अभिनेत्री शजहन पदमसी ने सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर शिरकत की। साथ ही कार्यक्रम के डायरेक्टर गौरव प्रताप सिंह, अतिथि नवीन मन्दा, फेस ऑफ़ आरएफए आकांक्षा सिंह, आरएफए की ब्रांड एम्बेसडर सुरभि गुप्ता, पेट्रन अक्षय गुरनानी, मेंटर नीता जोशी, सौरभ प्रताप सिंह और दीपक संकित उपस्थित रहे। जहां कार्यक्रम में आर्टिजन्स और डिज़ाइनर्स ने चार भव्य सीक्वेंस रैंप पर प्रस्तुत किए। शो की ओपनिंग सुविश से डिजाइनर विशाखा शर्मा, सेकंड सीक्वेंस म्यूजिक ऑफ़ लूम से ज्योति व्यास, तीसरा सीक्वेंस प्रकृति से सचिन गर्ग और ग्रैंड फिनाले रेडियन्स से रितु अरोडा ने किया। इस दौरान डिजाइनर्स ने एथनिक, ब्राइडल, इंडो वेस्टर्न पार्टी वियर, हैंड प्रिंटेड परिधानों को मॉडल्स ने शोकेस किया।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में डूबे तीसरे युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

## गजाधरपुरा स्थित जेडीए के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में गत 18 नवंबर को वॉल्व टूटने से चैंबर में डूबे थे तीन युवक

**जयपुर** (कासं)। गजाधरपुरा स्थित जेडीए के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में चार दिन पूर्व वॉल्व टूटने से चैंबर में डूबे जिस युवक को पुलिस ने जिंदा निकाला था, आखिरकार सोमवार को उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। अब तक इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

पुलिस ने बताया कि ट्रीटमेंट प्लांट में गत 18 नवंबर को कालवाड़ निवासी युवक सन्नी मीणा व रामकुई पचार निवासी विनोद रैगर की चैंबर में डूबने से मौत हो गई थी। इन दोनों को बचाने के लिए रवि कुमार मीणा भी सीवर चैंबर में उतरा था। वह भी फंस गया था, जिसे पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों व सिविल डिफेंस टीम की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया था। रवि का हाथोज के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार को उसे शहर के एक अन्य निजी अस्पताल में रैफर किया था। जहां

- **इस हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हुई थी, जबकि घायल रवि मीणा का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था**
- **मृतक रवि मीणा के परिजन धरने पर बैठे तो जेडीए प्रशासन और ठेकेदार ने समझौता वार्ता की**

कालवाड़ तिराहा बस स्टैंड मीणा मौहल्ला निवासी रवि की सोमवार को मौत हो गई।

उधर रवि मीणा की मौत के बाद उसके परिजनों के साथ बड़ी संख्या में लोग एसटीपी पर एकत्र हो गए और पर्याप्त मुआवजा व मृतक की पत्नी को नौकरी दिलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौजूद अधिकारियों ने धरने पर बैठे मृतक के परिजनों व अन्य लोगों से वार्ता की। बताया जा रहा है कि रवि के उपचार के दौरान अस्पताल के बिल का भुगतान ठेकेदार की ओर से किया जाएगा। तीनों मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। मृतकों के आश्रितों को जेडीए में संविदा पर नौकरी मिलेगी। जानकारी के मुताबिक मीणा मौहल्ला में एसटीपी हादसे बीते चार दिन में यह दूसरी मौत थी। रवि से पहले 18 नवम्बर को उसके चचेरे भाई सन्नी मीणा की मौत हो गई थी। रवि 10 साल से ट्रीटमेंट प्लांट में ऑपरेटिंग का काम कर रहा था। वह बीटेक की पढ़ाई भी कर रहा था। साथ में अपना घर चलाने के लिए एसटीपी में जॉब करता था।

## सार-समाचार

### कुत्ते के मुंह में दिखा नवजात का शव

**जयपुर** (कासं)। सांगानेरी गेट महिला अस्पताल में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब आवारा श्वान (कुत्ते) के मुंह में एक नवजात बच्चा दिखा। लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया तो कुत्ता नवजात को छोड़कर भाग निकला। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने बच्चे को उठाकर तुरंत डॉक्टर के पास पहुंचाया। बच्चे का चेहरा बुरी तरीके से नौंचा हुआ था। डॉक्टर्स ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। हालांकि बच्चे के बारे में अभी तक महिला अस्पताल और पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं है। डॉक्टरों के कहने पर महिला अस्पताल के हाउस कीपिंग सुपरवाइजर सोहनलाल वर्मा ने अज्ञात के खिलाफ लाल कोठी थाने में मामला दर्ज कराया। लाल कोठी थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की गम्भीरता को देखते हुए पहले मृत बच्चे के शव को एसएमएस मोर्चरी में रखवाया है। यह बच्चा अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट के पास मिला है। इस जगह पर कोई सीसीटीवी भी नहीं लगे हुए हैं। यहां बिल्डिंग निर्माण का काम चल रहा है, मौके पर मौजूद मजदूरों से भी पूछा तो किसी के पास कोई जवाब नहीं मिला। बच्चे के शरीर पर जगह-जगह नौंचने के निशान हैं। साथ ही चेहरा मिट्टी में सना हुआ था। कुत्ता दौड़ते हुए बच्चे को लोहे के सरियों पर रखकर छोड़ गया। बच्चे के गले के पास बड़ा घाव भी है, जो कि कुत्ते के काटने से होने की संभावना है। उधर इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने 15 तारीख से अब तक जन्मे मेल बेबी का रिकॉर्ड मांगा है।

### कपिल अध्यक्ष, विक्रम महासचिव बने

**जयपुर**। छात्र संगठन एसएफआई का जयपुर में 21वां जिला सम्मेलन प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जाखड के नेतृत्व में संपन्न हुआ और सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय कमेटी बनाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से कपिल राव को पुन: जिला अध्यक्ष, विक्रम नेहरा को महासचिव राजकुमार व विकास ओला को उपाध्यक्ष, राजेंद्र चौधरी अमरचंद बीरमी और युवराज सिंह कस्वां को संयुक्त सचिव चुने गए। उद्घाटनकर्ता के रूप में डॉ. संजय माधव ने उद्बोधन देते हुए शिक्षा के बाजारीकरण पर खुलकर अपनी बात रखी। वही डॉ. संदीप मील एसएफआई के आदर्श वाक्य ‘शिक्षा और संघर्ष’’ का विस्तृत वर्णन किया और इस नारे का महत्व बताया तथा एसएफआई के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जाखड ने ऐसा कहा कि राजस्थान राज्य में एसएफआई की छात्र संघर्ष में बढ़ती भूमिका को बताते हुए बनने वाली नई कमेटी को जिला जयपुर में छात्र संघर्ष को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन दिया तथा नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित कर क्रांतिकारी बधाई दी। इस दौरान इस दौरान देवेन्द्र महरिया, मोहन मान, हरिशंकर मांडिया, मोहित सैनी, दशरथ, पवन, सक्षम, देवराज ,कमलेश, तनिष्क, प्रदीप,अमित आदि छात्र मौजूद रहे।

### बैडमिंटन लीग में डॉक्टर्स में मुकाबला

**जयपुर** (कासं)। पेटीएम डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के चतुर्थ संस्करण में महिला वर्ग और पुरूष वर्ग के टीम इवेंट लीग मैचेज हुए। लीग चैयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि आज खेले गये मैचेज में पुरूष वर्ग की टीम इवेंट प्रतियोगिता में, श्री हॉस्पिटल ने एच.सी.जी.हॉस्पिटल को 4-1 से हराया। उर्मिल हॉस्पिटल/राणा ऑर्थो केअर ने सी.के.बिरला को 3-2 से हराया। फ्लो केअर हॉस्पिटल ने कदम टेक हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। रावत आई हॉस्पिटल सी3जे बेंडर्स से 3-1 से आगे है और एक मैच खेलना बाकी है। एक अन्य मैच में सी 3 जे बेंडर्स ने जीवन रेखा हॉस्पिटल को 4-1 से हराया। कदम टेक हॉस्पिटल महात्मा गांधी हॉस्पिटल से 3-1 से आगे है और एक मैच खेलना अभी बाकी है। एक अन्य मैच में महात्मा गांधी हॉस्पिटल व कॉसमॉस हॉस्पिटल 2-2 से बराबर हैं और एक मैच खेला जाना बाकी है। रावत आई एवँ न्यूरो साइंस के बीच मुकाबला 1-1 से बराबर है और 3 मैच खेले जाने बाकी हैं। लीग को चैयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि जयपुर न्यूक्लियर साइंस एवँ दूबे जोइंट्स क्लीनिक का मुकाबला भी 1-1 से बराबर है। लीग कोऑर्डिनेटर प्रेम चौधरी ने बताया कि महिला टीम इवेंट वर्ग में रघुदीप हॉस्पिटल ने ए एल सी एस को 3-2 से हराया। एक अन्य मैच में रघुदीप हॉस्पिटल ने जयपुर हार्ट सेंटर को 5-0 से हराया। लिपि क्लीनिक ने माया आई हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। एक अन्य मैच में माया आई हॉस्पिटल,साक्षी स्किन केअर से 2-0 से आगे है।

### महिला सदन की व्यवस्थाओं पर चर्चा

**जयपुर**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित संभाग स्तरीय राज्य महिला सदन जयपुर बैठक आज सोमवार को राज्य महिला सदन में अध्यक्ष जाहिदा शबनम की अध्यक्षता में बैठक अयोजित हुई। बैठक में राज्य महिला सदन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई, जिसमें अध्यक्ष जाहिदा शबनम द्वारा आवासनियों के मानसिक शारिरिक व आर्थिक विकास एवं संरक्षण के साथ ही उनके पुर्नवास हेतु सुझाव दिये। जाहिदा शबनम ने आवासित महिलाओं की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सदन में हाई रेज्युलेशन कैमरा लगाने और राजस्थान पुलिस के अभयकमांड सेन्टर से जुड़वाने पर भी जोर दिया। साथ ही महिलाओं की काउंसलिंग के लिए प्रत्येक माह सेशन करवाने एवं स्थायी काउंसलर नियुक्त करने का भी सुझाव दिया।

### नरेन्द्र सिंह व चारू मीणा ने संभाला पदभार

**जयपुर**। सहायक जनसंपर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत और चारू मीणा ने सोमवार को जयपुर कलक्ट्रेट में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में एपीआरओ का पदभार ग्रहण कर लिया। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के उपनिदेशक मान सिंह मीणा ने दोनों अधिकारियों को पद के दायित्वों और जनसंपर्क सेवा की बारीकियों से रूबरू करवाया। मीणा की अगुवाई में दोनों अधिकारियों ने जिला कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की और मार्गदर्शन लिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने शुक्रवार को सहायक जनसंपर्क अधिकारियों के पदस्थापन आदेश जारी किये थे। जिसकी अनुपालना में नरेन्द्र सिंह शेखावत और चारू मीणा ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया।

### डीजीपी ने खिलाड़ियों को बधाई दी

**जयपुर**। डीजीपी उमेश मिश्रा ने अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती कलस्टर में राजस्थान पुलिस के पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती कलस्टर में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 9 रजत, 6 कांस्य समेत 21 पदक जीते है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट में 87 लोग सम्मानित

**जयपुर**। यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर द्वारा राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा, जयपुर में ‘‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट-2022’’ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कई राज्यों के 87 से अधिक कॉर्पोरेट व्यक्तियों को उनके योगदान और समाज के समर्थन जैसे महत्वपूर्ण योगदान के लिए यूईएम द्वारा सम्मानित किया गया।




विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत और विदेशों की विभिन्न कंपनियों के प्रतिष्ठित पदाधिकारियों ने ‘‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोजगार पर उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रभाव’’ पर चर्चा की। साथ ही यह भी चर्चा हुई कि हम विभिन्न मानदंडों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित उद्योग-पेशेवरों को भी सम्मानित करेंगे।

शिखर सम्मेलन सह पुरस्कार समारोह एक मंच के रूप में कार्य करेगा, जहां उद्योग के नेताओं और शीर्ष एचआर पेशेवरों को नई प्रौद्योगिकियों की शुरूआत के कारण आने वाले बदलाव की झलक मिलेगी और उन्हें अपने जनशक्ति संसाधनों को पुन: व्यवस्थित करने के लिए उपयुक्त आवश्यक उपाय करने में सक्षम बनाया जाएगा। इस संगोष्ठी का फोकस उस प्रभाव के विश्लेषण पर होगा जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, 3डी प्रिंटिंग, ब्लॉकचैन और क्रिप्टोग्राफी, रोबोटिक्स, मेटावर्स आदि का जॉब मार्केट पर पड़ेगा और सूक्ष्म स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करेगा। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, डीन प्रो. डॉ.अनिरुद्ध मुख़र्जी, प्रो.उमेश गुरनानी, प्लेसमेंट विभाग के अनीश विश्वनाथ, शंकर सिंह, राजा सरकार, सचिन पांडेय, अनुज सेठी, परियोजना उप निदेशक संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे।

# संविदा नर्सिंगकर्मियों और पुलिस में झड़प

**जयपुर**। प्रदेश में नर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती करने और पद बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को संविदा नर्सेज एसोसिएशन के कर्मचारियों ने टोंक रोड पर प्रदर्शन किया। इस दौरान रामबाग चौराहे पर उनकी पुलिस से मामूली झड़प भी हुई। इसके बाद पुलिस ने 8 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

दरअसल 1289 नर्सेज ऑफिसर और 3940 नर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती का प्रस्ताव वित्त विभाग में अटका है। इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द पास करने और पदों की संख्या में बढ़ोतरी के लिए सोमवार को संविदा पर काम कर रहे नर्सिंग कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। जयपुर में टोंक रोड पर नेहरू उद्यान से स्वास्थ्य भवन तक पैदल मार्च निकलने के दौरान जब प्रदर्शनकारी रामबाग चौराहे पर पहुंचे तो उन्हें पुलिस फोर्स ने उनको रोक लिया। पैदल मार्च को रोकने से गुस्साएं प्रदर्शनकारियों की पुलिस के जवानों की मामली झड़प भी हुई। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और 8 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। उधर राजस्थान नर्सेज़ संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक मनोज दुब्बी ने इस पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सविदा नर्सेज़ पद वृद्धि की मांग को लेकर चिकित्सा मंत्री से संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में सिविल लाइन मुख्यमंत्री से मिलने की लिए शांतिपूर्ण तरीके से जा रहे थे। इस बीच में पुलिश प्रशासन में उन्हें रोककर लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। इससे कई सविदा नर्सेज़ को गहरी चोट आई।

# उपायुक्त के खिलाफ जुटे पार्षद



**ग्रेटर निगम मुख्यालय में भाजपा पार्षदों ने धरना देकर विरोध किया।**

**जयपुर** (कासं)। जगतपुरा जोन उपायुक्त ममता नागर के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने सोमवार को ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय पर धरना दिया। धरने में पार्षद अरुण शर्मा, विनोद शर्मा, अंकित वर्मा, ममता शर्मा, श्रवण जाट शामिल हुए। इन्होंने काफी देर तक कमिश्नर महेन्द्र सोनी के दफ्तर के बाहर धरना देकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उनसे समझाइश भी करनी चाही, लेकिन पार्षद नहीं माने। पार्षद रामस्वरूप मीणा ने उपायुक्त पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि जोन में कई पट्टे उपायुक्त की वजह से अटके हुए है। सही फाइलों को भी वे अटका रही हैं। यही नहीं ममता नागर न तो पार्षदों का फोन उठाती हैं और ना ही उनसे ठीक तरह से बात करती है। करीब एक घंटे तक चले धरने के बाद अतिरिक्त आयुक्त ने पार्षदों से बात की और इस दिशा में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद पार्षद धरने से उठे।

## दवाईयां उपलब्ध कराने की मांग

**जयपुर**। शहर के जेके लॉन हॉस्पिटल में दुर्लभ गंभीर बीमारियों से झूझ रहे बच्चों के परिजनों ने सोमवार को अस्पताल अधीक्षक से इलाज के लिए दवाईयां उपलब्ध करवाने की मांग की। हॉस्पिटल में जिन 14 बच्चों का इलाज चल रहा है, वे स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी नाम की बीमारी से ग्रसित है। इस बीमारी के इलाज में मरीज को 6 लाख रुपए से लेकर एक करोड़ रुपए की कीमत तक के इंजेक्शन लगते है। हॉस्पिटल सुप्रीडेंट डॉ. आर.के. गुप्ता ने बताया कि इस बीमारी के लिए सरकार के निर्देश पर हॉस्पिटल से करीब 1 करोड़ रुपए और अलग-अलग कंपनियों के क्राउड फंड से 13 लाख रुपए उपलब्ध करवा दिए है। उन्होंने बताया कि इस दुर्लभ बीमारी से ग्रसित हॉस्पिटल में 14 बच्चों का इलाज चल रहा है और एक मरीज के इलाज पर 75 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का खर्चा आता है। इनमें से कुछ मरीज ऐसे है जिनके इलाज का खर्चा एक करोड़ रु. से ज्यादा आएगा।

# हरिद्वार में ‘‘जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी-2022’’ प्रतियोगिता में राजस्थान ने जीता स्वर्ण पदक

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान स्टेट कबड्डी संघ द्वारा 48वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी 2022 प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) हरिद्वार, उत्तराखंड में आयोजित हुई। जिसमें राजस्थान पुरुष वर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस दौरान राजस्थान पुरुष टीम का क्वार्टर फाइनल मुकाबला बिहार के साथ हुआ जिसमें 47/26 का स्कोर रहा और सेमी फाइनल चंडीगढ़ के साथ रहा इसमें 44/69 स्कोर रहा और फाइनल मैच राजस्थान टीम ने हरियाणा के साथ खेल कर विजेता हासिल की जिसका 36/23 का स्कोर रहा। मैच में राजस्थान जूनियर कबड्डी टीम के कप्तान गंगाराम, कोच सोहनलाल चौधरी, मैनेजर शंकर लाल पहाड़िया मौजूद रहे।




**राजस्थान स्टेट कबड्डी संघ द्वारा उत्तराखंड़ स्थित हरिद्वार में आयोजित 48वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान पुरुष वर्ग ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद खुशी जताई।**

राजस्थान स्टेट कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह ने बताया कि राजस्थान में काफी समय के पश्चात जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करके जीत हासिल की हैं। 48वीं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान को स्वर्ण पदक मिलना राजस्थान की कबड्डी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैं।



## Go For A Ride Day

Go For A Ride Day encourages you to get out into the world - hop on your bike or into your car and go on a trip. Don't worry too much about where you're going, just enjoy the journey. What with all of the cell phones and emails constantly intruding on our lives, we can all agree that everyone needs some time to just get away from it all and feel free every now and then. And what better way to do that then to just go for a ride!



#INNOVATION

# Genetically Engineered Houseplant

The future of air filtration is going green – literally



For those of us with seasonal depression or anxiety, houseplants can offer immense comfort. In fact, adding loads of leafy things to your home has been shown to boost mood and relieve anxiety – in short, they help us (metaphorically) breathe a bit easier. But now, a specially designed plant can literally clear the air.

A Paris-based start-up called Neoplants aims to harness the natural air-filtering properties of plants and turn them up to 11. By genetically engineering both a pothos (Epipremnumaureum) plant and its associated root microbiome, the team behind Neoplants created an organism they claim is capable of doing the air-purifying work of up to 30 plants. The company's first high-tech houseplant, called Neo P1, recently hit the market.

Neoplants decided to tinker with flora because they wanted a way to purify air without using electricity - this was mainly for sustainability purposes, ensuring that their product wouldn't require power from fossil fuels and could recycle pollutants permanently.

Coincidently, public interest in air quality has peaked in recent years. "One of the side effects of the pandemic is that people are much more aware of what's in the air they breathe," says Patrick Torbey, a molecular biologist and chief technical officer of Neoplants.

Not to mention, worsening wildfires sparked by climate change-fuelled drought and rising temperatures have made indoor air quality a priority for the millions of people affected globally.

Now, by providing green, electricity-free air filtration, Neoplants hopes to rid your home of both pollutants and stress.

Here's the background – Volatile organic compounds (also known as VOCs) are highly reactive chemicals that are commonly found in things like paints, cleaning supplies, building materials, and pesticides. As a result, they tend to be abundant in indoor air. Unfortunately, they're not particularly good for human health - VOCs are known to cause headaches, eye and throat irritation, and in some extreme cases, even liver damage or cancer.

The trouble is, most VOCs are very tiny molecules, which makes them extremely difficult to remove from indoor air with a mechanical filter. Even the molecules large enough to be filtered are simply removed and re-released in a different location, rather than neutralized or eliminated completely.

But plants have an advantage here over HEPA filters: Their small size means that VOCs can be absorbed and metabolized by greenery with relative ease. While a commonly cited 1989 NASA report claimed that plants can clear the air in a closed environment, more recent research found that flora only has a modest effect on these types of pollutants.

It turns out that plants just need a little metabolic tweaking to get the job done, according to the Neoplants team.

What's new – Neoplants' first product is designed to please. "We started with one of the most popular houseplants in North America," the pothos vine, which is also known as devil's ivy, says Lionel Mora, the start-up's co-founder and chief executive officer.


To program the pothos vine to scrub the air, the team had to go where no lab had gone before. Most bioengineers start with a lab-friendly model organism, like Arabidopsis thaliana or Nicotianabenthamiana, whose genomes are mapped and annotated six ways to Sunday.

But the Neoplants team had to map the entire pothos genome themselves, and then determine which genes to target for maximum VOC filtration. "It's like trying to build a plane while flying," Torbey says.

The process took four years of near-constant work, but in the end, the engineers managed to create a plant that can metabolize four major indoor air pollutants, including formaldehyde and toluene. The customized flora can even absorb certain VOCs, like the carcinogen benzene, that are present in wildfire smoke.

But the real breakthrough came from modifying the microorganisms living in the plant's roots. The team inserted genes from extremophile bacteria, which thrive in inhospitable environments by eating toxic chemicals, into these symbiotic microbes. This tweak in turn boosted the plant's pollutant-metabolizing capacity.

And to ensure that they comply with FDA standards, the engineers were careful to avoid sections of the genome that could enhance the plant's survival in the wild. "We don't give a selective advantage to the plant. We don't make it grow faster, we don't increase its resistance to pesticides," Torbey explains. "We're not touching any of that."




The dish was aloo-pyaz curry and a thick hath ki roti, baked on a griddle, placed upside down on an earthen chulha. Impatiently I dipped a piece of roti in the curry and put in the mouth full of saliva. Instantaneously my mouth, stomach and entire digestive system got burnt not with the heat of the food but the chilli, making me cry, forgetting all manners. I used water to douse the fire but of no avail. Within seconds my head and face were full of sweat and water started flowing from nose and eyes.



# Hokum! Nakhi Koni (...2)



Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex field director project tiger Sariska & keoladeo national park, Bharatpur*

#NEW LANDS

To have my first field experience I had been assigned an enquiry by my boss, the DFO Udaipur, in the forests falling under the naka Kodiyat. After the driver was gone, Chen Singh, the Forest Guard, presently in-charge of this naka, gave me a detailed information about the working and mal practices adopted by the cooperative society so far, for illicitly smuggling bamboo and other timber from areas not falling under its lease agreement. He had booked number of cases against the society's staff and labourers. I decided to inspect the area early morning the next day.

Now Chen Singh enquired if I would like to have chicken, which he cooks so well but was really fond of vegetables, I asked him to cook vegetables and dal (pulses) in good quantity for me in every meal during my entire stay here, to which he nodded respectfully. Being advised so Chen Singh took excuse to cook food and I proceeded to enjoy long bath with the cool fresh water drawn from the well. What a great relief in feeling the cool water poured over head and body on a hot day, after an arduous journey!

The luxurious bath had raised my appetite several pangs over, causing strong twists in the intestine. Chen Singh was cooking delicious food as was evident from the mouth-watering aroma rising from the open kitchen. Impatiently I was checking my watch; it was minutes past eight that Chen Singh appeared to invite me to the small table where he had laid the freshly prepared food. The dish was aloo-pyaz curry and a thick hath ki roti, baked on a griddle, placed upside down on an earthen chulha. Impatiently I dipped a piece of roti in the curry and put in the mouth full of saliva. Instantaneously my mouth, stomach and entire digestive system got burnt not with the heat of the food but the chilli, making me cry, forgetting all manners. I used water to douse the fire but of no avail. Within seconds my head and face were full of sweat and water started flowing from nose and eyes. Chen Singh rushed to me slipping the half processed bread from his hand, to enquire what had gone wrong!

I shouted at him for putting so much chilli in the vegetable. Highly apologetic he brought ghee and poured lots of it in the vegetable to neutralize the chilli effect but this was not ineffective enough. I was dead hungry and could not touch the vegetable so I rolled rotis with the heavy fill of sugar and ghee to douse my stomach fire and left the table with dissatisfaction, after warning Chen Singh not to repeat the experience in the morning. Highly apologetic he swore to use very little chilly in my food in future.

Next day early morning he took me to the site. On inspecting the forest area leased out to the society by the government for bamboo extraction, I found that the extraction work was being done in most unscientific way; bamboo poles were cut not flush to ground but at 12-15 inch height from the ground, thus wasting important forest produce, which would now work as an important apparatus in assisting ground fire.

### Illicit Felling

Naturally the society was saving labour costs at the cost of invaluable forest. I also found some stacks of bamboo and other timber, brought from outside the lease area. I banged their supervisor and seized these for legal action. I wanted to inspect the areas so effected by such illicit fellings. Chen Singh showed me one such forest, located adjacent to the western boundary of this lease area and then left for the naka to cook food for us, leaving his two men for my assistance. Combing the forest spread over the undulating hills, in search of bamboo clumps and trees subjected to illicit felling was an arduous task, in this hot weather. At 1pm we started returning and reached the naka in an hour's time, taking several shortcuts.

The refreshing ever soothing bath in the cool well water freed me from the excursion fatigue to a great extent but doubled my hunger. Fortunately this time Chen Singh did not take much time in inviting to lunch. The aroma rising from the food and the peaked appetite had filled my mouth with saliva. It was delighting to find urad ki dal and another vegetable with the nicely baked hath ki roti pasted with ghee, placed on the table. Impatiently I grabbed the roti and took a mouth full after dipping a huge piece in the dal but I could not even begin to chew it, as just the touch of the stuff on my tongue was good enough to make me emit a loud cry. The chilli had burnt my entire system. Chen Singh ran to me and was shaking before me seeing my pitiable condition with running nose and eyes. I knew from yesterday's experience that water could do no good yet I was taking gulps in frustration. The apologetic guard-cook was trembling in fear before me but how could it help me except controlling my anger to some extent. I again resorted to ghee soaked sweet rolled breads and retired to my room for some rest.




### Hyena Sighting

The evening forest inspection was more tedious and I could not spare Chen Singh to cook food therefore he assigned this duty to his trusted assistant Mangala with clear instructions not to use chilli for my food. We collected several evidences of illicit felling of bamboo as well as other tree species like Dhavada (Anogeissuslatifolia), khair (Acassia catechu)-the kattha-tree, haldu(Adina cordifolia) and khirni (Wrightiatinctoria)-much used for toy making etc.

We were busy in the field exercise till late evening. Now negotiating the undulating hills full of



**What a great relief in feeling the cool water poured over head and body on a hot day, after an arduous journey! The luxurious bath had raised my appetite several pangs over.**

shrubs and stumps was making our return pretty difficult for want of adequate sky light. Chen Singh's had prepared a mashal (torch), wrapping an old rag of cloth and grass on a dry bamboo stick. It was of some help under this faded moon light. He was sharing his anxiety about the fast disappearance of khirni trees, as the species is in high demand in the famous wooden toy industry of this region, for its softness and tool friendliness.

I was absorbed in thinking, I wanted to recommend deputation of at least two addition forest guards on this naka, in my report, suddenly on a turn we encountered a hyena devouring some huge cow like carcass. The animal so disturbed by our sudden intrusion in the midst of its meal, showed its utter displeasure, emitting a frightening sound. It was so close to our track that we had to immediately back track to evade the possible accident. To our great fortune the stripped animal, imitating a tiger in the faded light, did not run after us albeit it scared us immensely to speed up our pace.

It was my first hyena sighting in the wild, quite scary in this unknown jungle to me.

It was half past eight when we reached back the naka. The hunger which had subsided for the time being after the frightening hyena mock charge, had again intensified.

To our pleasure Mangala was prepared to serve us food but I was dripping with sweat and could not seize the temptation of pouring cool well water over my perspiring body. It was a heavenly experience after such an exhaustive field trip but the ever rising hunger turning





**Later on Chen Singh apologetically explained that Mangala is a loyal to hard core and won't dare defying any orders but the fact is that due to shortage of vegetables and pulses in the jungle, they all had become used to eating lot of chilli and it is this practice of several years that they have forgotten to imagine food without chilli.**

to grave pangs did not permit a long bath. Food was already laid on the table and I rushed to devour it forgetting morning's chilli experience, in spite of the familiar aroma emitting from the vegetable. Also this time the safety cap was the instruction already given to Mangala not to use any chilli in my food. And hastily I gulped a bit large piece of the well baked buttered bread after dipping in to the vegetable bowl and instantly my scream filled the room. Chen Singh rushed to me with perplexed face; frightened but more inquisitive to learn this time what? Water was dripping from my eyes and nose, not allowing me to speak out my agony, putting aside hand fanning my burning mouth. He had witnessed this condition twice earlier too but then chilli was the main culprit but this time he had banned Mangala from using any chilli in my food; was the chief reason of his confusion.

A really worried Chen Singh wanted to know from me the reason for my condition. With great effort I turned to him. The anger in my burning eyes was good enough to shake up the traditionally loyal staff but I could hardly utter 'chilly', pointing at the vegetable. And again I got busy in dealing with my incessant hiccups. Mangala had also reached us by then. Now Chen Singh all in rage, staring at him with frightful red eyes, banged him demanding explanation as to why did he use chilli in spite of his clear instructions. The frightened Mangala with trembling legs and hanging head, displaying his obedience and loyalty, opened his mouth and mildly replied, Hokum! Nakhi Koni( I did not use any chilli).

### Shaping My Career

His reply filled me with fury and Chen Singh thought it better to leave me alone for some time. It took me about ten long minutes to control the bust of fire, tears and anger and by that time ghee and sugar had already been placed by the loyals. And thus for the third time I, a voracious vegetable eater, compromised on rolled sweet bread alone.

Later on Chen Singh apologetically explained that Mangala is a loyal to hard core and won't dare defying any orders but the fact is that due to shortage of vegetables and pulses in the jungle, they all had become used to eating lot of chilli and it is this practice of several years that they have forgotten to imagine food without chilli. That is why unmindfully his order of no chilly got moderated to less chilli and Mangla's sense of less chilli no different from his guru Chen Singh, resulted in to another repetition of the tragedy.

I could very well visualize this first introduction to the field, was a promise to me of a thorough training during the entire probation period, in all spheres. It pinched those days but later on proved fruitful in bearing the brunt of rough times in the field during the long forest career and with much gratitude I feel indebted to Chen Singh, Mangala and many more alike who knowingly-unknowingly became part of this training apparatus during the probation period.

I owe to them a lot for their contribution in shaping my career. My forest career remained full of adventures and thrilling experiences but that evening meal at Kodiayat and particularly the innocently uttered words, Hokum! Nakhi Koni, by Mangala, have left permanent imprint on my memory, to cherish the past.

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com



#FOOD-TALK

# Highly Processed Food Are Addictive

The addictive potential for food such as potato chips, cookies, ice cream, and French fries may be a key factor contributing to the high public health costs associated with a food environment.



Just like tobacco products, highly processed foods can be considered addictive, researchers report.

Researchers have debated the question for years as unhealthy diets are often fueled by foods loaded with refined carbohydrates and added fats.

To find a resolution, a new analysis took the criteria used in a 1988 US Surgeon General's report that established that tobacco was addictive and applied it to food.

Based on the criteria set for tobacco, the findings indicate that highly processed foods can be addictive, says lead author Ashley Gearhardt, an associate professor of psychology at the University of Michigan, and Alexandra DiFeliceantonio, assistant professor at Virginia Tech.

In fact, the addictive potential for food such as potato chips, cookies, ice cream, and French fries may be a key factor contributing to the high public health costs associated with a food environment dominated by cheap, accessible, and heavily marketed highly processed foods, the researchers say.

The research, published in the journal Addiction, offers evidence that highly processed foods meet the same criteria used to identify cigarettes as an addictive substance:

- They trigger compulsive use where people are unable to quit or cut down (even in the face of life-threatening diseases like diabetes and heart disease).
- They can change the way we feel and cause changes in the brain that are of a similar magnitude as the nicotine in tobacco products.
- They are highly reinforcing.
- They trigger intense urges and cravings.

"Of note, there is no biomarker in the brain that tells us whether something is addictive or not," Gearhardt says.

"Identifying that tobacco products were addictive really boiled down to these four criteria, (which) have stood up to decades of scientific evaluation. Highly processed foods meet every single one of these criteria."

The ability of highly processed foods to rapidly deliver unnaturally high doses of refined carbohydrates and fat appear key to their addictive potential, says DiFeliceantonio.

Highly processed foods contain complex substances that cannot be simplified to a single chemical agent acting through a specific central mechanism. The same can be said for industrial tobacco products, which contain thousands of chemicals including nicotine, Gearhardt says.

When the Surgeon General's report was released more than 30 years ago, tobacco products were the largest cause of preventable death. But many people and tobacco manufacturers resisted accepting their addictive and harmful nature.

"This delayed the implementation of effective strategies to address this public health crisis, which cost millions of lives," says Gearhardt, who directs the University of Michigan's Food and Addiction Science and Treatment lab.


"When we realized tobacco products were addictive, it made us realize that smoking wasn't just an adult choice, but that people were getting hooked and couldn't stop even when they really wanted to. This same thing appears to be happening with highly processed foods and this is particularly concerning because kids are a major target of advertising for these products."

Poor diets dominated by highly processed foods now contribute to preventable deaths on par with cigarettes. Similar to tobacco products, the food industry designs their highly processed foods to be intensely rewarding and hard to resist, the researchers say.

"It is time to stop thinking about highly processed foods just as food, but instead as highly refined substances that can be addictive," DiFeliceantonio says.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दंपती पर पेट्रोल डालकर जलाने की वारदात का खुलासा

## देवगढ़ थाना अधिकारी एवं कामलीघाट चौकी प्रभारी को किया निलंबित

**देवगढ़, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि देवगढ़ थाना क्षेत्र के हीरा की बस्सी मैं दुकान में दंपत्ति पर पेट्रोल डालकर जलाने की घटना के मामले में 24 घंटे में खुलासा करते हुए प्रथम दृष्टया चार आरोपियों को हिरासत में लिया और अन्य संदिग्ध आरोपियों को डिटेन कर उससे पूछताछ की जा रही है। और उक्त मामले में आला अधिकारियों ने देवगढ़ थाना अधिकारी शैतान सिंह नाथावत और कामलीघाट चौकी प्रभारी राजू सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में अठिाम अनुसंधान तक निलंबित करने के आदेश जारी किये गए।

ज्ञात रहे कि रविवार रात एसआर पेट्रोल पंप के सामने स्थित दुकान एवं दुकान के पीछे बने भाग में रविवार रात खाना खाते समय 10-12 आरोपियों ने पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना को अंजाम दिया उक्त मामले में पीड़ित नवरत्न लाल पिता रंग लाल प्रजापत ने देवगढ़ चिकित्सालय में डॉक्टर शांतिलाल की उपस्थिति में उपस्थित पुलिसकर्मियों के समक्ष बयान देते हुए बताया दुकान पर खाना खाते समय 10 12 जने जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर भाग गए और मेरे बेटे मुकेश ने पानी डालकर मुझे बचाया नहीं तो मैं जलकर मर जाता इस दौरान मेरी पत्नी जमना देवी भी आग से जल गई। उक्त बयान के आधार पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस उप निरीक्षक प्रताप सिंह ने मौके की तफ्तीश और जांच पुलिस थाना अधिकारी शैतान सिंह नाथावत के जिम्मे की गई।

देवगढ़ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एस आर पेट्रोल पंप के सामने देव नारायण मंदिर की जमीन के विवाद के चलते 10-12 बदमाशों ने एक चद्दरनुमा दुकान में घुस कर रविवार रात को पेट्रोल बम्ब फेंके जिससे दुकान में आग लग गई जिसमें खाना खा रहे मंदिर के पुजारी एवं उसकी पत्नी गम्भीर तरह से जुलस गए जिन्हें 108 एम्बुलेंस से देवगढ़ हॉस्पिटल लाया गया।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एसआर पेट्रोल पंप के सामने मंदिर की जमीन के विवाद के चलते 10-12 बदमाशों ने एक चद्दरनुमा दुकान में घुस कर रविवार रात को पेट्रोल बम्ब फेंके जिससे दुकान में आग लग गई जिसमें खाना खा रहे मंदिर के पुजारी नवरत्न लाल उम्र 75 वर्ष पिता रंगलाल प्रजापत एवं उसकी पत्नी जमना देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी निवासी हीरा की बस्सी बुरी तरह से जुलस गए। आग की लपटों ओर धुंए को देखकर गांव वाले मौके पर पहुँचे ओर आग बुझाई ओर देवगढ़ पुलिस एवं 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।

ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से दोनो घायलों को देवगढ़ हॉस्पिटल भेजा। जहां डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. शांतिलाल एवं टीम ने उपचार शुरू किया। जिसमे गम्भीर घायल पुजारी नवरत्न प्रजापत 80 प्रतिशत झुलस गया जिसे हॉस्पिटल में उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलनेपर देवगढ़ थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत मय जाप्ता मौके पर पहुँचे ओर हालात का जायजा लिया वही तहसीलदार मुकन्द सिंह, एसआई प्रताप सिंह मय जाप्ता पहुँचे ओर हॉस्पिटल में कार्यवाही शुरू की। इस दौरान हॉस्पिटल में काफी भीड़ एकत्रित हो गई।

# तीन राज्यों का कुख्यात इनामी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## मुठभेड़ के दौरान बदमाश के अन्य साथी मौके से भाग निकले



सदर थाना बाड़ी एवं बसईडांग थाना थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने बदमाश पकड़ा।

**बाड़ी, (निस)।** धौलपुर जिले की सदर थाना बाड़ी एवं बसईडांग थाना थाना पुलिस और डीएसटी टीम की रविवार रात्रि को डांग क्षेत्र में डकैतों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस ने ईनामी बदमाश रामगोपाल उर्फ भोटा गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश रामगोपाल 3 राज्यों से वांछित अपराधी है। जिस पर 14 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के अन्य साथी मौके से भाग निकले, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस ने इनामी बदमाश की सूचना अन्य राज्यों की पुलिस को भी दे दी है। धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर देर रात्रि को बसई डांग थाना क्षेत्र के चिलीपुरा गांव के पास से आरोपी रामगोपाल उर्फ भोटा गुर्जर पुत्र सुन्दर सिंह उम्र 25 साल निवासी चिलीपुरा कस्बा नगर थाना बसईडांग जिला धौलपुर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। जिस पर कुल 14 हजार रुपये का ईनाम घोषित है। जिसमें धौलपुर एसपी की ओर से 5 हजार, करौली एसपी की तरफ से 2 हजार, यूपी के आगरा एसपी की तरफ से 5000 और एमपी के मुरैना एसपी की तरफ से 2 हजार रुपए का ईनाम घोषित है। आरोपी भोटा लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, हत्या जैसे संगीन मामलों में वांछित था। जिसकी तीन राज्यों की पुलिस को तलाश थी। भोलापुरा से किया पुलिस ने पीछा, चिलीपुरा में जाकर दबोचा। बाड़ी सीओ मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सदर थाना प्रभारी हीरालाल, बसई डांग थाना प्रभारी मोहन सिंह के साथ डीएसटी टीम लगातार आरोपी का पीछा करते हुए रविवार की रात्रि को डांग के भोलापुरा पहुची। जहां बदमाशों और पुलिस के बीच फायरिंग भी हुई। जिसमें बदमाशों द्वारा 20 राउंड और पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में 22 राउंड गोलियां चलाई गई। इस दौरान पुलिस ने पीछा करते हुए भोटा गुर्जर को चिलीपुरा से गिरफ्तार कर लिया।

# नाकाबंदी तोड़ भागे तस्करों पर पुलिस ने फायर किया

■ छह लाख की शराब जब्त, पिकअप चालक सहित दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** टीडी थाना पुलिस ने नाकांबंदी तोड कर भागे पीकअप वाहन पर फायरिंग कर वाहन को रोक छह लाख रूपये की अवैध शराब सहित वाहन जब्त कर चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान टीडी थानाधिकारी कमलेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नाकाबंदी की। इस दौरान पीकअप वाहन चालक द्वारा नाकाबंदी तोड़ भागने पर थानाधिकारी कमलेन्द्र सिंह मय टीम ने पीछा कर एक राउण्ड हवाई फायर किया। चालक ने वाहन को नहीं रोक रिवर्स लेकर पुलिस वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया। इसी दौरान एक राउण्ड टायर पर फायर करने पर टायर फूटने से टीडी अंडरब्रिज के पास गाडी रूक गई। पकडे जाने के भय से चालक व खलासी गाडी छोड़ भागे जिन्हें पुलिस दल ने दबोच लिया।

पूछताछ में नान्दवेल फला तालाब का कुआ डबोक निवासी कैलाश पुत्र चुन्नीलाल, लौहारवा थाना धोरी मन्ना बाडमेर निवासी खंगारारम पुत्र सवाईराम बताया। तलाशी ली तो वाहन में अवैध शराब के 133 कर्टन पाए गए। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस ने वाहन सहित शराब जब्त कर चालक व खलासी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया। जिसकी जांच जावरमाइन्स थानाधिकारी अनिल कुमार को सौंपी।

# विदेशी महिला ने भारत भ्रमण का झांसा देकर खाते में डलवाए 7.14 लाख

## खुद को मुसीबत में बता कर युवक से खाते में कई बार रुपये डलवाए

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के एक युवक को विदेशी महिला से फेसबुक पर दोस्ती करना भारी पड़ गया। विदेशी महिला ने भारत भ्रमण की इच्छा जताई और दिल्ली इंटरनेशल एयरपोट पर आने की जानकारी दी। खुद को मुसीबत में बता कर युवक से खाते में कई बार में 7.14 लाख रूपए डलवा दिए। बाद में 19 लाख की और डिमांड कर डाली। इस पर पीड़ित को ठगी का पता लगा।अब पुलिस में इसकी रिपोर्ट दी है। भगत की कोठी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि रामदेव चौक भगत की कोठी निवासी सूरज प्रकाश गुर्जर की तरफ से धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहता है। फेसबुक और वाटसअप चलाता है। कुछ रोज पहले उसकी पहचान फेसबुक पर लंदन की विक्टोरिया ऑस्टिन नाम की महिला से दोस्ती हो गई थी। बाद में दोस्ती बढ ऩे के साथ उसने वाटसअप नंबर मांगे थे। फिर वाटसअप पर भी सीधी बातें होने लगी। इस बीच उसने भारत भ्रमण की इच्छा जताते हुए 13 से 15 नवंबर तक का लंदन से दिल्ली तक एयर टिकट उसे भेज दिया।

14 नवंबर को सूरज प्रकाश गुर्जर के पास में किसी अज्ञात महिला का फोन आया कि उसकी महिला मित्र नई दिल्ली एयरपोर्ट पर आई है। उसके पास में 500 हजार पौंड है जोकि भारतीय करेंसी के हिसाब से पांच करोड़ रूपए होते है। इसके लिए उसे गिरफ्तार करने के साथ सामान जब्त किया जा सकता है। इसके लिए अपनी महिला मित्र को बचाने के लिए खाते में 45 हजार 500 रूपए जमा करवाने होंगे। इस पर सूरज प्रकाश ने विदेशी महिला मित्र की मदद करने को लेकर इंडियन बैंक के मार्फत खाते में उक्त राशि का जमा करवा दिया। बाद में बताया गया कि ड्रग सर्टिफिकेट बनाने के लिए खाते में 1.90 लाख जमा करवाने होंगे। तब पीड़ित ने 1.85 लाख खाते में एवं पांच हजार रूपए फोन पे के माध्यम से जमा करवा दिए।

अज्ञात महिला द्वारा बताया गया कि उसकी महिला मित्र को 15 नवंबर को सुबह बिना रोकटोक के जोधपुर भेज दिया जाएगा। 15 की सुबह फिर फोन आया कि उसके द्वारा भेजी गई रकम ट्रांसफर नहीं हो पा रही है। इसके लिए यूनाइटेड किंग्डम कोर्ट लंदन से ऑर्डर लेना होगा। सूरज प्रकाश ने बाद में अज्ञात महिला द्वारा बताए अनुसार यश बैंक एवं केनरा बैंक के माध्यम से 4.79 लाख रूपए खुद के और पत्नी के खाते से जमा करवा दिए। मगर बाद में फोन आया कि इतनी बड़ी राशि को कनवर्ट करने लिए 19 लाख 81 हजार रूपए चाहिए। इस पर पीड़ित सूरज प्रकाश ने अपने मित्र से बात की तो पता लगा कि उसके फ्रॉड हुआ है। उसके साथ में 7 लाख 14 हजार 505 रूपयों की ठगी कर ली गई। अब पीड़ित ने पुलिस में इसकी प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

# दो मोटरसाइकिलों को जलाने का आरोप

**सादुलपुर, (निस)।** मानपुरा हाल कस्बा राजगढ निवासी एक महिला ने अपने पति को शराब पिला रहे आरोपियों को मना करने पर उनके साथ लाठियों व कुल्हाड़ी से मारपीट करने, घर का गेट काटने व दो मोटरसाईकिलों को आग लगाकर जला देने के आरोप का मामला राजगढ़ थाने में दर्ज करवाया है।

राजगढ़ थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार राजबाला पत्नी महेन्द्र सिंह जाति मेघवाल उम्र 43 साल निवासी मानपुरा हाल वार्ड 13 राजगढ़ ने अपने पुत्र आजाद सिंह के साथ उपस्थित पुलिस थाना राजगढ में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसका पति शराबी है तथा वह अपने बच्चों सहित कस्बा राजगढ़ में मजदूरी का कार्य करती है। आरोप है कि 20 नवम्बर 2022 को शाम करीब 4 बजे वह तथा उसका पुत्र मोटरसाइकिल लेकर घर संभालने के लिए मानपुरा आये थे, तभी अमर सिंह व गंगाराम पुत्र हेतराम उसके पति को शराब पिला रहे थे।

जब उसने तथा उसके पुत्र ने उनको मना किया तो अरम सिंह व गंगाराम ने महिपाल पुत्र अमर सिंह, मेवासिंह पुत्र रामकुमार व बेदो पत्नी गंगाराम का आवाज देकर कुल्हाड़ी व लाठियां लेकर आने का कहा तथा उक्त सभी उनके साथ मारपीट करने लगे, तो इतने में ही उसकी पुत्री व जमाई मोटरसाइकिल लेकर आये तथा उन्होंने उन्हे छुड़वाने की कोशिश की तो उक्त सभी ने लाठियों व कुल्हाडी से मारपीट की, जिससे उनको अन्दरूनी चोटे आई। उसके जमाई के हाथ की हथेली नाक मुंह पर चोटे लगी और सभी ने उनके घर का गेट कुल्हाड़ी से तोड़ दिया। दोनों मोटरसाइकिलों को जला दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# सरसों की फसल में जड़ गलन रोग, पहला पानी लगने के बाद हो रही खराब

## कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

■ रोग के संबंध में कृषि पर्यवेक्षकों को अवगत करवाया

**अनूपगढ, (निसं.)।** क्षेत्र में सरसों की फसल में जड़ गलन रोग देखा जा रहा है। इस रोग के प्रभाव से सरसों की फसल में पहला पानी लगाने के बाद फसल खराब हो रही है। सहायक निदेशक कृषि विस्तार रामनिवास चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के किसानों ने सरसों की फसल में आ रहे इस रोग के संबंध में कृषि पर्यवेक्षकों को अवगत करवाया गया। जिसके बाद कई क्षेत्रों में जाकर मौका मुआयना भी किया गया।

उन्होंने बताया कि सरसों की फसल में पहला पानी लगाने के बाद सरसों की फसल में बैक्टीरिया और फंगस की मात्रा बढ़ रही है, जिससे यह रोग बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में यह समस्या आ रही है, वहां खेतों में जाकर निरीक्षण किया गया। वहां पर फसलों की स्थिति को देखा तो तब पाया कि सरसों की फसल पानी लगाने के बाद फंगस के कारण सरसों के पौधे की जड़े गल रही हैं तथा पत्तियां सूख रहे हैं। खासकर यह रोग पक्की जमीन पर की गई, सरसों की बिजान के पौधों पर हो रहा है। इसके निदान के लिए वहां मौके से बीमार पौधे में मिट्टी के नमूने को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।

उन्होंने बताया की रोग पर काबू पाने के लिए कृषि विभाग की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। इस समस्या के समाधान के लिए फसल में ड्रेंचिंग करानी आवश्यक है। ड्रेंचिग के लिए 15 ग्राम स्ट्रेपटोसाइकलिन के साथ ढाई सौ ग्राम कार्बेंडाजिम, 12 प्रतिशत पूस मेनकोजॉब 63 प्रतिशत के मिश्रण को 100 लीटर पानी में घोलकर ड्रेंचिंग करें। ट्रेनिंग गीले खेतों में ही करना चाहिए तथा यूरिया का कम मात्रा में सिंचाई के साथ प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि यूरिया के अधिक प्रयोग से भी इस तरह के रोग हो जाते है। सहायक निदेशक चौधरी ने बताया कि यूरिया के अधिक प्रयोग के अलावा पानी के ज्यादा भरकर लगाने वाले स्थानों पर इस तरह का रोग देखा गया है। उन्होंने किसानों को सरसों की फसल को रोग से बचाने की सलाह देते हुए बताया कि क्यारी में पूरा भरकर पानी नहीं लगाएं और यूरिया का कृषि पर्यवेक्षक के दिए गए सलाह के अनुसार ही प्रयोग करें। वहीं पहला पानी लगाने में ज्यादा देरी नही करें।

# अध्यापक से की धोखाधड़ी

**जोधपुर, (कासं)।** सरकारी स्कूल के एक अध्यापक के साथ 55 हजार की ठगी हो गई। उन्होंने एक निजी फाइनेंस कंपनी से 5 लाख का लोन लिया था। लोन की किश्तें पूरी करने के बाद एनओसी भी प्राप्त कर ली, मगर कंपनी में काम करने वाले कुछ शातिरों ने जालसाजी पूर्वक चेकों का दुरूपयोग कर 55 हजार रूपए खाते से निकाल लिए। इसका पता लगने पर शास्त्रीनगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस इसमें पड़ताल में जुटी है।

शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि मूलत: अलवर के मेव दीनार हाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरगड़ के खिरजा निवासी फतेहसिंह शैलेंद्र सिंह चौहान की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उन्होंने शास्त्रीनगर आईटीआई के समीप आई एचडीबी फाइनेंसियल कंपनी से वर्ष 2018 में पांच लाख का पर्सनल लोन लिया था। बाद में लोन की किश्तें भी समय पर अदा कर दी गई और कंपनी की तरफ से एनओसी भी जारी कर दी गई। उसके कुछ हस्ताक्षरसुदा चेक कंपनी में जमा पड़े थे। इस पर वहां कार्यरत कर्मचारी किशनाराम आदि ने चेकों का दुरूपयोग किया।

# हत्या के आरोप में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**भरतपुर, (निस)** चिकसाना थाना पुलिस ने 6 महीने से लापता युवक के मामले का खुलासा करते हुए लापता व्यक्ति की हत्या के मामले में उसकी पत्नी व पत्नी के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने सोमवार को बताया कि 4 जून को थाना चिकसाना पर हरप्रसाद द्वारा अपने पुत्र पवन उम्र 37 साल निवासी नौंह को 29 मई 2022 की रात्रि को रहस्यमयी तरीके से गायब होने पर पर पुत्र की तलाश वाबत गुमषूदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद आज से करीब 1 माह पूर्व अपनी पुत्रवधू रीमा व पडौस के एक युवक भागेन्द्र उर्फ भोला को आपतिजनक स्थिति में रात्रि के समय घर पर रंगे हाथों पकडे जाने पर तथा अन्य परिस्थितिजन्य कारणों से परिवादी हरप्रसाद का अपने पुत्र पवन की हत्या होने का सन्देह गहरा गया।

जिस वाबत 20 नवम्बर को हरप्रसाद ने पुत्रवधू रीमा व प्रेमी भागेन्द्र उर्फ भोला के विरूद्ध अपने पुत्र की हत्या वाबत् थाना चिकसाना पर प्रकरण दर्ज कराया था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर व सहायक पुलिस अधीक्षक बृजेष ज्योति उपाध्याय आईपीएस के निर्देषन में कार्यवाही करते हुये आरोपित पुत्रवधू रिमा व उसके प्रेमी भागेन्द्र उर्फ भोला से गहनतापुर्वक मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ की गई तो दोनों आरोपियों ने मृतक पवन की हत्या की बारदात को करना कबूल कर लिया। जांच में पता चला कि मृतक पवन की षादी रीमा से करीब 7 साल पूर्व हुई थी। जिनके एक पुत्र व एक पुत्री हैं। करीब 2 साल पूर्व रीमा के सम्पर्क में उनके पडौसी युवक भागेन्द्र उर्फ भोला आया। जिससे रीमा व भागेन्द्र उर्फ भोला के बीच प्रेम सम्बन्ध होने से दोनों मौका मिलने पर छुपछुपकर मिलने लगे।

इसी दौरान 29 मई को आरोपी भागेन्द्र उर्फ भोला जो दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहा था। उससे रीमा ने फोन से सम्पर्क कर मिलने के लिये बुलाया तो भागेन्द्र उर्फ भोला अपने मित्र दीप के साथ मोटरसाईकिल से 29 मई की रात्रि को गॉव नौंह आ गया और रात्रि में करीव 12.30 बजे अपने साथी दीप को रीमा के घर के बाहर खडा कर स्वयं रीमा से मिलने के लिये घर के अन्दर चला गया। रीमा घर के अन्दर पहले से ही भागेन्द्र उर्फ भोला का इंतजार कर रही थी और उसका पति पवन तब तक सो चुका था। इसी दौरान अचानक जब रीमा व भागेन्द्र उर्फ भोला आपत्तिजनक स्थिति में थे तो पवन के जागने पर उसने विरोध किया। आरोपी भागेन्द्र उर्फ भोला ने पवन का मूँह दबा दिया और बाहर खडे अपने दोस्त दीप को भी घर के अन्दर बुला लिया।

पवन को रीमा, भागेन्द्र उर्फ भोला ने दीप की मदद से गला दबाकर मार दिया तथा लाष को एक सोल में लपेटकर प्लास्टिक की रस्सी से वॉधकर बोरे में डाल दिया। भागेन्द्र उर्फ भोला व दीप ने मोटरसाईकिल द्वारा घर से करीब 2 किमी दूर नौंह के गंदे पानी की नहर में एक बडा पत्थर बांधकर डाल दिया। मृतक की लाष को ठिकाने लगाकर दोनों दोस्त रात में ही वापिस दिल्ली चले गये। पुलिस ने दोनों आरोपितो से मौका तस्दीक करवाया तथा आरोपित भागेन्द्र उर्फ भोला की तस्दीक से मृतक पवन के कपडे पेन्ट, षर्ट तथा एक सोल जिसमें मृतक को लपेटा गया।

# दीया कुमारी ने रेलवे के मुद्दों पर चर्चा की

**जयपुर/राजसमंद, (निसं)।** सांसद दिया कुमारी ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा से उनके कार्यालय में भेंट की। संसदीय क्षेत्र राजसमंद के जोधपुर व अजमेर डिवीजन से संबंधित रेलवे के विभिन्न मुद्दों यथा रेलवे स्टेशन रेण के विभिन्न प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड, फुट ओवरब्रिज को कवर करने, दिव्यांगजनों के लिए प्रतीक्षालय , बैंच लगाए जाने , एस्केलेटर व व्हीलचेयर उपलब्ध कराने, सुरक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर मांग रखते हुए शीघ्र पूर्ण करने की बात कहीं वहीं रेलवे स्टेशन मेडता रोड टीनशेड लगाए जाने, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था , पेयजल समस्या , हाईमास्ट लाइटे लगाने , प्लेटफार्म नम्बर 4 ( बाईपास) पर टिकिट काउंटर लगाने, सुरक्षा हेतु चौकी स्थापित करने, स्टेशन के नजदीक आबादी क्षेत्र में हो रही पानी भराव की समस्या और उसकी निकासी आदि मामलों पर चर्चा की। वहीं डेगाना स्टेशन पर शौचालय, पेयजल , शैड निर्माण, तथा विभिन्न एल.सी. पर यथा डाबरियानी, नून्द, जालसू, मांझी, आदि स्थानों पर आरयूबी/ एलएचएसडब्लू बनाए जाने के लिए कहा।

# नकल का आरोपी एक साल बाद गिरफ्तार

■ पुलिस ने हरियाणा के चरखी दादरी से गिरफ्तार किया

**बीकानेर, (कासं.)।** मरुधर इंजीनियरिंग कॉलेज में पिछले साल हुए ऑनलाइन एग्जाम के दौरान ब्लूटुथ से नकल करवाने का प्रयास हुआ। इस मामले में एक आरोपी अर्से से फरार चल रहा था, जिसे नापासर पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया। गिरफ्तार युवक हरियाणा निवासी कुलदीप जाट है।

रायसर स्थित मरुधर इंजीनियरिंग कॉलेज के सुनील यादव की रिपोर्ट पर नापासर पुलिस ने अक्टूबर 21 में मामला दर्ज किया था कि ऑनलाइन गैर तकनीकी स्टाफ परीक्षा, 2020 पत्र - 1 की दूसरी पारी में नकल का मामला सामने आया है। एग्जाम रूम में प्रवेश से पहले कॉलेज भवन के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की चैकिंग के दौरान परीक्षार्थी पंकज जाट पुत्र लालाराम जाट निवासी बीदासर जिला चूरु के अंडर वियर के अन्दर ब्लूट्रूथ डिवाइस मिली। परीक्षार्थी पंकज जाट परीक्षा में नकल के लिए अपने साथ छिपाकर लाया था।

इस मामले में वांछित कुलदीप पुत्र शीशराम जाट को पुलिस ने अब गिरफ्तार किया है। कुलदीप का नाम जांच के दौरान सामने आया था। उसे पुलिस ने हरियाणा के चरखी दादरी से गिरफ्तार किया है। उससे अब गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पंकज जाट पुत्र लालाराम जाट उम्र 21 वर्ष निवासी बीदासर पुलिस थाना बीदासर, शेराराम पुत्र लालाराम जाति जाट उम्र 27 वर्ष निवासी मेघराज की बाड़ी, वार्ड न. 06 बीदासर पुलिस थाना बीदासर व संदीप कुमार उर्फ संदीप पहलवान पुत्र अमर सिंह जाति जाट उम्र 40 वर्ष निवासी भोजान पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले की छानबीन में नापासर थानाधिकारी महेश कुमार, कांस्टेबल बलवान और सुरेंद्र की खास भूमिका रही।


# नसीराबाद का स्थापना दिवस

**नसीराबाद, (निसं)।** नसीराबाद गांधी चौक स्थित श्री युवक पाठनाल्य परिसर में नसीराबाद छावनी का 205वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीन चंद्र गदिया ने की तथा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नसीराबाद उपखंड अधिकारी अंशुल अमेरिया थी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका नसीराबाद की अध्यक्ष अनिता मित्तल व पालिका पार्षद सरोज बिस्सा थी कार्यक्रम से पूर्व भगवान गणपति व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर व चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया कार्यक्रम में नगर के कवियों ने अपनी कविताओं से नसीराबाद के इतिहास की गाथा सुनायी। नगर पालिका अध्यक्ष अनिता मित्तल ने अपने संबोधन में अतिशीघ्र एक विशाल कवि सम्मेलन आयोजित करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि अंशुल अमेरिया ने संबोधन में कहा कि नसीराबाद में प्रतिभाओं की कमी नहीं है परंतु उन्हें उचित मंच नहीं मिल पाता अमेरिया ने कहा कि युवक पाठनाल्य को सोशल मीडिया व ई लाइब्रेरी के जरिए विकसित करने का सुझाव दिया।

# सैन्य सम्मान से मुकेश कुमार का अंतिम संस्कार

## विधायक सहित दर्जनों अधिकारियों ने चढ़ाए पुष्पचक्र



कश्मीर के कुपवाडा में शहीद हुए गांव रोडू के लाल मुकेश कुमार का अंतिम संस्कार किया गया।


**नागौर, (निसं)।** कश्मीर के कुपवाडा में पेट्रोलिंग करते समय आए बर्फीले तुफान की चपेट में शहीद हुए नागौर जिले के लाडनूं तहसील के गांव रोडू के लाल मुकेश कुमार का सोमवार को उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

अलसुबह बीकानेर से सेना के अधिकारी शहीद का पार्थिव शरीर लेकर रवाना हुए तथा लाडनूं उपखण्ड मुख्यालय पहुंचे। यहां से स्थानीय प्रशासन के साथ जब शहीद के पार्थिव देह का काफिला रवाना हुआ तो गांव के लोगों ने शहादत के सम्मान में यहां पहुंचे तथा नारे लगाते हुए सम्पूर्ण मार्ग में साथ चले। यह काफिला जैसे-जैसे आगे बढ । वैसे-वैसे लोग जुडते गए और हुजूम उमडने लगा। गांव तक पहुंचते-पहुंचते करीब 1 किलोमीटर लम्बा हो गया। इस दौरान पूरे मार्ग पर जगह जगह हाइवे सहित जसवंतगढ , कसुम्बी, लेडी चौराहा, किशनपुरा से होती हुई शहीद के पैतृक गांव रोडू पहुंची कसुम्बी आदि गांवों में स्कूल के विद्यार्थियों, युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं सहित सभी ने पुष्प वर्षा कर अंतिम विदाई दी। सैन्य अधिकारियों ने शहीद की पार्थिव देह उसके परिजनों को सुपुर्द की।

जहां पर धार्मिक परम्परानुसार अंत्येष्ठी की तैयारियां की गई। सेना के जवानों ने घर पर दर्शनार्थ रखी हुई पार्थिव देह को अपने कांधों पर उठाया तो मां चीख पडी, बहन भाई की अर्थी के पीछे बदहवास हालत में दौड पडी वहीं बुजुर्ग पिता व भाई पत्थर से बन गए। रिश्तेदारों सहित ग्रामवासियों ने बडी मुश्किल से उन्हें संभालते हुए सांत्वना प्रदान की। मुखाग्नि से पूर्व शहीद मुकेश को बीकानेर से आए भारतीय सेना के कैप्टन क्षितिज के नेतृत्व में जवानों ने गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान बडी संख्या में आसपास के गांवों सहित क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। शहीद को विधायक मुकेश भाकर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह जोधा, गृह मंत्रालय कर्मिक आरके भास्कर, एडिशनल एसपी विमल सिंह नेहरा, एडीएम कमला आलरिया, पुलिस उप अधीक्षक राजेश ढ ाका, एसडीएम अनिल गढ वाल, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह राव, जसवंतगढ थानाधिकारी अजय मीणा, प्रधान हनुमानाराम कासनियां, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह ओडिंट, पालिकाउपाध्यक्ष मुकेश खिंची, पूर्व सरपंच पदमसिंह रोडू, पन्नालाल भाम्भू, सरपंच राजेन्द्र मेघवाल आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। अंतिम संस्कार के दौरान भारत माता की जय और शहीद मुकेश कुमार अमर रहे के गगनभेदी नारो से पूरा गांव गूंज उठा।

# परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट के मामले में पांच बदमाश गिरफ्तार

- गिरफ्तार डकैतों से चार देशी बंदूक व 10 जिंदा कारतूस सहित दो बाइक बरामद
- नकबजनी में प्रयुक्त उपकरण भी जप्त किए गए
- डकैती से जुड़े मामले में अब तक 10 बदमाश गिरफ्तार



मंडावरी क्षेत्र में पुलिस ने डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश एवं उनसे हथियार, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

**मंडावरी लालसोट, (निसं)।** मंडावरी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 में परिवार को बंधक बनाकर बंदूक की नोक पर की गई लूटपाट एवं दो अन्य घरों में लूटपाट व चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरफ्तार पांच डकैतों से कड़ी पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर 4 देशी बंदूक व 10 जिंदा कारतूस सहित वारदात में प्रयुक्त दो पावर बाइक्स को बरामद करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है।

मंडावरी कस्बे में हुई डकैती मामले में पांच बदमाशों को पहले गिरफ्तार कर लिया गया था एवं पांच अब गिरफ्तार होने के बाद कुल 10 बदमाश गिरफ्तार हो चुके हैं। सोमवार को टीम ने नीमराणा जिला अलवर निवासी गिरोह के सरगना नंदकिशोर उर्फ नंदू उर्फ भूरा बावरिया एवं उसके साथी अरविंद बावरिया निवासी थाना नीमराणा, रविंद्र कुमार बावरिया व राजेंद्र कुमार बावरिया निवासी थाना गोलूवाला जिला हनुमानगढ़ एवं विष्णु बावरिया निवासी थाना आदमपुर जिला हिसार हरियाणा को गिरफ्तार किया है। इन डकैतों द्वारा लूटपाट करने के बाद वापस जाते समय विरोध करने पर ग्रामीणों पर फायरिंग कर तीन लोगों को घायल गंभीर घायल कर दिया गया था। मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना समेत पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। गठित टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों व परंपरागत आसूचना तंत्र का उपयोग किया गया। करीब 700 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

सोमवार को गिरफ्तार किए गए बदमाशों की टीम से चार देशी कट्टे, 10 जिंदा कारतूस, एक वायर कटर, एक प्लास पेचकस, एक दरवाजे व ताले तोड़ने की नकब एवं 2 अपाचे बाइक बरामद की है। जानकारी के अनुसार चेहरे पर नकाब पहन हथियार के साथ घटनास्थल पर पहुंच कैमरे व लाइट को निष्क्रिय कर घरों में घुस कर चोरी की वारदात किया करते हैं। जाग होने पर पीड़ित को हथियारों से डराया जाता है। विरोध करने पर फायरिंग कर कच्चे पक्के रास्तों से होते हुए अपने ठिकाने पर पहुंच जाते हैं। अगले दिन प्रतिदिन की मजदूरी अथवा अन्य कामों में लग जाते हैं। पूछताछ में बदमाशों ने जयपुर ग्रामीण के थाना प्रागपुरा के पावटा कस्बे में डकैती व फायरिंग, दौसा जिले के थाना कोलवा के गांव धनावड़ में नकबजनी व डकैती, दौसा जिले के ही थाना महवा के गांव खेड़ला गदाली में नकबजनी, भरतपुर जिले के थाना भुसावर के गांव रणधीर गढ़ में डकैती व फायरिंग, हरियाणा के रेवाड़ी में डकैती व फायरिंग, चूरू जिले के थाना राजगढ़ कस्बे में नकबजनी तथा अन्य जिलों एवं हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश राज्यों में दर्जनों नकबजनी की वारदात करना कबूला है, स्वीकार किया है।

## संक्षिप्त

### निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा पावटा के वार्षिक चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण शर्मा एवं पर्यवेक्षक मनोज कुमार शर्मा के सानिध्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें लगातार दूसरी बार रतन सिंह शेखावत अध्यक्ष, धर्मपाल कनीजिया मंत्री एवं जितेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, उपसभाध्यक्ष गणपतराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष पुरुष पुरुषोत्तम शर्मा, उपाध्यक्ष महिला सरोज कुमारी यादव, महिला मंत्री रतन कंवर, अध्यापक सदस्य बनवारी लाल बुनकर, वरिष्ठ अध्यापक सदस्य जगरूप सिंह शेखावत, निजी शिक्षण संस्था प्रतिनिधि ओम प्रकाश शर्मा, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि अशोक कुमार टाक, प्रबोधक सदस्य सुंदरलाल मांडीया सहित प्रदेश महासमिति में चार सदस्य चुने गए।

### खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे की जाल पाली स्थित राजस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल जालपाली में सोमवार को समारोह पूर्वक खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय सचिव भजनलाल बिजारणिया व मुख्य अतिथि राजकीय शारीरिक शिक्षक सतवीर सामोता व बाबूलाल चाहर थे। इस दौरान कुडो खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त कर विद्यालय की छात्रा मनीषा चौधरी ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर संपूर्ण राजस्थान का नाम रोशन किया। मनीषा चौधरी राष्ट्रीय स्तर पर खेल राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। साथ ही बॉल बैडमिंटन में राज्य स्तर पर चयन हुए प्रियांशु बिजारणिया, मेघचन्द देवन्दा,मनीषा कुमार, यशवंत, वंशिका व राज्य स्तर पर चयनित मार्शल आर्ट में प्रियदर्शना चौधरी, यशवंत सिंह मंगावा का विद्यालय में समारोह पूर्वक मिठाई खिलाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### मातृशक्ति सम्मेलन मनाया

**सांभरझील, (निसं)।** यहां नीम रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में मातृशक्ति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आशीर्वचन डॉक्टर साध्वी योग श्रीनाथ का रहा, मुख्य अतिथि डॉक्टर पूजा कुमावत, मुख्य वक्ता निरंजन लाल शर्मा, जिला सचिव, प्रबंध समिति अध्यक्ष किशोरी लाल, स्कूल के व्यवस्थापक ओमप्रकाश दायमा, शरद कुमार भटनागर, भंवरलाल गोठवाल, प्रधानाचार्य भगवान सहाय कुमावत उपस्थित रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**निवाई, (निसं)।** रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण सभा का तहसील स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष संजय हर्षवाल, अति विशिष्ट अतिथि युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष नवीन जांगिड, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बद्रीलाल बिडोली, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश बरवास व विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एडवोकेट हनुमानप्रसाद जांगिड रानोली ने की।

# न्यायालय परिसर में कर्मचारियों की हड़ताल जारी

- जयपुर में न्यायिक कर्मचारी की मौत का मामला, न्यायालयों में न्यायिक कार्य रहे बाधित

**कोटपूतली, (निसं)।** विगत 9 नवम्बर की रात्रि को राजधानी जयपुर के भांकरोटा थाना क्षेत्र स्थित विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस) कृष्णस्वरूप चलाना, जयपुर महानगर प्रथम के निजी निवास पर सहायक न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा द्वारा आत्मदाह कर आत्महत्या कर लेने का प्रकरण गहराता ही जा रहा है। हालांकि पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। वहीं परिजनों समेत न्यायिक कर्मचारी इसे एक निर्मम हत्या करार दे रहे है। घटनाक्रम में विभिन्न माँगों को लेकर न्यायिक कर्मचारी संघर्ष समिति के तत्वाधान में स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के समस्त न्यायिक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन सामुहिक हड़ताल सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही।

न्यायिक कर्मचारियों में इस सम्बंध में कोई कार्यवाही ना होने से आक्रोश का माहौल है। इस दौरान कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में धरना देते हुए घटनाक्रम की जांच सीबीआई से करवाने के साथ-साथ सम्बंधित न्यायिक अधिकारी व उनके परिजनों एवं अन्य दोषियों के विरूद्ध विधिक एवं कानूनी कार्यवाही किये जाने एवं पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की।

कर्मचारियों का कहना था कि जब तक इस सम्बंध में प्रकरण दर्ज कर जाँच को सीबीआई को नहीं भेज दिया जाता, तब तक न्यायिक कर्मचारी सामुहिक हड़ताल पर रहेंगे। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी भी की। वहीं कर्मचारियों की हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य भी बाधित रहे।

इस दौरान पक्षकारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों में भगवत धनवाल, भैरूसिंह, सुभाष वशिष्ठ, बनवारी लाल, किशोरी लाल, राजेन्द्र, रमाकांत, संतोष कुमार, कुलदीप बैरवा, लालचंद, शुभम, सत्येन्द्र, चेतन कुमार, राजेन्द्र शर्मा, विकास, हेमेन्द्र आर्य, रवि कुमार, हरि शरण, शक्ति सिंह, सुभाष कुमावत, संतोष देवी, मनीष कुमार, रविन्द्र कुमार, सतीश कुमार सैन, अशोक कुमार यादव, प्रकाश चंद, संतोष कुमार, हेमंत कुमार, कैलाश चंद सहित बड़ी संख्या में न्यायिक कर्मचारी एवं अधिवक्ता मौजूद थे।

# ग्यारह हजार केवी लाइन से 20 वर्षीय युवक को लगा करंट



हालत गंभीर होने पर युवक को जयपुर रैफर किया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 10 सोनी कॉलोनी में रिश्तेदारी में आए एक युवक के हाईटेंशन लाइट के छूने से विद्युत करंट लगने से घायल हो गया।

मकान मालिक राजेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि उनके मकान की छत के ऊपर से 11000 केवी के विद्युत लाइनें जा रही है। रविवार को दिवराला निवासी उनके रिश्तेदार गौतम शेखावत आया हुआ था जो घूमते-घूमते छत पर चला गया। वह विद्युत लाइन से छूने से 20 वर्षीय युवक गौतम शेखावत के करंट लग गया जिसे आसपास के लोगों ने तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां से हालत गंभीर होने पर जयपुर रैफर किया गया है।

गौतम का एसएमएस अस्पताल के बर्न यूनिट में इलाज चल रहा है। जहां उसके हाथों की सर्जरी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार गौतम शेखावत का स्वास्थ्य खतरे से बाहर है लेकिन अगले 48 घण्टो बाद स्थिति का आंकलन हो पायेगा। गौरतलब है के राजेंद्र सिंह तंवर के बेटे की 4 नवंबर की शादी थी। गौतम अपनी माताजी के साथ रिश्तेदारी में श्रीमाधोपुर आया हुआ था। सोमवार को मोहल्ले वासी ब्रजेन्द्र शर्मा, रामवतार सेन, दिलीप सिंह समेत वार्ड के लोग विद्युत विभाग के कार्यालय में जाकर कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी को ज्ञापन देकर मकान से ऊपर गुजर रही विद्युत लाइनों को हटाने की मांग की। जिस पर कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी मौके पर जाकर मौका स्थिति का निरीक्षण किया व घटना के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित करने की बात कही है। मौहल्ले वासियों का कहना है कि इसी मकान पर 2 साल पहले भी ऐसी ही घटना हो गई थी। जिसके बारे में भी विद्युत विभाग को लिखित में देने के बाद भी आज तक समाधान नहीं हुआ।

# 'बीसलपुर बांध की बायीं मुख्य नहर से सिंचाई के लिए 22 को छोड़ा जाएगा पानी'

- वहीं दांयी नहर से भी 24 नवम्बर को सिंचाई के लिए छोड़ा जाएगा पानी

**टोंक, (निसं)।** बीसलपुर बांध की नहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ने को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान, जनप्रतिनिधि सहित प्रशासनिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने किसानों की मांग पर बायीं मुख्य नहर से 22 नवम्बर को तथा दांयी मुख्य नहर से 24 नवम्बर को सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने के लिए बीसलपुर परियोजना बांध वृत्त, देवली के अधीक्षण अभियंता वीएस सागर को निर्देश दिए। इसके साथ ही बीसलपुर बांध के अतिरिक्त कमांड क्षेत्र में स्थित मोतीसागर, दाखिया एवं चंदलाई बांधों से भी सिंचाई के लिए पानी मंगलवार को छोड़ा जाएगा। जिला कलेक्टर ने बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि मुख्य नहरों एवं वितरिका तंत्र के माध्यम से पानी टेल तक नियत समय पर पहुंचने की सुनिश्चिता की जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि नहरों के संचालन के दौरान अवैध रूप से नहरों में इंजन लगाकर पानी चोरी करने वाले काश्तकारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 'किसानों को समय पर एवं सुगमता से मिले यूरिया खाद'

**निवाई, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के गांवों के किसानों को यूरिया खाद वितरण के लिए उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशानुसार विशेष अभियान चालू किया गया है। जिसका प्रत्येक किसान को लाभ मिलेगा।

उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशानुसार गिरदावर, पटवारी एवं कृषि सुपरवाइजर की देखरेख में यूरिया खाद के कूपन कटवाने एवं खाद्य वितरण का कार्य किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशानुसार प्रत्येक किसान तक यूरिया खाद पहुंचाने की सुनिश्चितता की जा रही है।

इसके दौरान ग्राम पंचायत झिलाय जीएसएस केंद्र में यूरिया खाद के 25 कटटे कम पहुंचने की शिकायत पर उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए इफको कंपनी के मेनेजर से बात करके 535 कट्टा का ही पोष मशीन में एंट्री करने के निर्देश दिए। वही ट्रांसपोर्टर अशोक ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन जयपुर में भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### जनसुनवाई में लोगों की समस्या सुनी



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के ग्राम मोरीजा में स्थित बाग में सोमवार को चौमूं विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जन समस्याओं को लेकर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रूकमणि कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रूकमणि कुमारी ने लोगों की जनसमस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए जिला पार्षद प्रतिनिधि बद्री प्रसाद यादव एवं नारायण मंगावा ने ग्राम सीमारला जागीर से वाया सिंगोद कला के मंगावा की ढाणी से होते हुए ग्राम सरगोठ तक सड़क निर्माण करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण कैलाश अटल ने ग्राम उदयपुरिया निवासी सुनीता अटल को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने कि मांग की। इसी प्रकार उदयपुरिया निवासी अखिलेश नागर ने कृषि विभाग में अपनी अनुकंपा नियुक्ति दिलवाने की मांग, ग्राम समरपुरा के मोहन लाल जाट ने बोबासिया की ढाणी के हनुमान मंदिर में सोलर लाइट लगाने की मांग, ग्राम बलेखन के ग्रामीण शंकर मीणा ने पिछले दिनों परिवार के साथ मारपीट की घटना एवं मुकदमे में निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं विद्यार्थी विकास शर्मा ने बेरोजगार भत्ता दिलवाने की मांग, अमरपुरा निवासी गोपाल गोरा ने ग्राम पंचायत जगतपुरा में तत्कालीन सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा किए गबन मामले की निष्पक्ष जांच की मांग, ग्रामीण संजय सोकरिया ने श्रमिक कार्ड से छात्रवृत्ति दिलवाने की मांग चौमूं निवासी बाबूलाल कुम्हार ने चौमूं बाईपास के पास अवैध कमर्शियल कंपलेक्स निर्माण को बंद करवाने कि शिकायत कार्यक्रम में की। वहीं जन समस्याओं को लेकर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा लोगों ने रूकमणि कुमारी के इस कार्य की जमकर सराहना की।

### दुकान के गल्ले से 6 लाख रुपये चोरी

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में वीर चौक स्थित अंशुल ट्रेडर्स नाम से संचालित दुकान से रात को चोर 6 लाख रुपए की नकदी पार कर ले गए। दुकान मालिक रविवार होने के कारण नकदी गल्ले में छोड़ कर चले गए। रात को चोर ऊपर की सीढ़ी से दुकान में घुसे। गल्ले को तोडकर चोर पूरी नकदी ले गए। अगले दिन सोमवार सुबह चोरी का पता लगा। अब पुलिस जांच में लगी है। अंशुल ट्रेडर्स के मालिक ने बताया कि चोर ऊपर का गेट तोडकर नीचे दुकान में आए। दुकान के किसी माल को छुआ तक नहीं। वे सीधे गल्ले को तोडकर रकम पार कर ले गए। अंशुल वर्मा का कहना है कि रविवार को उगाई के पैसे रखे हुए थे। जिन्हें सोमवार को बैंक में जमा कराना था। रविवार होने के कारण दुकान में ही रकम छोड थी। ताकि अगले दिन दुकान से लेकर बैंक में जमा करा देंगे। चोर रात को गल्ले को तोडकर पूरी रकम ले गए।

### पूर्व विधायक ने जन्मदिन मनाया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा ने सोमवार को अपना जन्मदिन विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में देव दर्शन कर बेहद सादगी के साथ मनाया। वहीं पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर सर्वप्रथम शाहपुरा रामेश्वर दास मंदिर व त्रिवेणी धाम के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की। तत्पश्चात बाडीजोडी खेम जी धाम, रामपुरा बड़ा मंदिर, छापूडा बालाजी मंदिर, निंझर तेजाजी महाराज मंदिर, लुहाकना झुण्डा वाला मंदिर, ठाकुर जी का मंदिर, सुंदराला तेजाजी महाराज मंदिर, पंच पहाडी हनुमान जी का मंदिर, करौली बजरंग दास जी का मंदिर, राजनौता खेम सा मंदिर, मैंढा तेजाजी महाराज मंदिर, भांकरी श्याम जी का मंदिर, वीर तेजाजी नगर तेजाजी महाराज मंदिर, बडनगर ज्ञानदास महाराज, पावटा शनि मंदिर सहित क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों में भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कार्यसमिति की बैठक हुई

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी शहर टोंक के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की कार्यसमिति की बैठक पूर्व जिला महामंत्री दीपक संगत के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। शहर महामंत्री तरुण टिक्कीवाल ने बताया कि बैठक में कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरूद्ध में सरकार को उखाड फेंकने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य दीपक संगत ने राज्य सरकार की विफलताओं पर प्रकाश डाला। साथ ही संगत ने आगामी दिनो में होने वाली जान आक्रोश यात्रा पर कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की। जिसमें मंडल अध्यक्ष शेलेन्द्र जैन ने कार्यकर्ताओं से इस भ्रष्ट सरकार को जड से उखाड फेंकने का आव्हान किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया।


प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4676-77 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-18/11/2022

श्री युगल किशोर शर्मा पुत्र स्व.श्री बोदीलाल जोशी निवासी-वार्ड नं.23, महावीर दल के पास, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.23 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में आवास श्री बनवारीलाल खटीक का, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में 3'-11" चौडी गली व आगे आवास श्री वीरेन्द्र कुमार यादव का एवं दक्षिण में आवास श्री धर्मदेव खटीक का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 67'-2", दक्षिणी भुजा 71'-11", उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 40'-0" एवं पश्चिमी भुजा 40'-2" होकर कुल रकबा 258.06 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18.11.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4245-46 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-18/10/2022

श्री सुरेश गोठवाल पुत्र श्री कालुराम, निवासी वार्ड नं.14, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.14 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में आवास श्री छगनलाल गोठवाल का, पश्चिम में आवास श्री कालुराम गोठवाल का, उत्तर में सार्वजनिक गली एवं दक्षिण में आवेदक का प्लाट एवं आवास स्व.श्री प्रभुदयाल धाणका का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 19'-3", दक्षिणी भुजा 7'-8"+13'-5", दक्षिणी भुजा 7'-8"+13'-5", उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 18'-5"+3'-1" एवं पश्चिमी भुजा 25'-4" होकर कुल रकबा 38.33 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18.10.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4679-80 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-18/11/2022

श्री उपेन्द्र कुमार शर्मा, श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री राकेश कुमार शर्मा पुत्रगण स्व.श्री गोपाल प्रसाद शर्मा, निवासी वार्ड सं.23, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला-सीकर (राज.) ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय+व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.23 अवस्थित भूखण्ड | चर्तुसीमाऐं-पूरब का आवेदक का आवास, पश्चिम में शामिलाती हवेली उपेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार शर्मा, मधुसूदन, श्यामसुन्दर जोशी और सुरेश कुमार, नरेन्द्र कुमार शर्मा की उत्तर में 3 फुट की शामिलाती खुली गली व आगे आवास रामतीर्थ, नारायण लाल शर्मा का एवं दक्षिण में 3'-8" की शामिलाती खुली गली व आगे आवास श्री मधुसूदन, श्यामसुन्दर जोशी का होकर श्री मधुसूदन, श्यामसुन्दर जोशी का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय आवासीय+ व्यवसायिक =मिश्रित प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 32'-11", दक्षिणी भुजा 32'-6" एवं पूरब-पश्चिम 21'-6" होकर कुल रकबा 65.36 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18.11.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर


# पर्यटन विकास एवं नगरफोर्ट क्षेत्र की सड़कों के विकास को लेकर हुई बैठक

- बैठक में जल ग्रहण योजना से एनिकट निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की



जिला प्रमुख टोंक श्रीमती सरोज बंसल की अध्यक्षता में हुई बैठक।

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल की अध्यक्षता में जिला प्रमुख कक्ष में नगरफोर्ट में माण्डकलां सरोवर में पर्यटन विकास एवं नगरफोर्ट क्षेत्र की सड़कों के विकास के संबंध में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मांडकला सरोवर तथा नगरफोर्ट क्षेत्र के विकास के संबंध में राजस्थान पर्यटन निगम लिमिटेड राजस्थान सरकार से प्राप्त 1 करोड रुपये की वित्तीय स्वीकृति से नगरफोर्ट क्षेत्र के पर्यटक विकास के कार्य जैसे पार्किंग शेड, टॉयलेट ब्लॉक, यात्री शेड, मांडकलां पार्क विकास, बिसलपुर बांध पर जिप लाईन की सुविधा एवं पर्यटन विकास विकास कार्य, नरेगा योजना से मण्डा कलां सरोवर की फैस वाल निर्माण, मिट्टी भराई तथा वृक्षा रोपण एवं जल ग्रहण योजना से एनिकट निर्माण एवं अन्य विकास कार्य करवाये जाने पर व्यापक चर्चा की गई, ताकि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्राप्त बजट के द्वारा नगरफोर्ट ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जा सके। 22 नवम्बर 2022 को संबंधित समस्त अधिकारियों के साथ जिला प्रमुख द्वारा नगर फोर्ट क्षेत्र का दौरा किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक मुरारी लाल शर्मा, सहायक निदेशक पर्यटन विभाग मधुसूदन शर्मा, मंडल वन अधिकारी घनश्याम गुप्ता, अधिशाषी अभियंता नरेगा प्रेम चंद बैरवा, अधिशाषी अभियंता जल ग्रहण एवं भू-संरक्षण मोहनलाल खंगार, अधिशाषी अभियंता जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण मालपुरा रंग लाल दादा, विकास अधिकारी पंचायत समिति देवली ममता चौधरी, सहायक अभियंता पंचायत समिति देवली सरदार सिंह छोलक, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नगरफोर्ट आलोक माहेश्वरी, प्रतिनिधि सरपंच ग्राम पंचायत नगरफोर्ट सुनील सोयल उपस्थित रहे।

### कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**नरैना, (निसं)।** कस्बे की वांकुल माता मंदिर परिसर में भाजपा मण्डल नरैना शहर की कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष नटवर पारीक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक निर्मल कुमावत व एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश टेपण रहे। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुकेश टेपण ने बताया कि आगामी दिनों में भाजपा द्वारा पूरी विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। कार्यसमिति की बैठक के दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामप्रकाश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सोडाणी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्योजीराम भदाला, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष हृदय सुमन पारीक, पूर्व उपसरपंच रामनारायण माालू, डॉक्टर पुखराज स्वामी, बस स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री कानसिंह मंडपी, भाजपा उपाध्यक्ष राधेश्याम मुरारका, प्रवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपक तेला, संजय वार्ष्णेय, रामप्रसाद वैष्णव, टीकम लखेरा, गोपाल परिहार, भाजपा नेता सुनील पारीक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### पूर्व विधायक यादव का स्वागत

**किशनगढ़ बास।** दिल्ली नगर निगम के हो रहे चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए दिल्ली पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत यादव का महावर समाज के लोगों ने स्वागत किया। पूर्व विधायक रामहेत यादव को संगठन की ओर से दिल्ली नगर निगम चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महावर समाज अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता नरेश गुप्ता सुरेश गुप्ता सहित समाज के लोगों ने किशनगढ़ बास से दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील करने पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत यादव का शाल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान यादव ने समाज के लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर अल्टीमेटम

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** कालाडेरा कस्बे के बस स्टैंड पर अतिक्रमण हटाने को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सोमवार को कालाडेरा थाना पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने को लेकर थड़ी व्यापारियों को 7 दिन में स्वयं अतिक्रमण हटाने को लेकर अल्टीमेटम दिया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि अगर 7 दिन में थड़ी व्यापारियों ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया तो विभाग पुलिस की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।

### छोगालाल बने जोधपुरिया ट्रस्ट सदस्य

**मालपुरा, (निसं)।** देवनारायण मंदिर ट्रस्ट देवधाम जोधपुरिया के अध्यक्ष फुलचन्द लांगडी ने ट्रस्ट कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला परिषद सदस्य मालपुरा निवासी छोगालाल गुर्जर को मंदिर ट्रस्ट संरक्षक मंडल व सदस्य मनोनीत किया। समाज हित व संगठन को लेकर छोगालाल गुर्जर की सक्रियता के चलते सदस्य मनोनीत करने पर समाजबंधुओ ने छोगालाल गुर्जर को बधाई दी गई।

### नये थानाधिकारी का स्वागत किया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा थाने के नये थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव का सोमवार को दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के पदाधिकारियों ने माला और साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। जिस पर थानाधिकारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ईमानदारी से कार्य करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत अध्यक्ष अशोक वासदेव, शिक्षाविद् शक्ति सिंह, प्रेम सिंह नरूका, श्यामसुन्दर पारीक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हिंदू क्रांति सेना के संरक्षक का अभिनंदन

**सांभरझील, (निसं)।** यहां न्यू मार्केट के दुकानदारों की ओर से हिंदू क्रांति सेना के राष्ट्रीय संरक्षक भंवर सिंह फलाड़ा का अभिनंदन कियाा। इस मौके पर हिंदू क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष कुशाल कुमावत, लोकेश कुमावत, विशाल सिंह, सांभर युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश माली सहित अनेक की ओर से उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# व्यापारी का गला रेत हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया

- 36 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, व्यापारी का गंभीर अवस्था में इलाज जारी
- आपसी कहासुनी के चलते दिया गया वारदात को अंजाम

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** थाना क्षेत्र के चक अभयपुरा में एक दुकानदार व्यापारी का गत शनिवार की रात गला रेत कर हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी रिंकू उर्फ रिंकू मीणा उर्फ सचिन पुत्र लल्लू राम मीणा निवासी पराल्या की ढाणी सोनड को रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस की टीम द्वारा महज 36 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार आरोपी सनकी स्वभाव का बताया जा रहा है एवं दुकानदार व्यापारी के बीच किसी मामले को लेकर कहासुनी के बाद इस वारदात को अंजाम देना सामने आया। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि रामगढ़ पचवारा थाना क्षेत्र के चक अभयपुरा गांव में अज्ञात बदमाश द्वारा एक दुकानदार व्यापारी ओम प्रकाश राणा को गले पर धारदार हथियार से वार करते हुए गंभीर घायल कर दिया था। इसके बाद आरोपी घायल दुकानदार व्यापारी ओमप्रकाश राणा की मोटरसाइकिल को मौके से लेकर फरार हो गया था। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के परिजनों द्वारा दुकानदार व्यापारी की गला रेतने के बाद गंभीर हालत में उपचार के लिए उप जिला अस्पताल रामगढ़ पचवारा भर्ती कराया गया था। जहां पीड़ित की तबीयत ज्यादा खराब होने के चलते उसे हायर सेंटर जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया था। मौजूदा समय में पीड़ित दुकानदार व्यापारी का गंभीर अवस्था में एसएमएस अस्पताल में उपचार चल रहा है।



थाना क्षेत्र के चक अभयपुरा ग्राम में दुकानदार व्यापारी की गला रेत हत्या के प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल से एमओवी व एफएसएल की टीम द्वारा साक्ष्य जुटाए गए थे। वहीं इस अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशो पर रामगढ़ पचवारा थाना अधिकारी अजय सिंह एवं एएसआई रणवीर सिंह व छोटेलाल व हेड कांस्टेबल रोहिताश एवं पुलिस कांस्टेबल नवीन कुमार मुंशी राम रोहिताश की एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। जहां पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को चिन्हित किया गया। इसके बाद आरोपी रिंकू उर्फ रिंकू मीणा उर्फ सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके साथ ही आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है। वहीं क्षेत्र में बढ़ रहे गंभीर प्रकृति के अपराधों की गति बढ़ती दे ग्रामीणों द्वारा चिंता जताते हुए इन गंभीर प्रकृति के अपराधों पर रोकथाम के लिए गंभीरता के साथ कार्य करने एवं ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की पुलिस प्रशासन से मांग की गई है।

### रामचरितमानस अखंड पाठ की पूर्णाहुति

**सांभरझील, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम त्योदा स्थित काकड़ के बालाजी मंदिर में विगत 11 दिनों चल रहे रामचरितमानस अखंड पाठ की सोमवार को पूर्णाहुति हुई।

सांभर पंचमुखी आश्रम के महंत विपिनदास महात्यागी के सानिध्य में अयोध्या से पधारे 11 संतों की ओर से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, खुशहाली तथा सांभर जिले की मांग पूरा होने की कामना को लेकर हवन में आहुतियां दी गई। इस मौके पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इससे पहले पंचमुखी आश्रम के महंत विपिनदास महात्यागी की पहल पर भी सांभर क्षेत्र की खुशहाली की कामना, सांभर को जिले का दर्जा मिले इसके लिए भी 121 दिन अखंड रामायण की पूर्णाहुति पर हवन में आहुतियां दी गई थी। काकड़ के बालाजी में अखंड रामायण के पाठ में ग्रामवासियों ने भी अखंड रामायण पाठ का आनंद लिया। इस मौके पर कांकड़ के बालाजी समिति के सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही।

# दो सड़क हादसों में तीन घायल

## घायलों को मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया

**मालपुरा, (निसं)।** सोमवार को दूदू-छाण स्टेट हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सडक हादसों मे तीन जने घायल हो गये। जिन्हें मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया।

सोमवार की दोपहर को मोर टॉल नाके के पास पर कार व बाईक में आमने-सामने की हुई भिड़ंत में बूंदी निवासी विजयशंकर जागा व मध्यप्रदेश निवासी दिनेशपुरी घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायलों को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया।

वहीं शहर के दूदू रोड जाट छात्रावास के पास दो बाईकों की हुई आमने-सामने की भिडंत में बाईक सवार महिला गुड्डी पत्नि मुश्तकिम निवासी इस्लामनगर घायल हो गये जिसे 108 एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा अस्पताल मे भर्ति करवाया गया।



कार व बाईक की हुई आमने-सामने की भिड़ंत के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# मीणा समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

- हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम

**राजगढ़, (निसं)।** थाना राजाजी के पास ग्राम कालीपहाड़ी में आदिवासी मीणा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 2022 का आयोजन आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर द्वारा रविवार को आयोजित किया गया। आदिवासी सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष लल्लूराम खुर्द ने बताया कि जिला स्तरीय सम्मान समारोह में अलवर जिले में निवास करने वाले या अध्ययन करने वाले विद्यार्थी जिन्होंने सत्र 2021-22 में कक्षा 10 व 12 में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए उनका सम्मान किया गया हैं। वहीं कैलाश(भाबला) मीणा दुब्बी द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए और सभी विधार्थियो को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथी स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना रहे तथा अन्य अतिथियों में राजगढ़ एसडीएम ओम प्रकाश मीणा, राजगढ़ तहसीलदार जुगिता मीणा, राजस्थान युवा बोर्ड के सदस्य लोकेश मीणा, रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगीलाल मीणा, अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना, पंचायत समिति सदस्य भाजपा सुनीता मीणा, मनोहर लाल मीणा निर्देशक उर्जा मंत्रालय भारत सरकार, रामगोपाल मीणा पीडब्ल्यूडी, खण्ड विकास अधिकारी निम्बाहेडा सुनील मीणा, बीएल बड़ला, शिवराम मीणा पीडब्ल्यूडी, सीबीईओ राजगढ़ रामेश्वर दयाल मीणा , सुखराम मीणा बीएसएनएल खुर्द, बनवारीलाल मुख्य प्रबंधक एसबीआई, भगवान सहाय बीकानेर प्रदेश महामंत्री अंबेडकर, पंचायत समिति सदस्य एनएल वर्मा, दुली चंद मीणा वरिष्ठ आरएएस, सरपंच सरोज मीणा पाटन, थाना राजाजी सरपंच राजू वकील व धर्मराज मीणा इटोली सरपंच, एडवोकेट शिव सहाय मीणा, नागराज सहित मीणा समाज व अन्य समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्थान के द्वारा सभी अतिथियो का पुष्प माला व साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया गया। इस आदिवासी मीणा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम मे लगभग 400 विधार्थियों को पुष्प माला पहनाकर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### मत्स्य महोत्सव का आयोजन होगा

**राजगढ़, (निसं)।** माचाडी कस्बे में प्राचीन कालीन शहर माचाडी कस्बा जो कि अलवर राज्य की राजधानी रहा हैं में पहली बार मत्स्य महोत्सव का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि माचाड़ी के रावराजा प्रताप सिह ने 25 नवम्बर 1775 ई.को अलवर राज्य की स्थापना की थी। उसी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मत्स्य महोत्सव का आयोजन अलवर में होता हैं। स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की मांग पर पहली बार क्षेत्रीय विधायक जौहरी लाल मीना,पर्यटन मंत्री विश्वेंन्द्र सिहं एवं जिला कलैक्टर को ज्ञापन देकर माचाडी कस्बे के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुये यहां से मत्स्य महोत्सव के आयोजन की शुरुआत करने की मांग की थी। अत: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में माचाड़ी को पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए माचाड़ी स्कूल के खेल मैदान दिनांक 24 नवम्बर को सायं 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश की साझी संस्कृति की झलक देखने को मिलेंगी। इसके बाद रंगीन आतिशबाजी का मनमोहक दृश्यों से आकाश को रंगबिरंगा किया जायेंगा। प्रात: 9 बजे हैरिटेज से हैरिटेज मोटरसाइकिल रैली निकाली जायेगी। दिन में कबड्डी एवं रस्साकस्सी का आयोजन होगा। सोमवार 21 नवंबर को दिन में उपखंड अधिकारी रैणी अनिल सिंघल एवं बीडीओ रैणी कालूराम मीना,पीएचडी विभाग के एईएन राजेश मीणा कनिष्ठ अभियंता हरीश सैनी सहित सभी संबंधित अधिकारियों ने माचाड़ी में मत्स्य महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। यह जानकारी मोहर सिंह मीणा ने मीडिया कर्मी नागपाल शर्मा को दी।

### कार्यकारिणी घोषित

**मालपुरा, (निसं)।** साहित्य लोक संस्थान सचिव कवि आरएल दीपक ने बताया कि संगठन की नवीन कार्यकारिणी मे अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार जैन द्वारा अपनी कार्यकारिणी घोषित करते हुए संरक्षक मंडल ने डॉ. जीएल शर्मा, पूर्व डीआर किशन लाल फगोडिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जेएस मान, डॉ. हरिशंकर पारीक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, डॉ. संजीव चौधरी, सीए सौभाग्य सिंह, श्यामसुन्दर शर्मा, कृष्णगोपाल जांगिड, मोतीलाल कारवाल, उपसचिव अशोक साहू एडवोकेट, कोषाध्यक्ष अमित विजयवर्गीय, संगठन मंत्री जतन लाल जाट, साहित्य मंत्री जयनारायण जाट, प्रचार मंत्री सियाराम शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे राजेश पारीक, रामधन मूंड, जितेन्द्र कुमार जैन, डॉ. सुनिल खारवाल, विनोद चतरमलानी, विशेष आमंत्रित सदस्यों में चन्द्रमोहन उपाध्याय, एडवोकेट रवि कुमार जैन, रामकिशन भादू व ओमप्रकाश शर्मा को मनोनीत किया गया। कवि आरएल दीपक ने बताया कि आगामी दिनों में शहर में संगठन द्वारा आठवां विराट कवि सम्मेलन आयोजित किये जाने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

### श्रद्धालुओं की बस यात्रा रवाना

**कोटपूतली।** कस्बे में एलबीएस कॉलेज के बाहर से महाराव शेखा संस्थान के पदाधिकारी व पूर्व जिला पार्षद धूड सिंह शेखावत के सौजन्य से आयोजित निशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए 50 श्रद्धालुओं की बस वृंदावन धाम के लिए रवाना हुई। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद शेखावत सहित उपस्थित अतिथियों ने बस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व जिला पार्षद धूड सिंह शेखावत ने बताया कि 50 श्रद्धालुओं को लेकर बस वृंदावन धाम के सभी तीर्थ स्थलों का निशुल्क भ्रमण करवाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन और रहने की व्यवस्था निशुल्क की गई है। बस में ग्राम पंचायत सुदरपुरा ढाडा, सरुंड , मांजूकोट ग्राम पंचायतों के 50 श्रद्धालु यात्रा पर गए हैं। हर महीने 3 ग्राम पंचायतों के 50 श्रद्धालुओं को बस द्वारा निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। इस मौके पर सत्ताईशा महामंत्री जगजीत सिंह शेखावत, पावटा उपप्रधान राजेंद्र सिंह टीटू , अमर सिंह राठौड़, भाजयुमो शहर अध्यक्ष रमन सैनी, कालूराम सैनी, रवि शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत आकोदा के निकट स्थित हाकलों की ढाणी में कुट्टी काटने की मशीन से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को प्रात: करीब 8 बजे कालूराम पुत्र बज्जाराम गुर्जर उम्र 30 वर्ष निवासी हाकलों की ढाणी आकोदा की ट्रेक्टर के लगी कुट्टी काटने की मशीन से कुट्टी काटने समय दाहिना हाथ आने से उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय मृतक के बड़े भाई द्वारा स्थानीय थाने पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर फुलेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी।

### शहादत शौर्य कलश यात्रा का स्वागत

**बहरोड़/ अलवर।** बहरोड़ तहसील में 18 नवंबर को अलवर जिले के कोटकासिम क्षेत्र से शुरू हुई 1962 के भारत चीन युद्ध में भारतीय सेना की टुकड़ी के 114 शहीदों की शहादत पर रेजांगला की मिट्टी की शहादत शौर्य कलश यात्रा का बहरोड़ तहसील के लगभग 27 केंद्रों पर राठ क्षेत्र के 36 बिरादरी के ग्रामीणों, नेताओं तथा पूर्व सैनिकों एवं गणमान्य लोगों सहित सीआईएसफ प्रशिक्षण केंद्र अनंतपुरा सहित बहरोड़ कस्बे में भी स्वागत सम्मान एवं पुष्पांजलि अर्पित कर रेजांगला की मिट्टी की सहादत की शौर्य कलश यात्रा को नमन करने के साथ ही पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अलवर जिले में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष भारत यादव के नेतृत्व में चल रही रेजांगला की मिट्टी की सहादत की शौर्य कलश यात्रा का राठ क्षेत्र में सी आई एस एफ प्रशिक्षण केंद्र अनंतपुरा के अधिकारियों व जवानों सहित पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस डॉ करण सिंह यादव, डॉक्टर शानू यादव संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं भाजपा की प्रदेश महिला मोर्चा सह संयोजक प्रशिक्षण राजस्थान तथा रामसिंहपुरा ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि जसवंत सिंह यादव, बहरोड़ पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि व सहित यादव समाज के अन्य नेताओं सहित राठ क्षेत्र की समस्त बिरादरी की जनता ने नमन किया।

# 35वीं अंतर महाविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का समापन

- फाईनल मैच में डीएवी कॉलेज अजमेर विजयी

**टोंक, (निसं)।** राजीव गांधी बालिका महाविद्यालय टोडारायसिंह में आयोजित 35वीं अंतर महाविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसके फाईनल मैच में राजकीय महाविद्यालय अजमेर एवं डीएवी कॉलेज अजमेर के मध्य हुआ, जिसमें डीएवी कॉलेज अजमेर विजयी रहा।

संस्थान के मंत्री डा. कुलदीप कुलहरी ने बताया कि इससे पूर्ण सेमीफाईनल मुआबले रविवार को सुबह शुरु हुए, जिसमें डीएवी अजमेर की टीम ने राजीव गांधी महाविद्यालय कूकड को हराया, सेमीफाईनल के दूसरे मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय में राजकीय महाविद्यालय केकडी को परास्त किया। क्वार्टर मुकाबले भी सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 28 टीमों ने भाग लिया। मदस विश्वविद्यालय की टीम वेस्ट जोन कबड्डी टुर्नामेंट खेलने जबलपुर मध्यप्रदेश जाएगी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी टोंक के प्रतिनिधि एवं विद्यापीठ के पूर्व छात्र हंसराज गाता ने सभी विजेता, उपविजेता टीमों कों पारितोषित वितरण किया एवं समारोह में हंसराज गाता ने कहा कि प्रतियोगिता को जिस अनुशासित तरीके से आपक सभी ने खेला है, सभी धन्यवाद के पात्र है।

इस अवसर पर संस्थान के मंत्री डा. कुलदीप कुलहरी ने सभी को धन्यवाद दिया। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डा. नरेन्द्रसिंह समरवाल, ब्यावर राजकीय महाविद्यालय के विवेक भारद्वाज, दिनेश जैन, जावेद अहमद, राजीव गांधी कूकड के प्राचार्य डा. जयराम मीणा, बालिका प्राचार्य डा. पी.आर.मीणा, देवेन्द्र सिंह शेखावत, राजेन्द्र मीणा, निर्णायक मंडल के हंसराज धाकड, गोकूल धाकड, शंकर चौधरी, रामधन जाट, शिवजीराम चौधरी, सीताराम चौधरी, अशोक सैनी, गोपाल बलाई, शिवराज चौधरी, स्कूल प्रधानाचार्य मुकेश कुमार सोनी, कुलदीप प्रजापति, मदन जाटव, विकास भट्ट, विनोद जग्रवाल, मोहनसिंह, लालाराम गोरा, कमलेश सैनी आदि मौजूद थे। आयोजन सचिव ने सभी का आभार व्यक्त किया।




प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

### यूरिया खाद का वितरण प्रारंभ

**बौंली-बामनवास (निसं)।** क्षेत्र में चल रही यूरिया खाद की कमी व कालाबाजारी की शिकायत व समाचार प्रकाशित होने के बाद सोमवार को बौंली उपखंड मुख्यालय के थाना परिसर में यूरिया खाद का आधार कार्ड से रजिस्ट्रेशन एवं वितरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोमवार को सुबह सेहि थाना बौंली के प्रांगण में खाद लेने वाले किसान महिला, पुरुषों की लंबी कतारें लग गई एवं थाना प्रभारी कुसुमलता मीणा अपने में पुलिस दल बल के साथ सुचारू रूप से लाइन लगाकर खाद वितरण में व्यवस्था बना रही थी। थाना परिसर में कृषक महिला पुरुष के अलग-अलग काउंटर लगाकर यूरिया खाद डीलर से आज वितरण कराया गया है।

### वंशिका जांगिड़ ने खिताब जीता

**अलवर, (निसं)।** इटाराना ऑडिटोरियम में आर्मी पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित इंटर स्कूल कंपीटीशन के डांसिंग में अलवर की बेटी वंशिका जांगिड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सभी स्कूलों में टॉप किया है। डांसर वंशिका ने बताया कि उसका सपना एक दिन पूरे देश में डांसिंग के सेक्टर में अलवर का नाम रोशन करना है। वंशिका अलवर के केन्द्रीय विद्यालय इटाराना की छात्रा है। वंशिका की इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जंग

- कार चढ़ाकर जान लेने की कोशिश, महिलाओं सहित 18 घायल, छह गंभीर

**खैरथल, (निसं)।** समीपवर्ती गांव मातोर में सरकारी जोहड़ के पास रविवार शाम को एक सरकारी भूखंड पर नींव खोदने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जम कर लाठी भाटा जंग होने पर महिलाओं सहित अट्ठारह लोग घायल हो गए। जिनमें से छह गंभीर घायलों फारुख, इशान, रफीक, जाकिर, शहरूना व अनीसा को अलवर जिला अस्पताल में रैफर किया गया है। घटना की सूचना पर खैरथल से थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा व ततारपुर थानाधिकारी शेर सिंह पुलिस जाप्ता सहित मौके पर पहुंच गए। इसी के साथ डीएसपी जयप्रकाश मीणा भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने झगड़े पर नियंत्रण करने के साथ घायलों को खैरथल अस्पताल में भर्ती कराया।

इस दौरान पुलिस ने सात लोगों साज़िद पुत्र असरु, मुस्ताक़ पुत्र भूरमल, साहिल पुत्र असरु, फारुख पुत्र छुटना, ईशाक पुत्र कमरुद्दीन, साबिर पुत्र अबरु और मुबारक पुत्र भुल्ली खां को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस ने बताया कि एहितियात के तौर पर गांव में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है में स्थिति पूरी तरह से शांत व नियंत्रण में है । थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि रविवार की शाम को हुए इस झगड़े के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से परस्पर एक-दूसरे के खिलाफ भूखंड के विवाद को लेकर जान लेवा हमला करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

उन्होंने बताया कि एक पक्ष के आस मोहम्मद पुत्र गुल्ली खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका भाई मुबारिक अपने खाली भूखंड पर बाउंड्री वॉल बनाने के लिए ख़ुद ही नींव की खुदाई कर रहा था कि गांव के हाजी फजरू ने प्री प्लान से वहां आकर उसे भद्दी भाषा में गालियां देने लगा जिसका विरोध करने पर उसने ईंट उठाकर उसके सिर पर मारी जिससे उसका सिर फूट गया। बचाव के लिए चिल्लाने पर मौके पर पहुंची उसकी गर्भवती पत्नी अनीसा आई तो उसके साथ भी मारपीट कर पेट पर लात मारी बाद में करीब पचास लोगों ने आकर हमला कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से मौसीन खां पुत्र इसराइल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके ताऊ जी फजरु व जाकिर पुत्रान रहमान खान उसे समझाने गए कि यह सरकारी जमीन है इस पर नींव नहीं खोदे। जिस पर आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया जबकि इस बीच मौका पाकर आसूखां ने अपनी अल्टो कार से उनके ऊपर चढ़ा कर जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से क़रीब 50 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमे दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

### छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**बहरोड़/ अलवर, (निसं)।** बहरोड़ में अलवर के राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर की ओर से बहरोड़ के अलवर रोड पर स्थित निजी क्षेत्र के पीजी महाविद्यालय बहरोड़ में आयोजित छात्र-छात्राओं की अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता टीम के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

निदेशक राजपूताना शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान जयपुर की अध्यक्षता में राजपूताना महाविद्यालय कोटपूतली के महेंद्र सिंह चौधरी तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव एवं सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक फूल सिंह यादव तथा डॉ. इंद्रजीत एवं अन्य अतिथि गणों के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित जूडो प्रतियोगिता की विजेता पुरुष टीम में बहरोड़ के निजी क्षेत्र के पीजी महाविद्यालय की टीम तथा उपविजेता टीम राजकीय धर्मचंद गांधी जैन महाविद्यालय बहरोड़ एवं महिला वर्ग में जीडी महाविद्यालय अलवर की महिला टीम तथा उपविजेता आदिनाथ जैन महाविद्यालय अलवर की टीम द्वारा विजय हासिल की गई। जिसमें गोल्ड मेडल किशोर, अक्षय, मनीष चौहान, नितिन कुमार, विकास, रितेश कुमार एवं गौरव तथा सिल्वर मेडल आरिफ, साहिल खान, विपिन कुमार, सौरव मीणा, बलवान तथा ब्रोंज मेडल रविंद्र कुमार, टिंकू, अभिषेक अंसार को मिले वहीं महिला वर्ग में गोल्ड मेडल इशरत बानो द्वारा हासिल करने पर सम्मानित किया गया।



मुझे यह सोचने की जरुरत नहीं है कि लोग क्य सोचते हैं। वह वहीं बोलता हूँ जो मैं चाहता हूं। खिलाड़ी मुझे कई सालों से अच्छी तरह से जानते हैं कि मैं किस तरह का इंसान हूं।

- क्रिस्यिानो रोनाल्डो

पुर्तगाल के स्टार फुटबालर, अपने व्यवहार को लेकर

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## केन विलियम्सन



न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन डॉक्टर के साथ पूर्व नियोजित भेंट के कारण भारत के खिलाफ को होने वाले तीसरे टी20 मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एनज़ेडसी ने बताया कि उनकी गैर-मौजूदगी में टिम साउदी न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे, जबकि मार्क चैपमेन को भी टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच ने कहा, केन कुछ समय से डॉक्टर से मिलने की योजना बना रहे थे, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे कार्यक्रम के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रहे थे। "हमारे खिलाडियों और स्टाफ का स्वास्थ्य हमारे लिये सबसे ऊपर हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत को 1950 (ब्राजील) के विश्वकप फुटबॉल में फीफा ने इसलिए खेलने से रोक दिया क्योंकि वह नंगे पैर यहां खेलना चाहता था।

## नीदरलैंड ने की जीत से शुरुआत, सेनेगल को 2-0 से हराया, जैक्पो और क्लासेन ने किए गोल

दोहा, 21 नवम्बर। फीफा वर्ल्ड कप 2022 के चौथे मुकाबले मेंसेनेगल का सामना नीदरलैंड से हुआ। अल थुमामा स्टेडियम में हुए मुकाबले में नीदरलैंड ने सेनेगल को 2-0 से पराजित किया। नीदरलैंड की जीत के हीरो फॉर्वर्ड कोडी गेक्पो और डेवी क्लासेनरहे. दोनों ने मैच में नीदरलैंड के लिएएक-एक गोल दागा। पहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर पाईं. हालांकि सेनेगल को गोल करने के लिए इस हाफ में डच टीम की तुलना में कई मौके मिले। इस दौरान सेनेगल के एक-दो शॉट टारगेट पर रहे लेकिन गोलकीपर ने शानदार बचाव करते हुए सेनेगल को निराश कर दिया। नीदरलैंड ने भी गोलपोस्ट की ओर काफी शॉट लगाए लेकिन उसका एक भी शॉट टारगेट पर नहीं रहा। यानी कि पहला हाफ 0-0 से बराबर रहा था। दूसरे हाफ में भी शुरुआती 33 मिनट तक दोनों टीमें गोल नहीं कर पाई थीं। तब ऐसा लग रहा था कि मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर छूट सकता है। लेकिन कोडी गेक्पो के इरादे कुछ और थे। नतीजतन मैच के 84वें मिनट में कोडी गेक्पो ने गोल कर दिया। उन्होंने फ्रैंकी डी जॉन्ग के एक बेहतरीन क्रॉस पर हेडर के जरिए गोल दागा। इस झटके से सेनेगल की टीम उबर नहीं पाई। इंजरी टाइम के आखिरी मिनटमें डेवी क्लासेन ने शानदार गोल करके सेनेगल की हार का अंतर थोड़ा बडा कर दिया।

# इंग्लैंड ने ईरान को 6-2 से रौंदा

दोहा, 21 नवंबर (वार्ता)। इंग्लैंड ने सोमवार को फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-बी मुकाबले में ईरान को 6-2 से रौंदकर अपने अभियान की ज़ोरदार शुरुआत की। विजेता टीम के लिये जूड बेलिंघम (35वां मिनट), बुकायो साका (43वां, 62वां मिनट), रहीम स्टर्लिंग (45 प्लस एक मिनट), मारकस रैशफोर्ड (71वां मिनट) और जैक ग्रीलिश (89वां मिनट) ने गोल किये।

ईरान के लिये मेहदी तरेमी ने 65वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि अतिरिक्त समय के 13वें मिनट में उन्होंने पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। दोनों टीमों ने मुस्तैदी ने मैच की शुरुआत की, लेकिन अपना दूसरा विश्व कप तलाश रही इंग्लैंड ने आगे चलते हुए मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली। पहले हाफ में बेलिंघम, साका और स्टर्लिंग के गोलों ने ईरान के हौसलों को पस्त कर दिया। तरेमी ने ईरान के लिये दूसरे हाफ में दो गोल किये, लेकिन यह केवल हार के अंतर को ही कम कर सके। इंग्लैंड इस जीत के साथ तीन अंक हासिल करके ग्रुप-बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है।

**ईरानी खिलाड़ियों ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के समर्थन में नहीं गाया राष्ट्रगान:**-ईरान के खिलाड़ियों ने फीफा विश्व कप 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले मैच से पूर्व सोमवार को राष्ट्रगान न गाकर स्वदेश में चल रही अशांति को लेकर विरोध प्रकट किया। ईरान के कप्तान अलिरेज़ा जहांबख्श ने मैच से पहले कहा था कि देश में चल रहे सरकार-विरोधी प्रदर्शनों का समर्थन करने के लिये राष्ट्रगान गाने से इनकार करने का फैसला टीम मिलकर लेगी।

खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जब मैच से पहले राष्ट्रगान गाने का समय आया तो ईरानी एकादश गंभीर चेहरों के साथ चुपचाप खडी रही। ईरान में 22 वर्षीय महसा अमीनी की 16 सितंबर को पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गयी थी, जिसके बाद से देशभर में सरकार-विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। अमिनी को उनकी मृत्यु से तीन दिन पहले इस्लामिक गणराज्य में महिलाओं के ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के लिये गिरफ्तार किया गया था।



## जगदीशन, सुदर्शन ने तोड़े लिस्ट-ए क्रिकेट के रिकॉर्ड

बेंगलुरु 21 नवंबर (वार्ता)। तमिलनाडु के सलामी बल्लेबाज एन जगदीशन और साई सुदर्शन ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ सोमवार को खेले गये विजय हज़ारे ट्रॉफी के एकदिवसीय मैच में लिस्ट-ए क्रिकेट के कई रिकॉर्ड अपने नाम किये।

चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेले गये मैच में जगदीशन ने 141 गेंदों पर 25 चौकों और 15 छक्कों के साथ 277 रन बनाये। वह इस मैच में 77 गेंदों पर शतक पूरा करके लिस्ट-ए क्रिकेट में लगातार पांच शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गये। जगदीशन ने इससे पहले की चार पारियों में 114 नाबाद, 107, 168 और 128 रन बनाये थे।

जगदीशन ने 277 रन के स्कोर के साथ लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे बडे व्यक्तिगत स्कोर का अली ब्राउन (268) का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। ब्राउन ने 2002 में सरी के लिये खेलते हुए ग्लैमोर्गन के खिलाफ यह स्कोर बनाया था।

जगदीशन और सुदर्शन ने लिस्ट-ए क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिये सबसे बड़ी साझेदारी (416) का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। सुदर्शन ने आउट होने से पहले 102 गेंदों पर 19 चौकों और दो छक्कों के साथ ताबड़तोड 154 रन बनाये।

दिन का आकर्षण हालांकि जगदीशन ही रहे। जगदीशन से पहले देवदत्त पडिक्कल एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में लगातार चार शतक जड़े हैं।

अपने पांच शतकों के साथ जगदीशन ने इतिहास की किताबों में पडिक्कल के साथ-साथ श्रीलंका के कुमार संगाकारा और दक्षिण अफ्रीका के अल्वीरो पीटरसन को भी पीछे छोड़ दिया है। संगाकारा 2015 में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान यह कीर्तिमान रचने वाले पहले व्यक्ति थे, जबकि पीटरसन ने दक्षिण अफ्रीका में हाईवेल्ड लायंस के लिए खेलते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया था।

## अंतिम टी 20 में उमरान मलिक और संजू सैमसन को मौका देगा भारत?

नेपियर, 21 नवंबर (भाषा)। भारत को अपने रवैये में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है लेकिन एक बार फिर सवाल यही उठता है कि क्या टीम मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उमरान मलिक और संजू सैमसन जैसे खिलाडियों को मौका देगी या नहीं।

टी20 विश्व कप में एक बार फिर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद संभावना थी कि भारत कुछ अन्य खिलाड़ियों को आजमाएगा लेकिन अगर दूसरे टी20 के टीम संयोजन को देखें तो संकेत मिलते हैं कि टीम शून्य से शुरुआत करने को लेकर झिझक रही है।

सूर्यकुमार यादव के शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन को छोड दें तो भारतीय टीम को रविवार को एक बार फिर 160 रन का स्कोर खडा करने में जूझना पडता जो ऑस्ट्रेलिया में हुए विश्व कप की याद दिलाता है जहां भारतीय टीम बडे स्कोर खड़े करने में विफल हो रही थी।

पावर प्ले में भारत का रवैया बडी चिंता का सबब है। दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम में इशान किशन के साथ ऋषभ पंत को आजमाया गया लेकिन वांछित नतीजे नहीं मिले। पंत के स्तर को देखते हुए श्रृंखला के अंतिम मैच में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सैमसन एक अन्य बल्लेबाज हैं जो तुरंत प्रभाव छोड़ सकते हैं लेकिन टीम उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं कर रही। कप्तान हार्दिक पंड्या की मैच के बाद की टिप्पणी पर गौर करें तो उन्होंने कहा था कि प्रबंधन के तीसरे टी20 के लिए काफी बदलाव करने की संभावना नहीं है।

पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि दूसरा मैच जीतकर भारत श्रृंखला में 1-0 से आगे है। सीनियर खिलाडियों की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल भी पारी की शुरुआत करने के दावेदार हैं लेकिन टीम ने बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों को पारी का आगाज करने के लिए चुना। संभावना है कि उन्हें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ही मौका मिलेगा जो टी20 मुकाबलों के बाद खेली जाएगी।

पंड्या टीम में ऐसे और अधिक बल्लेबाजों को शामिल करने के इच्छुक हैं जो गेंदबाजी भी कर सकें और दीपक हुड्डा उन्हें ऐसा एक विकल्प देते हैं। सबसे बडी निराशा हालांकि दूसरे टी20 में उमरान मलिक को शामिल नहीं करना रही। यह साबित हो चुका है कि टी20 क्रिकेट में भारत को एक तूफानी गेंदबाज की दरकार है और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इस साल तीन टी20 खेलने वाले उमरान को जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में शीर्ष टीम के खिलाफ खेलने के दबाव का सामना करने का मौका दिया जाना चाहिए था।

काफी समय बाद अंतिम एकादश में जगह बनाने वाले युजवेंद्र चहल ने दिखाया कि आखिर क्यों उन्हें टीम में नियमित तौर पर शामिल होना चाहिए। कलाई के उनके साथी स्पिनर कुलदीप यादव को हालांकि शायद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में ही मौका मिले। श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए न्यूजीलैंड को यह मैच हर हाल में जीतना होगा लेकिन टीम कप्तान केन विलियमसन के बिना उतरेगी जो चिकित्सा कारणों से इस मुकाबले में नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम सलामी बल्लेबाज फिन एलेन और ग्लेन फिलिप्स पर और अधिक निर्भर होगी। मेजबान टीम के गेंदबाजों ने दूसरे टी20 में डेथ ओवरों में काफी रन लुटाए और वे इसमें सुधार की कोशिश करेंगे। न्यूजीलैंड को साथ ही बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार को रोकने का तरीका भी ढूंढना होगा।

# मेसी की अगुवाई में सऊदी अरब पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा अर्जेंटीना

दोहा, 21 नवंबर (एपी)। पिछले 36 मैचों से अजेय चल रहा अर्जेंटीना विश्व कप फुटबॉल में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को यहां टूर्नामेंट की दूसरी सबसे कम रैाकग की टीम सऊदी अरब के खिलाफ करेगा जिसमें सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी पर टिकी होंगी।

इस टूर्नामेंट में मेसी को अपने अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या को 100 के पार पहुंचाने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने अभी तक 91 गोल दागे हैं। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो 117 गोल करके इस सूची में शीर्ष पर हैं। मेसी ने शुक्रवार और शनिवार को अकेले ही अभ्यास किया जिससे यह आशंका बन गई है कि सऊदी अरब के खिलाफ वह पूरे 90 मिनट मैदान में रहेंगे या नहीं। मेसी कितने भी समय तक मैदान में रहें, निगाहें उन्हीं पर टिकी रहेंगी। सऊदी अरब के खिलाफ इस मैच में उतर कर वह पांचवें विश्वकप में खेलने का रिकॉर्ड बनाएंगे जो कि डिएगो माराडोना और जेवियर मासचेरानो से एक अधिक होगा। सऊदी अरब ने भले ही एशियाई क्वालीफाइंग से आसानी से विश्वकप में जगह बनाई लेकिन इस शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट में वह हमेशा जूझता रहा है। विश्वकप में पांच बार जगह बनाने के बावजूद वह केवल एक बार अंतिम 16 में पहुंचा। अर्जेंटीना ने चार साल पहले विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत आइसलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर किया था लेकिन यहां उसका लक्ष्य सऊदी अरब पर बड़ी जीत दर्ज करना होगा। टीम पिछली बार के प्रदर्शन को दोहराने से बचने के लिए बेताब है। अर्जेंटीना का पिछले कुछ समय में प्रदर्शन अच्छा रहा है जिसमें 2021 में कोपा अमेरिका का खिताब भी शामिल है। यह उसका पिछले 28 वर्षों में किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत थी।

## अल्काराज़, नडाल ने एटीपी रैंकिंग में ऐतिहासिक शीर्ष दो स्थान हासिल किये

लंदन, 21 नवंबर (वार्ता)। स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ और राफ़ेल नडाल अपने देश के लिये इतिहास रचते हुए टेनिस पेशेवर संघ (एटीपी) की रैंकिंग में इस साल क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। एटीपी की सोमवार की रैंकिंग के अनुसार अल्काराज़ 6820 अंकों के साथ पहले पायदान पर हैं, जबकि नडाल 6020 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## अल्काराज़, नडाल ने एटीपी रैंकिंग में ऐतिहासिक शीर्ष दो स्थान हासिल किये

लंदन, 21 नवंबर (वार्ता)। स्पेन के कार्लोस अल्काराज और राफेल नडाल अपने देश के लिये इतिहास रचते हुए टेनिस पेशेवर संघ (एटीपी) की रैंकिंग में इस साल क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। एटीपी की सोमवार की रैंकिंग के अनुसार अल्काराज़ 6820 अंकों के साथ पहले पायदान पर हैं, जबकि नडाल 6020 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। स्पेन ने पहली बार एटीपी रैाकग के शीर्ष दो स्थान हासिल किये हैं। स्पेन की इस जोड़ी ने 2022 के चार में से तीन ग्रैंड स्लैम अपने नाम किये। युवा सनसनी अल्काराज़ ने अमेरिकी ओपन का खिताब जीता जबकि 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल ने ऑस्ट्रेलियाई और फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया। नडाल के सबसे करीबी प्रतिद्वंदी और 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच इस साल रैंकिंग में पांचवें स्थान पर रहे, हालांकि उन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर छठवीं एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीत ली।

# फवाद, यासिर इंग्लैंड टेस्ट शृंखला के लिये टीम से बाहर

रावलपिंडी, 21 नवंबर (वार्ता)। पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर में होने वाली तीन मैचों की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप शृंखला के लिये 18-सदस्यीय टीम की घोषणा सोमवार को की जिसमें फवाद आलम और यासिर शाह का नाम शामिल नहीं किया गया है।

फवाद और यासिर के अलावा हसन अली और शाहीन अफरीदी भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। अफरीदी ने हाल ही में अपने अपेंडिक्स की सर्जरी करवाई है, जबकि वह घुटने की चोट से भी उभर रहे हैं।

फवाद ने 2021 में नौ टेस्ट मैच खेलकर 57.10 की औसत से 571 रन बनाये लेकिन वह इस साल अपने शानदार प्रदर्शन को जारी नहीं रख सके। फवाद ने 2022 के चार टेस्ट मैचों में सिर्फ 58 रन बनाये जिसके बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

हसन अली ने भी अपने पिछले चार टेस्ट मैचों में सिर्फ पांच विकेट लिये, जिसके कारण उनके स्थान पर युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद अली को टीम में तलब किया गया है। तीन मैचों की इस शृंखला के लिये 'मिस्ट्री स्पिनर' अबरार अहमद भी 18-सदस्यीय स्क्वाड का हिस्सा हैं। सीमित ओवर क्रिकेट में अपनी गेंदबाजी से सबका ध्यान आकर्षित कर चुके हारिस रऊफ इस सीरीज में पदार्पण कर सकते हैं। शाहीन की गैर-मौजूदगी में उनसे पाकिस्तानी गेंदबाजी की अगुवाई करने की उम्मीद है। पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम ने टीम चयन पर कहा, मैं उन सभी खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्हें इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट शृंखला के लिये चुना गया है। हमने इस 18-सदस्यीय टीम का चयन खिलाड़ियों की फॉर्म, परिस्थितियों और विपक्ष को ध्यान में रखते हुए किया है।

पाकिस्तान के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाये रखने के लिए यह शृंखला महत्वपूर्ण होगी। बाबर आज़म की टीम फिलहाल डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 51.85 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है और अपने शेष पांच मैच जीतकर वे अधिकतम 69.05 प्रतिशत तक जा सकते हैं।

यदि वे इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट शृंखलाओं में और गलतियां न करें तो यह उन्हें फाइनल में ले जाने के लिये काफी हो सकता है।

यह सीरीज पाकिस्तान के लिये ऐतिहासिक भी है, क्योंकि वह 2005 के बाद से 17 वर्षों में पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए इंग्लैंड की मेजबानी कर रहा है है।

वसीम ने कहा, मुझे विश्वास है कि यह टीम सुनिश्चित करेगी कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला उसी तरह से समाप्त होगी जैसे 2005 की टेस्ट सीरीज हुई थी।

**पाकिस्तान टीम :** बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, सरफराज अहमद, शान मसूद, सऊद शकील, सलमान आगा, नसीम शाह, नौमान अली, अब्दुल्लाह शफीक, इमाम-उल-हक, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियर, अबरार अहमद, जाहिद महमूद, मोहम्मद नवाज़, अज़हर अली, मोहम्मद अली।

## विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिडफील्ड की कमजोरियों से उबरना होगा फ्रांस को

दोहा, 21 नवंबर (एपी)। चोटिल करीम बेनजेमा की गैरमौजूदगी के बावजूद गत चैंपियन फ्रांस की अग्रिम पंक्ति काफी मजबूत है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप डी मैच में टीम को मिडफील्ड की कमजोरियों से उबरना होगा।

अधिकांश टीम काइलन एमबापे, एंटोनी ग्रिजमैन या ओलिवर गिरोड को अपनी अग्रिम पंक्ति में शामिल करेंगी, फिर अगर ये तीनों किसी टीम का हिस्सा हों तो फिर सोने पर सुहागा है। इन तीनों ने मिलकर फ्रांस के लिए 119 अंतरराष्ट्रीय गोल दागे हैं जबकि उनकी गति, अनुभव और कौशल का भी कोई जवाब नहीं है।

फ्रांस की मिडफील्ड हालांकि उतनी मजबूत नहीं है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह टीम के लिए परेशानी का सबब हो सकता है।

दोनों टीम चार साल पहले विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में आमने-सामने थीं तो फ्रांस को 2-1 से जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पडा था जबकि उस समय टीम के पास मिडफील्ड में उसके सर्वश्रेष्ठ खिलाडी मौजूद थे।

फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स को मिडफील्ड में चोटिल एनगोलो कांते और पॉल पोग्बा की कमी खल रही है जो 2018 की टीम का हिस्सा थे। फ्रांस के लिए 91 मैच खेलने वाले पोग्बा ने अपने 11 गोल में से एक गोल क्रोएशिया के खिलाफ फाइनल में टीम की 4-2 की जीत के दौरान दागा था।

पोग्बा की फॉर्म में पिछले विश्व कप के बाद से उतार-चढाव देखने को मिला है। टीम को हालांकि कांते की कमी अधिक खलेगी जिन्होंने टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

इन दोनों की गैरमौजूदगी में मिडफील्ड में एड्रियन रेबियोट पर जिम्मेदारी रहेगी तो 29 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ टीम के सबसे अनुभवी मिडफील्डर हैं।

रेबियोट के मिडफील्ड में बाएं छोर से उतरने की उम्मीद है। ऑरेलियन चोउआमेनी के बीच में जबकि एडवर्डो कामावाइंगा या मातियो गुएनडोजी के दाएं छोर पर खेलने की उम्मीद है।

इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया की मिडफील्ड मजबूत है जिसकी अगुआई अनुभवी आरोन मूई करते हैं। विश्व कप 2014 में मैथ्यू लेकी ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे और एक बार फिर टीम को उनसे काफी उम्मीदें होंगी। लेकी 13 अंतरराष्ट्रीय गोल के साथ राष्ट्रीय टीम के शीर्ष स्कोरर भी हैं। लेकी और मूई दोनों ने चार साल पहले फ्रांस के खिलाफ शुरुआती एकादश में जगह बनाई थी। विंगर मार्टिन बॉयल के घुटने की चोट के कारण बाहर होने से हालांकि ऑस्ट्रेलिया के कोच ग्राहम आर्नोल्ड की रणनीति प्रभावित होगी।

## जोकोविच ने फेडरर के रिकॉर्ड छह एटीपी फाइनल्स खिताब की बराबरी की

तुरिन, 21 नवंबर (एपी)। नोवाक जोकोविच ने तीसरे वरीय कास्पर रूड को हराकर रविवार को यहां रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए छठी बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। सर्बिया के जोकोविच ने रूड को 7-5 6-3 से हराकर 2015 के बाद पहली बार यह टूर्नामेंट जीता और फेडरर के छह खिताब की बराबरी की। पैंतीस साल के जोकोविच पिछली दो बार जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच ने खिताब जीतने के बाद कहा, "सात साल लंबा समय होता है। साथ ही यह तथ्य कि मैंने सात साल इंतजार किया, यह इस जीत को और अधिक मधुर और बड़ा बना देता है।"

साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट को जीतने वाले जोकोविच सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें टेनिस इतिहास की सबसे बड़ी इनामी राशि भी मिली। उन्हें एटीपी फाइनल्स जीतने के लिए 47 लाख डॉलर की राशि मिली। जोकोविच ने साल का अंत 18 जीत और एक हार के साथ किया। उन्होंने तेल अवीव और अस्ताना में खिताब जीते जबकि पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने इसके अलावा विंबलडन और रोम में भी खिताब जीते।

## आईओए ने लिंग-संतुलित निर्वाचक मंडल की घोषणा की

नयी दिल्ली, 21 नवंबर (भाषा)। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, गगन नारंग और साक्षी मलिक समेत कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के 10 दिसंबर को होने वाले चुनाव में 77 मतदाताओं में शामिल होंगे। ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त और एम एम सोमाया भी मतदान करेंगे। मतदान सूची के 77 सदस्यों में से 39 महिलाएं और 38 पुरुष हैं।योगेश्वर और सोमया को नये एथलीट आयोग ने शनिवार को उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी (एसओएम) के आठ खिलाड़ियों के हिस्से के रूप में चुना। जबकि साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा नामित किया गया था। सिंधु और नारंग को एथलीट आयोग ने नामित किया था। मतदान अधिकारी उमेश सिन्हा ने सोमवार को 77 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की।

## राजस्थान की सदा राठौड सीनियर एशियन चैंपियनशिप के लिये भारतीय हैंडबॉल टीम में

जयपुर, 21 नवंबर। इंचियोन (दक्षिण कोरिया) में 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक होने वाली 19वीं सीनियर महिला एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय महिला हैंडबॉल टीम सोमवार रात को इंचियोन के लिये रवाना हो गयी। भारतीय हैंडबॉल टीम में राजस्थान की सदा राठौड का चयन हुआ हैं। जबकि टीम की कोच प्रदेश



की श्रीमती मनीषा राठौड़ को बनाया गया हैं।

भारतीय महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फैजाबाद में 31 अक्टूबर से चल रहा था। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि लेफ्ट विंग की पोजीशन पर खेलने वाली गुलाबी नगरी की सुश्री सदा राठौड विगत काफी समय से राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी प्रदर्शन कर रही थी। वहीं टीम की कोच बनाई गई श्रीमती

**■ भारतीय टीम की कोच होगी प्रदेश की मनीषा राठौड़**

मनीषा राठौड राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् में हैंडबॉल प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत है तथा इससे पहले वह भारतीय टीम की एशियन व वर्ल्डचैंपियनशिप में प्रशिक्षक रह



चुकी हैं।

**भारतीय टीम:** मनिंदर कौर (कप्तान), नीना शील, दिक्षा कुमारी, मंदीप कौर, निधि शर्मा, रिम्पी, सदा राठौड, भावना, मेनिका, शालिनी ठाकुर, तेजस्विनी सिंह, प्रियंका ठाकुर, आशा रानी, ज्योति शुक्ला, प्रियंका, सोनिका, बनिता शर्मा, राजवंत कौर। प्रशिक्षक: सचिन चौधरी, मनीषा राठौड़, कार्तिकेयन, संध्या टी.।

## ड्रैगफ्लिकर, गोलकीपरों को विशेष कोचिंग की जरूरत : तिर्के

नयी दिल्ली, 21 नवंबर (वार्ता)। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्के ने आधुनिक हॉकी की बदलती आवश्यकताओं को देखते हुए देशभर की हॉकी अकादमियों से ड्रैगफ्लिकर और गोलकीपरों को विशेष कोचिंग देने का अनुरोध किया है। हॉकी इंडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

तिर्की ने हॉकी इंडिया की सदस्य इकाइयों को भेजे गये हालिया संदेश में इन दो कौशलों में विशेषज्ञता प्राप्त युवा एथलीटों के प्रतिभा पूल तैयार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

तिर्की ने कहा, ड्रैग फ्लिकिंग तकनीक आधुनिक हॉकी के सबसे रोमांचक पहलुओं में से एक बन गयी है। एक सफल पेनल्टी कॉर्नर की खुशी जिसमें गेंद रक्षकों की दीवार के पार गोली की रफ्तार से भेजी जाती है, हमेशा खेल के सबसे रोमांचक पलों में से एक मानी जाती है।

## एसए20 में टीमें खरीद सकेंगी 'वाइल्ड कार्ड' खिलाडी

जोहान्सबर्ग, 21 नवंबर (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका की फ्रेंचाइजी टी20 लीग एसए20 ने जनवरी में शुरू होने वाले अपने पहले सत्र से पूर्व टीमों को 'वाइल्ड कार्ड' खिलाडी चुनने का अवसर दिया है। एसए20 ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि फ्रेंचाइजी 30 दिसंबर से पहले किसी ऐसे दक्षिण अफ्रीकी या विदेशी खिलाडी को खरीद सकती हैं जो लीग की नीलामी में शामिल नहीं था। इन खिलाडियों की न्यूनतम कीमत 1,75,000 रैंड (8.24 लाख रुपये) होगी। लीग कमिश्नर ग्रेम स्मिथ ने कहा, वाइल्ड कार्ड का विकल्प हमारी टीमों को अपनी स्क्वाड में एक और विश्व स्तरीय खिलाडी जोडने का अवसर प्रदान करता है। नीलामी के लिये क्रिकेट समुदाय ने हमारी लीग में काफी दिलचस्पी दिखाई है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम छह शानदार क्रिकेटरों को एसए 20 में शामिल होते हुए देखेंगे। उल्लेखनीय है कि हर टीम को अधिकतम आठ विदेशी खिलाडी रखने की अनुमति होगी। और मैच के दौरान किसी भी समय अधिकतम चार विदेशी खिलाडी मैदान पर रह सकेंगे।



*इटली के सिएना शहर के बाहर पुरातत्ववेत्ता वर्ष 2019 से प्राचीन थर्मल बाथ्स (गर्म पानी के कुण्डों) की खुदाई कर रहे हैं। लेकिन हाल ही में, कुछ समय से मिट्टी और पानी में से झांकते हुए छोटे -छोटे अज्ञात अवशेष दिखाई देने लगेः एक हाथ, एक कोहनी एक चमचमाता सिक्का आदि। इसके बाद से शोधकर्ता यहां से 24 कांस्य मूर्तियां निकाल चुके हैं। बहुत अच्छी तरह से संरक्षित ये मूर्तियां 2300 साल पुरानी हैं। इसके अलावा हजारों सिक्के व अन्य कलाकृतियां भी मिली हैं। यह खोज सिएना के एक छोटे से पहाड़ी कस्बे, सैन कैशानो डी बानी में हुई है। सिएना प्रांत थर्मल बाथ्स के लिए जाना जाता है। इतिहासकार जैकोपो टावोली ने बताया कि, ''रोमन और एट्रस्कन काल की मूर्तियों का यह सबसे बड़ा जखीरा है। पहली बार इटली में इतना बड़ा भंडार मिला है और यह इटली की और समूचे मैडिटरेनिअन की अब तक की सबसे बड़ी व महत्वपूर्ण खोज है।'' ये मूर्तियां दूसरी सदी ईसा पूर्व से पहली सदी इस्वी के बीच की हैं। टस्कन इतिहास में यह भारी उथल -पुथल का समय था। एट्रस्कन की जगह रोमन शासन का प्रादुर्भाव हो रहा था। कई शहरों में भयंकर युद्ध हुए, यह कस्बा भी उनमें से एक था। रोमन्स जीत गए तो उन्होंने एट्रस्कन संस्कृति को प्रभाव शून्य करने के लिए उनकी कलाकृतियों आदि को नष्ट करना या जमीन में गाड़ना शुरु कर दिया। खुदाई में मिली मूर्तियों में हेजीया, अपोलो व अन्य यूनानी रोमन देवताओं की मूर्तियां हैं। इनमें कुछ पर लैटिन व एट्रस्कन भाषा में अभिलेख लिखे हैं। टाबोली ने कहा कि, यह खोज इतिहास को पुनः परिभाषित करती है, क्योंकि, यहां एट्रस्कन और रोमन्स एक साथ पूजा करते थे। टाबोली को लगता है कि, इन मूर्तियों को किसी रस्म के लिए गर्म पानी में डुबोया गया होगा। शोधकर्ता यह नहीं जानते कि ऐसा क्यों किया गया, पर उनका कहना है कि गर्म पानी में डुबोने से ही ये सुरक्षित रही हैं। एक अन्य पुरातत्ववेत्ता, युनिवर्सिटी ऑफ सिएना की चिआरा फर्मो ने बताया कि, एक अलंकृत मूर्ति भी मिली है। यह महिला की मूर्ति है जिसने गले में हार व कानों में झुमके पहने हुए हैं। इससे पता लगता है कि, उस समय महिलाएं कैसी दिखती थीं और उनकी वेशभूषा क्या थी। इस क्षेत्र के थर्मल बाथ्स पांचवी सदी इस्वी तक प्रयुक्त होते थे पर उसके बाद नए ईसाई कानून के तहत सार्वजनिक स्नानागार प्रतिबंधित कर दिए गए।*

# मुख्यमंत्री कुर्सी बचाने में तो माहिर हैं लेकिन किसी का जीवन बचाने में उनकी कोई रूचि और प्रतिबद्धता नहीं-पूनिया

## राजसमंद के देवगढ़ में एक पुजारी दंपती को जिंदा जलाने की घटना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यह तीखी टिप्पणी की

■ **डॉ. पूनिया ने आगे कहा, ''राजसमंद के देवगढ़ की घटना ने एक बार फिर उद्वेलित कर दिया। राजस्थान में माफिया और बदमाशों का आतंक है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजनीतिक संरक्षण में साफ तौर पर दिखता है कि, ऐसी घटनाओं से वह आंख मूंदकर बैठे हैं।**

जयपुर, 21 नवम्बर (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आज मीडिया से बातचीत में प्रदेश की गहलोत सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, राजसमंद के देवगढ़ के हीरा गांव में पुजारी दंपती को जिंदा जलाया जाना प्रदेश में यह पहली घटना नहीं है, और सीधे-सीधे यह राजस्थान के इकबाल से जुड़ी घटना है, जो अपराध की घटनाएं यहां हुई हैं। उसमें पुजारी को जलाने की एक और घटना जुड़ गई।

पुजारी को जिंदा जलाया जाना एक बार फिर कांग्रेस सरकार के सामने सवाल खड़ा कर गया। राजस्थान में कोई भी ना सड़क पर सुरक्षित हैं, ना घर में, ना मंदिर में, ना अस्पताल में और ना स्कूल में। राजस्थान की असुरक्षा यहां तक पहुंच गई कि देवी-देवताओं को पूजने वाले पुजारी को इस क्रूर तरीके से जिंदा जला दिया जाता है।

यह सीधे-सीधे राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री पर सवाल खड़े करता है, जो इस समय भारत जोड़ने की बात करते हैं पर अपनी कुर्सी को बचाए रखने के लिए सारी बातों को ताक पर रख देते हैं, यह उसी का नतीजा है। कानून व्यवस्था पिछले 4 सालों में जिस प्रकार ध्वस्त हो रही है। उसकी परिणति इस वीभत्स रूप में हो रही है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस शासन में अपराध की घटनाएं चरम पर हैं, जहां या तो पुजारी को जिंदा जलने के लिए विवश होना पड़ता है, जैसे महंत विजय दास की घटना हुई, और जयपुर के मुरलीपुरा में जो घटना हुई, राजसमंद के देवगढ़ की इस घटना ने एक बार फिर से सभी उद्वेलित कर दिया है कि किस तरीके से राजस्थान में माफिया और बदमाशों का आतंक है, यह सब अशोक गहलोत के राजनीतिक संरक्षण में हो रहा है। साफ तौर पर दिखता है कि वे ऐसी घटनाओं से आंख मूंदकर बैठे हैं

राज्य सरकार की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रति कोई प्रतिबद्धता दिखती नहीं है, अब ऐसा लगता है कि राजस्थान अपराधियों के हाथों में है, यहां सरकार का ना कोई इकबाल है, ना कोई शासन है, ऐसे में समाज में उद्वेलन स्वाभाविक है प्रदेश में दिन दहाड़े डकैती, हत्याएं होती हैं, लूटपाट की घटनाएं होती हैं, 7 हत्याएं प्रतिदिन के आंकड़े में एक और हत्याकांड जुड़ गया। मुख्यमंत्री कुर्सी बचाने में तो माहिर हैं लेकिन किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में उनकी कोई रुचि और प्रतिबद्धता नहीं है।

## उत्तर भारत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समाप्त होने के बाद, ए.आई.सी.सी. का अधिवेशन बुलाया जाये, जिससे कि नई कांग्रेस वर्किंग कमेटी का चुनाव हो सके। उन्होंने प्रत्येक राज्य तथा पार्टी के विभिन्न विभागों एवं अग्रिम संगठनों के काम-काज की विस्तृत रिपोर्ट माँगी हैं। उन्होंने राज्य कांग्रेस कमेटियों प्रत्येक गतिविधियों के दैनिक दस्तावेजीकरण के भी आदेश दिये हैं। खड़गे मई में की उदयपुर घोषणा के ब्लूप्रिन्ट के आधार पर पार्टी का कायाकल्प करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके मस्तिष्क में तीन प्रमुख बिन्दु हैं-संगठन, प्रचार-प्रसार एवं संवाद तथा संसाधन। वे चुनाव प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण के लिये आधा दर्जन नये विभाग स्थापित करने की योजना पर काम कर रहे हैं। उनकी योजना एक पब्लिक इनसाइट डिपार्टमेंट स्थापित करने की भी है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पूरे संगठन में 50 प्रतिशत पदाधिकारियों की उम्र 50 वर्ष से कम हो।

## 'मेरा फोकस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके साथ ही, अजय माकन का मुद्दा भी अभी अनिर्णीत है। उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं हुआ है। लेकिन मूल एवं विवादित प्रश्न यह है कि इस निर्णय में कितना विलम्ब और होगा क्योंकि यात्रा तो राजस्थान पहुँचने को ही है।

राजस्थान के प्रभारी महासचिव से ऐसी आपेक्षा है कि वे राजस्थान में राहुल गांधी को एक नई जीवन्तता देने में मुख्य भूमिका निभायेंगे लेकिन चूँकि माकन प्रभारी महासचिव के काम-काम को अंजाम नहीं दे रहे हैं, इसलिये पार्टी को इस बारे में स्पष्ट विचार बनाना चाहिये। कुल मिलाकर, विलम्ब से शीघ्रता भली।

## रेप व हत्या के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तीन दोषियों की रिहाई को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दे। इन तीनों अपराधियों को फाँसी की सजा दी गई थी। सक्सेना ने इस केस के लिये सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को वकील के रूप में लिये जाने का भी अनुमोदन कर दिया है।

सम्बन्धित अधिकारी ने कहा, ''सर्वोच्च न्यायालय के तीन आरोपियों की रिहाई के निर्णय के खिलाफ, सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की स्वीकृति उप राज्यपाल ने दे दी है।''

इन तीनों आरोपियों को 9 फरवरी, 2012 को दिल्ली के द्वारका क्षेत्र के छावला स्थान पर 19 वर्षीय युवती के वीभत्स गैंगरेप तथा हत्या के अपराध के लिये ट्रायल कोर्ट ने फाँसी की सजा का फैसला दिया था तथा दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसे यथावत रखा था।

उन्होंने इस सजा के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी तथा सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 7 नवम्बर के फैसले में ट्रायल कोर्ट तथा उच्च न्यायालय के आदेशों की रद्द कर दिया था।

# भाजपा सांसद आर. के. पटेल समेत 19 को सजा

■ **चित्रकूट जिला अदालत ने बांदा चित्रकूट के सांसद आर. के. पटेल और दस्यु सम्राट ददुआ के बेटे, पूर्व विधायक वीरसिंह समेत 16 लोगों को एक-एक वर्ष की सजा सुनाई।**

चित्रकूट, 22 नवंबर। उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले की एक अदालत ने 13 साल पुराने एक मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद आर. के. पटेल समेत 16 लोगों को एक साल की तथा तीन को एक महीने की सजा सुनायी है। इसके अलावा एक अभियुक्त की मृत्यु हो चुकी है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सरकार के कार्यकाल में समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव और ट्रेन रोकने के मामले में 20 लोगों पर दोष सिद्ध करते हुए बांदा चित्रकूट के सांसद आर. के. पटेल और दस्यु सम्राट ददुआ के बेटे, पूर्व विधायक वीरसिंह समेत 16 लोगों को एक-एक वर्ष की सजा सुनाई। बीस में से एक अभियुक्त, राज बहादुर यादव की मौत हो चुकी है, जबकि महेंद्र गुलाटी, गुलाब और राजेंद्र शुक्ला को एक-एक माह की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन पक्ष के वकील ने बताया कि, सन् 2009 में 16 सितम्बर को सपाइयों ने बसपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया था। पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इनमें से एक आरोपी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष की मौत हो चुकी है। मौजूदा भाजपा सांसद आर. के. पटेल और मौजूदा भाजपा नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता समेत छह आरोपी पूर्व में समाजवादी पार्टी (सपा) में थे।

# क्या राहुल के गुजरात अभियान का भारी असर होगा कांग्रेस की संभावनाओं पर?

## राहुल भारत जोड़ो यात्रा को बीच में छोड़कर गुजरात गए, चुनाव प्रचार के लिए, जबकि हिमाचल में उन्होंने कदम भी नहीं रखा

■ **कहा जा रहा है कि, उनकी सभाओं से सौराष्ट्र और दक्षिणी गुजरात में पार्टी की संभावनाएं और बेहतर होंगी। यह आदिवासी बैल्ट है, जिसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता है।**

■ **वर्ष 2017 में भी राहुल ने गुजरात में भारी चुनाव प्रचार किया था और 182 सदस्यों वाली विधानसभा में 77 सीटें जीती थीं और हालांकि, भाजपा को बहुमत मिला था पर पार्टी 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई थी।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 नवम्बर। गत 7 सितम्बर से शुरु की गई भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी ने गुजरात में विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पूर्व सूरत और राजकोट में एक-एक रैली को संबोधित किया।

राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश के चुनाव प्रचार से दूर रहे किन्तु सौराष्ट्र में पार्टी के गढ़ से अधिकतम लाभ उठाने को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री के गृह राज्य में चुनाव प्रचार करने का निर्णय लिया। उनके दौरे से दक्षिण गुजरात में भी पार्टी की संभावनाएं मजबूत होने की उम्मीद है। गांधी ने वर्ष 2017 के गुजरात विधानसभा चुनावों में जोर-शोर से प्रचार किया था। तब कांग्रेस ने उम्मीद से अधिक प्रदर्शन कर विधानसभा की कुल 182 सीटों में से 77 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा द्वारा जीती गईं सीटों की संख्या पिछले दो दशकों में पहली बार तिहाई के आंकड़े से कम रही थी और वह 99 सीटें ही जीत सकी थी।

हार्दिक पटेल सहित युवा नेताओं के पार्टी से बाहर जाने और अरविन्द केजरीवाल की आप के गुजरात के चुनाव में उतरने से कांग्रेस को इस वर्ष के चुनाव में सत्ता के मजबूत दावेदार के रूप में नहीं देखा जा रहा, लेकिन पर्यवेक्षक कहते हैं कि राहुल गांधी की अंतिम क्षणों में की गई बातचीत लोगों के दिमाग पर वोट डालने से पूर्व गहरा प्रभाव डाल सकती है।

सौराष्ट्र पारम्परिक रूप से कांग्रेस का गढ़ रहा है। वर्ष 2012 से यहां की 48 सीटों में से कांग्रेस ने 28 सीटें जीतीं थी। भाजपा मात्र 19 ही जीत सकी थी। दक्षिण गुजरात की 35 सीटों में से 2017 में कांग्रेस 10 और भाजपा ने 25 सीटें जीती थी। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, राहुल गांधी की रैली इन दोनों क्षेत्रों को प्रभावित करेगी। डागं और वल्साड़ जैसे क्षेत्रों में आदिवासी आबादी भारी मात्रा में है और कांग्रेस का आरोप है कि राज्य सरकार आदिवासियों की उपेक्षा कर रही है। समझा जाता है कि रैली में राहुल आदिवासियों के उत्थान के लिए कांग्रेस की योजनाएं घोषित करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य स्टार प्रचारक भी गुजरात जा रहे है और मध्य प्रदेश से 23 नवम्बर को गांधी यात्रा से पुनः जुड़ेंगे।

गुजरात में दूसरे चरण का मतदान 5 दिसम्बर को होगा और गुजरात व हिमाचल के लिए वोटों की गिनती 8 दिसम्बर को होगी।

## '80 लाख ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन में पता चला है कि 110 सीटों के लिए पैसा लिया गया है। बिंदु श्रीराम जिन्होंने यह स्टिंग ऑपरेशन किया है पूर्व में कांग्रेस में थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने केजरीवाल की इस सलाह पर अमल किया सभी लोग भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करें। और इसलिए जब उससे टिकट के एवज में इतनी भारी राशि मांगी गई तो उसने स्टिंग ऑपरेशन किया।

वीडियों में रोहिणी विधानसभा सीट पर आप के समन्वयक पुनीत गोयल को भी दिखाया गया जो किसी आर.आर. पठानिया के करीबी है और मंत्री गोपाल राय के. एन.जी ओ. ''देश की बात के प्रभारी है। तीसरा व्यक्ति था दिनेश श्रॉफ, जो आप सांसद सुशील गुप्ता और विधानसभा स्पीकर राम निवास का करीबी है। चौथा व्यक्ति खुद पठानिया है जो आप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य है तथा दिल्ली राज्य की एस.सी.एसटी. इकाई के प्रभारी भी है।

वीडियों में बिंदु को पुनीत गोयल, श्रॉफ और पठानिया से बात करते दिखाया गया है।

## रूस अब ''एनर्जी टैररिज़्म''...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रूस एनर्जी की सभी सप्लायी चेन्स तबाह करने की कोशिश में है। इसमें विशेष रूप से ऊर्जा उत्पादन के थर्मल पावर प्लांट्स, ऊर्जा वितरण प्रणालियों और पावर लाइन्स हैं।

यूक्रेन सरकार तबाह हुए इस एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर की जितना जल्दी हो सके उतना रिपेयर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन देश के निवासी और व्यापारिक संस्थान गैस से चलने वाले जनरेटरों और जलाने के काम आने वाली लकड़ियों के लिए हाय-तौबा कर रहे हैं।

गैर लाभकारी युद्ध सहायता संस्थान, संयुक्त राष्ट्र और पश्चिमी सहयोगी देशों ने यूक्रेन को भेजे जाने वाले शिपमैन्ट्स में सर्दियों के कपड़े, मोटे कम्बल और गर्मी देने वाले उपकरणों को शामिल करना शुरू कर दिया है।

इन्टरनैशनल रेस्क्यू कमेटी की यूक्रेन की निदेशक मीरिसिक्षा ज़ैपास्निक कहती हैं कि ''यदि दीर्घ अवधि के लिए बिजली कटौती हो जाए तो हमारे पास ऐसे साधन नहीं है जो हम जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करा सकें। मानवीय स्थिति वर्तमान की तुलना में भी और भयावह हो जाएगी।''

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री कहते हैं कि रूस के हमलों से अक्टूबर माह के अंत तक देश का करीब 40 प्रतिशत थर्मल उत्पादन नष्ट हो चुका है और 90 प्रतिशत पवन ऊर्जा तथा 40 प्रतिशत से अधिक सौर ऊर्जा स्त्रोतों पर या तो कब्जे कर लिए गए है अथवा उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

यूक्रेन के सबसे बड़े निजी ऊर्जा उत्पादक डी.टी.ई. के का कहना है कि रूस के हाल ही हुए हमलों में ऊर्जा की वितरण प्रणालियों को निशाना बनाया गया।

डी.टी.ई. के एक बयान में कहता है कि ''इन कार्रवाईयों को ऊर्जा आंतकवाद और यूरोप के बिलकुल मध्य में एक मानवीय त्रासदी उत्पन्न करने के नृशंस प्रयास के अलावा कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

कीव स्थित एनर्जी रिसर्च सैन्टर के निदेशक ऑलैक्ज़ैडंर खारचेंकों कहते हैं कि ऊर्जा सब स्टेशन्स और ट्रांसफॉर्मर्स पर हो रहे हमले ऊर्जा को स्थानांतरित करने और यूरोप से ऊर्जा आयात करने की यूक्रेन की क्षमता को सीमित करते हैं। अब भी कई ऐसे महत्वपूर्ण ठिकाने हैं जिन्हें लम्बी दूरी के हमलों से बचाने की आवश्यकता है।

खारचेंकों कहते हैं कि ''मेरा मानना है कि यूक्रेन के पास बिजली उत्पादन की पर्याप्त क्षमता है, युद्ध की शुरूआत से ही उत्पादन सुविधाओ को ढंग से सुरक्षित रखा गया है, लेकिन सबस्टेशन्स की संख्या काफी है। स्पेशल एयर डिफैंस सिस्टम के जरिए इन सभी को कवर करना संभव नहीं है।

इस भयावह स्थिति में उम्मीद है कि यूक्रेन के लाखों लोग अपने घरों को गर्म रखने के लिए जलाने की लकड़ियों का उपयोग करेंगे। यूक्रेन में लकड़ी जलाने वाले स्टोब्ज़ और बॉयलर्स की भारी मांग रहती आयी है।

अब इन्हें खरीदना इतना भारी पड़ रहा है कि टैरिटोरियल डिफैंस यूनिट्स ने सैनिकों के लिए मेंटल की शीट्स को वैल्ड करके स्टोव बनाने शुरू कर दिए हैं क्योंकि इन सैनिकों को ही युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर सर्दियां बितानी हैं।

कुछ आधारभूत मुद्दों पर भी पार पानी है। नागरिकों को लकड़ियां खरीदने के लिए समर्थ बनाने की भी जरूरत है क्योंकि खाद्य पदार्थो और दवाईयों जैसी दैनिक वस्तुओं की कीमत बढ़ने के साथ ही लकड़ियों के भी भाव बढ़ गए हैं। जलाने वाली लकड़ियों को डिलीवर करना भी चिन्ता पैदा कर रहा है क्योंकि युद्ध से त्रस्त दूरस्थ स्थानों में इन्हें कैसे ट्रांसपोर्ट किया जाएगा।

## क्या तमिल ''कल्चर'' चाबी है भाजपा का दक्षिण ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि वह तमिल भाषा संस्कृति एवं विरासत को महत्व दे रही है तो क्षेत्रीय दलों के लिये भाजपा को रोक पाना बहुत मुश्किल हो जायेगा। दरअसल द्रविड पार्टियाँ अब तक यह दावा करती आ रही थीं कि वे तमिल भाषा, संस्कृति एवं विरासत को बाहरी प्रभावों से बचाये हुये हैं।

आई.आई.टी. मद्रास तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस समारोह में तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों के 2500 स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को लाने की व्यवस्था की जा रही है। उद्घाटन समारोह में विख्यात संगीतकार इल्लैराजा ने रुद्रम के श्लोकों से शिव-वन्दना प्रस्तुत की, जिसे तमिल समाचार चैनलों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण के साथ, लाइव टेलीकास्ट किया गया। राजनैतिक विश्लेषक एस. राजागोपालन, जिन्हें दक्षिण भारत की गहरी समझ है, का कहना है, ''मूल बात यह है कि ''काशी-तमिल संगमम'' भाजपा की ''लुक साउथ'' नीति का शुभारम्भ है।'' उन्होंने कहा कि सच बात यह है कि अलग-अलग राज्य के लिये भाजपा की अलग-अलग रणनीति रहती है। उत्तर प्रदेश के लिये बुलडोज़र की राजनीति, महाराष्ट्र, दिल्ली तथा पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय का उपयोग। उन्होंने आगे कहा कि ''झारखंड तथा तेलंगाना में, भाजपा के. चन्द्रशेखर राव पर हमले शुरु कर दिये हैं।''

राजागोपालन ने कहा कि तमिलनाडु जो भाजपा के ''साउथ प्लान'' का सबसे प्रमुख राज्य है, में अपनी पैठ बनाने के लिये वह तमिल संस्कृति पर भरोसा कर रही है तथा इस राज्य ने भाजपा को फायदा पहुँचाना शुरु कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं, इस साल मई से लेकर अब तक, तमिलनाडु के चार दौरे कर चुके हैं तथा अधिकांश केन्द्रीय मंत्री समय-समय पर तमिलनाडु के दौरे पर जाते रहेंगे। तमिलनाडु ही क्या, पूरे दक्षिण भारत में, भाजपा ने बड़े नेताओं के दौरों की झड़ी लगा दी है तथा लगाती रहेगी तथा उसका एकमात्र उद्देश्य है- छः दक्षिण भारतीय राज्यों की 130 लोकसभा सीटों में से अधिकतम सीटें जीतना।

तमिलनाडु में विपक्ष कमजोर है, इसलिये भाजपा को इस राज्य पर कब्जा जमाने का अवसर मिल गया है क्योंकि विपक्षी पार्टी ए.आई.ए.डी.एम. के अपने ही आंतरिक मसलों में उलझी हुई है। इसलिये भाजपा के प्रसार से ही डी.एम.के. भी चिन्तित होने लगी है। ये सब कारण मिलकर राज्य की ''रिवॉल्विंग डोर पॉलिटिक्स'', जिसमें डी.एम.के. तथा ए.आई.ए.डी.एम.के. बारी-बारी से सत्ता में आया करती थी, में अब अनिश्चितता की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

## 'महिला सम्मन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कानून एवं गृह मामलों के मंत्रालयों को नोटिस जारी कर इस पर जवाब मांगा।

सैक्शन 64 कहता है कि अगर किसी कारणवश संबंधित व्यक्ति सम्मन ना ले सके तो सम्मन की प्रति उस व्यक्ति के परिवार के साथ रह रहे किसी पुरुष सदस्य को दी जाए और आवश्यक समझे तो सम्मन देने वाला अधिकारी सम्मन की एक अन्य प्रति पर उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर भी करवा सकता है।

याचिका कहती है कि जिस व्यक्ति को सम्मन दिया गया है अगर उसके परिवार में सिर्फ महिला ही है, या सम्मन दिए जाने के समय सिर्फ महिला घर पर हो तो क्या किया जाए यह बात उक्त नियम में स्पष्ट नहीं है।

याचिका कहती है कि, 78 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं घर पर रहती है। ऐसे में सम्मन दिए जाते वक्त घर पर महिला सदस्य के होने की संभावना ज्यादा होती है यह याचिका वकीला कुश कालरा ने दायर की है।

याचिका में भाग 64 को रद्द करने के लिए आदेश देने की मांग की गई है।

# आय के साधनों के खिलाफ आत्मघाती नीति क्यों अपना रही है रोडवेज?

## टैन्डर को पूरा नहीं कर सकने वाली कम्पनी की नियम अनुसार ''बैंक गारंटी'' जब्त करने के लिए भी तर्क नहीं प्रस्तुत कर पाई रोडवेज

■ **नियमों तथा अनुबंधनों की शर्तों के अनुसार रोडवेज टेन्डर में भाग लेने के लिए दी गई ''बैंक गारंटी'' टेन्डर का कार्य पूरा नहीं किये जाने की स्थिति में 31 दिसम्बर 2022 तक जब्त कर सकती है।**

जयपुर, 21 नवम्बर (का.सं.)। राजस्थान रोडवेज द्वारा 48 ए.सी. इलेक्ट्रिक बसों का टेंडर निरस्त किये जाने के बावजूद राजस्थान रोडवेज ने इस कंपनी ग्रीन सेल मोबेलिटी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा टेंडर में भाग लेने के लिये जमा की गई बैंक गारंटी, जो 2.82 करोड़ है, को जब्त नहीं कर पाई। गौरतलब है कि कम्पनी टेंडर का कार्य पूरा नहीं कर पाई थी। इसलिए उसका टेंडर निरस्त किया गया था।

इस प्रकरण में ऐसा प्रतीत होता है कि रोडवेज के अधिकारियों की ढिलाई और मिली भगत ही रोडवेज के लिये भारी पड़ी और रोडवेज की हक की राशि उसको नहीं मिल पाई।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में रोडवेज के साथ अनुबंधन के अनुसार इस टेंडर को निरस्त करने के बाद रोडवेज 31 दिसम्बर 2022 तक कभी भी ग्रीन सेल मोबेलिटी प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से दी गई बैंक गारंटी को जब्त कर सकती है।

परंतु जैसे ही रोडवेज के अधिकारियों ने अक्टूबर, 2022 में इस बैंक गारंटी को जब्त करने के लिये संबंधित बैंक को पत्र लिखा, तब कई कारणोंवश बैंक तुरंत इस बैंक गारंटी की राशि को रोडवेज के पक्ष में जारी नही कर सका। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि जैसे ही रोडवेज ने बैंक को 2.82 करोड़ रुपये की राशि जारी करने के लिये पत्र लिखा, वैसे ही ग्रीन सेल मोबेलिटी ने जयपुर के कॉमर्शियल कोर्ट में आवेदन दायर किया और 1 नवम्बर 2022 को ही अदालती आदेशों की मदद से बैंक गारंटी जब्त करने पर रोक लगवा दी।

इस मामले में ग्रीन सेल की ओर से जहां वरिष्ठ और जाने-माने अधिवक्ताओं को पैरवी के लिये नियुक्त किया गया था, वहीं रोडवेज की ओर से पेश हुए अफसर बैंक गारंटी भुनाने के पक्ष में कोई तर्क प्रस्तुत नहीं कर पाये जबकि दस्तावेजों से यह स्पष्ट होता है कि रोडवेज ही इस बैंक गारंटी राशि की असली हकदार है।

जैसा कि विदित है कि रोडवेज ने 48 ए.सी. इलेक्ट्रिक बसों का टेंडर जारी करने के बाद ग्रीन सेल मोबेलिटी से दिसम्बर 2019 में अनुबंधन किया था। परंतु कंपनी द्वारा इस अनुबंधन की शर्तों को पूरा नहीं कर पाने की वजह से रोडवेज ने इस टेंडर को निरस्त कर दिया था।

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार ग्रीनसेल इस प्रोजेक्ट के संबंध में अन्य पार्टियों के साथ आधारभूत ढ़ाचा बनाने के लिये किये गये अनुबंधन की कॉपी नहीं प्रदान कर पाई और साथ ही एस्क्रो बैंक अकाउंट भी नहीं बना पाई।

इस मामले को जानने वाले सूत्रों ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी बसों को चलाने के लिये दिल्ली-जयपुर हाइवे पर कई अलग-अगल जगह बसों को चार्ज करने के लिये फैसिलिटी (सुविधा) का निर्माण पूरा नहीं किया गया था। जिस वजह से यह बसें कभी भी काम नहीं कर पातीं।

अब इस मामले में कॉमर्शियल कोर्ट के समक्ष 22 नवम्बर को अगली बहस होगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908